CMYK

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, गुरुवार 25 दिसम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 205 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





उप्र में कनेक्शन के नाम पर वसूली रकम विद्युत नियामक आयोग के आदेशों के विपरीत पेज 2



36 गेंदों में शतक जड़ वैभव सूर्यवंशी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड खेल टाइम्स



हिजाब विवादः क्रिया से खतरनाक प्रतिक्रिया सम्पादकीय



अमेरिका ने भारत सरकार को आगाह किया, कहाः चीन दोहरी चाल चल रहा पेज 12

# उत्तराखंड में पाला गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ गुलमर्ग का तापमान -2.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में बर्फबारी के चलते मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पचमढ़ी और कल्याणपुर में मंगलवार रात का पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है।

उत्तराखंड में पाला गिरने की खबर है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में सुबह कोहरा छाया रहा। उधर राजस्थान में भी शीतलहर चल रही है। उत्तरी हवाओं के प्रभाव से राज्य में अगले कुछ दिन में पारा और गिरने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं के एरिया में घना कोहरा रहा। कश्मीर के कई इलाकों में मंगलवार को ताजा बर्फबारी और बारिश हुई। घाटी के ज्यादातर हिस्सों में मिनिमम टेम्परेचर फ्रीजिंग प्वॉइंट से ऊपर रहा। गुलमर्ग में मिनिमम टेम्परेचर -2.2डिग्री सेल्सियस रहा। कुपवाड़ा में 2.4 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में 3.2 डिग्री सेल्सियस, कोकरनाग में 2.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# आकाश नेक्स्ट जेनरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम का टेस्ट सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में सफल ट्रायल किया। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

डीआरडीओ के मुताबिक, ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ कई हमले यानी 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है। अधिकारियों के मुताबिक, आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम एक आधुनिक और ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम है। इसे डीआरडीओ ने विकसित किया है और इसका निर्माण बीडीएल ने किया है। यह सिस्टम एकसाथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। इसे भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना में शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके शामिल होने से देश की हवाई सुरक्षा और मजबूत होगी और भारत की स्वदेशी एयर डिफेंस क्षमता को बड़ी मजबूती मिलेगी। आकाश-एनजी की मारक क्षमता करीब 30 किमी तक है और यह 18 किलोमीटर की ऊंचाई तक दुश्मन के हवाई खतरों को रोक सकता है। इससे पहले भारतीय सेना ने 17 जुलाई को लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित एयर डिफेंस सिस्टम आकाश प्राइम का सफल परीक्षण किया था।



80 किमी तक के टारगेट को तबाह कर सकता है, एकसाथ 10+ हमले रोकने में सक्षम

ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से किया नष्ट

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से कटकर दंपती और दो बच्चों समेत पांच की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम ट्रेन से कटकर पांच लोगों की मौत हो गई। ये लोग रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी ट्रेन की चपेट में आ गए। दर्दनाक हादसा देख वहां मौजूद लोगों का कलेजा कांप गया। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में बुधवार शाम दर्दनाक हादसा हुआ। रोजा रेलवे स्टेशन के पास मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को पार करते समय बाइक सवार लोग गरीब रथ एक्सप्रेस से टकरा गए। हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। दर्दनाक हादसा देख वहां मौजूद लोगों का कलेजा कांप गया। मृतकों के शव रेलवे ट्रैक पर इधर-उधर जा गिरे। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय हरिओम निवासी ग्राम बनके गांव थाना उचौलिया जिला लखीमपुर खीरी, उनके साढ़ू सेठ पाल निवासी गांव विकन्ना निगोही (शाहजहांपुर), सेठ पाल की 35 वर्षीय पत्नी पूजा व दो बच्चों के रूप में हुई। बताया गया कि ये सभी लोग शाहजहांपुर की बुध बाजार गए थे। खरीदारी कर लखीमपुर जा रहे थे।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने 313 GTA शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने के फैसले पर लगाई रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बुधवार को गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) के तहत नियुक्त 313 शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने पर अंतरिम रोक लगा दी। इस फैसले से पहाड़ी क्षेत्रों में प्रभावित शिक्षकों को अस्थायी राहत मिली है। यह अंतरिम आदेश 17 दिसम्बर के एक एकल पीठ के फैसले को चुनौती देने के बाद आया है, जिसमें इन 313 शिक्षकों की सेवाओं की समाप्ति का निर्देश दिया गया था और उनकी भर्ती प्रक्रिया को अवैध करार दिया गया था।

### ग्रुप कैप्टन शुक्ला की विमान की कॉकपिट में वापसी

**नई दिल्ली।** भारत की अंतरिक्ष यात्रा में अमिट छाप छोड़ने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक बार फिर वायुसेना के विमान में उड़ान भरते हुए आसमान में दमदार वापसी की है। आईएसएस के लिए ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन पूरा करने के कुछ महीने बाद ही उन्होंने वायुसेना में अपनी जिम्मेदारी फिर से संभाल ली है।

## इसरो ने 6100 किग्रा का अमेरिकी सैटेलाइट किया लॉन्च

# भारत से भेजा गया सबसे भारी उपग्रह

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित करते हुए, भारत के भारी-भरकम रॉकेट एलवीएम3-एम6 (जिसे 'बाहुबली' उपनाम दिया गया है) ने अमेरिका स्थित एएसटी स्पेस मोबाइल के 6100 किग्रा. वजनी ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उन्नत संचार उपग्रह को बुधवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सफलतापूर्वक पृथ्वी की निम्नतम कक्षा (एलईओ) में स्थापित कर दिया।

इससे पहले, नवम्बर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया था। यहां शॉर रेंज से दूसरे प्रक्षेपणपथ से 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद, एक विशेष वाणिज्यिक मिशन में, स्वदेशी रॉकेट ने निर्धारित समय पर सुबह 8:54 बजे शानदार उड़ान भरी। यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 ने डीएलवी-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। इसके जरिये धरती पर कहीं से भी 4-जी और 5-जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। सैकड़ों दर्शकों ने प्रक्षेपण गैलरी से इस मिशन को देखा। निसार उपग्रह के बाद अमेरिका द्वारा किया गया दूसरा मिशन यह उपग्रह, 16 मिनट की उड़ान अवधि के बाद सफलतापूर्वक और सटीक रूप से 520 किमी -शेष पृष्ठ दो पर





धरती पर कहीं से भी 4-जी और 5-जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग व डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी

अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित हुआ, रॉकेट ने 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद सफल उड़ान भरी

## भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में गौरवशाली उपलब्धिः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 रॉकेट के सफल प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में एक गौरवशाली उपलब्धि बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया में जारी एक संदेश में कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की एक और महत्वपूर्ण प्रगति। एलवीएम3-एम6 का सफल प्रक्षेपण, जिसके माध्यम से भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह अमेरिका का ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया है,



भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गौरवशाली उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन भारत की भारी वजन ले जाने वाले रॉकेटों की क्षमता को दर्शाता है और अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में हमारी बढ़ती साख का प्रतीक है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में हमारे प्रयासों का भी प्रतिबिंब है।

# साफ हवा नहीं, तो एयर प्यूरीफायर पर टैक्स क्यों लगाया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ केंद्र सरकार से दिल्ली हाईकोर्ट का सवाल
■ गडकरी ने माना- 40 फीसदी प्रदूषण ट्रांसपोर्ट सेक्टर से फैल रहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और अधिकारियों से पूछा कि जब राजधानी में हवा की स्थिति इमरजेंसी जैसी बनी हुई है, तो एयर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है।

कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को साफ हवा उपलब्ध नहीं करा पा रही, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर टैक्स ही कम कर दें। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गडेला की डिवीजन बेंच ने कहा कि हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार है। ऐसे हालात में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम मानकर 18 फीसदी जीएसटी लगाना ठीक नहीं है। कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि एयर प्यूरीफायर को मेडिकल डिवाइस की श्रेणी में रखा जाए और इन पर जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जाए। अपील में कहा गया कि खराब एआईक्यू के समय में एयर प्यूरीफायर अब लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। कोर्ट ने केंद्र के वकील से दोपहर 2:30 बजे के बाद इस पर जवाब लेकर आने को कहा। वहीं, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में दो से तीन दिन रहने पर मुझे इन्फेक्शन हो जाता है। प्रदूषण का 40 फीसदी हिस्सा ट्रांसपोर्ट सेक्टर ही फैला रहा है, जिसका मैं मंत्री हूं। जब सरकार खुद साफ हवा देने में नाकाम है, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाना या टैक्स में छूट देना सबसे बुनियादी कदम हो सकता है।

# उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार दुखदः राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने और पीड़िता का विरोध करने पर उसके साथ हुए व्यवहार पर हैरानी जताई और कहा कि न्याय देने की बजाय उसके साथ अन्याय किया जा रहा है।



श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सवाल किया कि आखिर न्याय के लिए आवाज उठा रही दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्याय क्यों हो रहा है। उनका कहना था कि लोकतंत्र में सबको विरोध करने का हक है और यदि पुलिस विरोध करने वाले के साथ इस तरह का व्यवहार करती है, तो यह अन्याय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है। क्या उसकी 'गलती' ये है कि वो न्याय के लिए अपनी आवाज़ उठाने की हिम्मत कर रही है। उसके अपराधी (पूर्व भाजपा विधायक) को ज़मानत मिलना बेहद निराशाजनक और शर्मनाक है, खासकर तब, जब पीड़िता को बार-बार प्रताड़ित -शेष पृष्ठ दो पर


# 20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में हुआ गठबंधन

मुंबई, वार्ता

■ कहाः हमारी सोच एक, बंटेंगे, तो बिखरेंगे
■ 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को होगा मतदान, 16 को रिजल्ट

**उद्धव और राज** ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया।

20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है। इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे, तो बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता शिवाजी पार्क स्थित बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा। राज ठाकरे ने कहा कि मुंबई का मेयर मराठी होगा। मैंने एक बार कहा था कि हमारी आपसी किसी भी विवाद या लड़ाई से महाराष्ट्र बड़ा है।



# इसरो के लिए 2026 व्यस्त वर्ष होगाः डा. वी. नारायणन

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।

■ गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन अगले वर्ष निर्धारित

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी वर्ष 2026 में काफी व्यस्त रहने वाली है और अगले साल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के कई कार्यक्रम तय हैं।

इसरो के विभागीय सचिव (अंतरिक्ष) और अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की किसी कंपनी द्वारा जल्द ही एक प्रक्षेपण होने की उम्मीद है, जो देश के व्यावसायिक अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। अमेरिकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड 6 को भारतीय रॉकेट एलवीएम3 द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने के बाद मिशन कंट्रोल सेंटर में बोलते हुए श्री नारायणन ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अब तक कुल 434 विदेशी उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया है। साल 2025 को उपलब्धियों और कामयाबी का साल बताते हुए श्री नारायणन ने कहा कि 2026 और भी ज्यादा रोमांचक होगा। उन्होंने कहा कि गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन अगले वर्ष निर्धारित है और इसके लिए कार्य चल रहा है। इसरो का पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) रॉकेट भी एक अंतरिक्ष मिशन करेगा। स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) परिचालन चरण में प्रवेश करेगा। भारत के नेविगेशन उपग्रह पक्ष पर श्री नारायणन ने कहा कि सरकार ने आवश्यक मंजूरियां दे दी हैं और उपग्रहों का प्रक्षेपण किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वर्ष 2025 में कुछ व्यावसायिक प्रक्षेपण मिशन भी होंगे। इनके अलावा, सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी को शुक्र मिशन, चंद्रयान-4 और 5 तथा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि एक पीएसएलवी रॉकेट एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह प्रक्षेपित करेगा, जिसमें 34 नई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया जाएगा। श्री नारायणन ने यह भी कहा कि एचएएल-एलएंडटी द्वारा निर्मित पीएसएलवी रॉकेट का संयोजन चल रहा है और यह इस वित्तीय वर्ष में उड़ान भरेगा।




# दिल्ली मेट्रो की तीन नई लाइनों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 1214 करोड़ आएगी लागत, 13 नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे

**नई दिल्ली।** सरकार ने राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को कम करने, इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल एक और सरकारी कार्यालयों के परिसर 'कर्तव्य भवन' को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने के लिए 1214 करोड़ रुपये की लागत से तीन मेट्रो गलियारों के निर्माण को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजधानी दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार करते हुए चरण पांच (ए) के अंतर्गत तीन नए गलियारों को मंजूरी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसीओ की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सेना की एक इकाई के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मृत्यु हो गई है। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि सांबा में तैनात सेना की एक इकाई के जेसीओ को जम्मू में ड्यूटी के दौरान गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए थे। दुर्भाग्यवश कर्तव्य पालन के दौरान लगी इन चोटों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान चरण में इस घटना में किसी भी प्रकार के आतंकी पहलू की संभावना को खारिज कर दिया गया है।

### बारामूला में गुब्बारों से बंधा पाकिस्तानी झंडा बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सेना ने ऐसे लगभग दस गुब्बारे पकड़े हैं, जिन पर पाकिस्तान का झंडा बंधा हुआ था। अधिकारियों के अनुसार मंगलवार शाम बारामूला के खदिनायार क्षेत्र में एक पहाड़ी पर ये गुब्बारे पाए गए। इन्हें नियमित गश्त के दौरान सेना के जवानों ने देखा। सेना ने तत्काल गुब्बारों और झंडे को अपने कब्जे में लेकर जांच को भेज दिया है।

### सीआरपीएफ शिविर में तेंदुआ घुसा, एक जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काप्रान इलाके में बुधवार सुबह एक तेंदुआ अचानक सीआरपीएफ के शिविर में घुस गया और नाश्ता कर रहे जवानों पर हमला कर दिया, जिससे एक जवान घायल हो गया। सीआरपीएफ सूत्रों के अनुसार जवान शिविर के मेस में नाश्ते के लिए इकट्ठा हुए थे, तभी एक तेंदुआ शिविर में घुस आया और जवानों पर हमला कर दिया।

# ब्राह्मण विधायकों की बैठक से गरमाई सियासत

## लखनऊ में बाटी-चोखा रात्रिभोज बैठक में किया गया मंथन

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर जातीय समीकरणों को लेकर चर्चा में है और इसकी वजह भारतीय जनता पार्टी के ब्राह्मण विधायक और विधान परिषद सदस्य मंगलवार को लखनऊ में एक अनौपचारिक बाटी-चोखा रात्रिभोज बैठक है।

इस बैठक में काफी संख्या में ब्राह्मण समुदाय के विधायक शामिल हुए, जिसके वजह से प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। यह बैठक कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन पाठक के सरक.ारी आवास, बाऊखण्डी मंत्री आवास में आयोजित की गई। इसमें विधायक रत्नाकर मिश्र, प्रकाश द्विवेदी, प्रेम नारायण पांडेय, शलभ मणि त्रिपाठी, अंकुर राज तिवारी, विनय द्विवेदी, ऋषि तिवारी, विवेकानंद पांडेय, कैलाशनाथ शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण विधायक और एमएलसी मौजूद रहे। एमएलसी साकेत मिश्र, जो सेवानिवृत्त नौकरशाह नृपेंद्र मिश्र के पुत्र हैं, वह भी बैठक में शामिल हुए। राजनीतिक रूप से यह बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि कुछ ही दिन पहले भाजपा ने महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पंकज चौधरी कुर्मी समाज से आते हैं। ऐसे में इस बैठक को पार्टी के भीतर ब्राह्मण नेतृत्व की सक्रियता और संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### अरावली मुद्दे पर गुमराह रहे हैं भूपेंद्र यादव: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव अरावली मुद्दे पर सच को छिप रहे हैं और देश को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- अब यह बिल्कुल साफ़ हो गया है कि अरावली मुद्दे पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सच को पूरी तरह नहीं बता रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरावली की परिभाषा में जो बदलाव मोदी सरकार कर रही है, उसका इसी सरकार ने विरोध किया है। सरकार को बताना चाहिए कि पहले जो व्यवस्था उच्चतम न्यायालय ने दी थी, उसमें किस वजह से बदलाव किया जा रहा है।

# नए कनेक्शन के नाम पर वसूली आदेशों के विपरीत

**लखनऊ, वार्ता**

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश के उपभोक्ताओं के साथ हुई अन्यायपूर्ण वसूली के मामलों पर अध्ययन में सबसे गंभीर और महत्वपूर्ण मामला सामने आया कि बिजली कंपनियों ने पावर कारपोरेशन के आदेश के आदेश के तहत नौ सितंबर से पूरे प्रदेश में नए कनेक्शन के लिए अनिवार्य रूप से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रत्येक उपभोक्ता से 6016 रुपये वसूल किए, जो विद्युत नियामक आयोग के आदेशों के विपरीत था।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य



■ पूरे यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रत्येक उपभोक्ता से वसूले 6016 रुपये

अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि 10 सितंबर से 24 दिसम्बर तक कुल 2,93,045 उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए बिजली कंपनियों में एस्टीमेट जमा किया जिनसे यदि केवल सिंगल फेस कनेक्शन मानकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मूल्य 6016 रुपये वसूला गया, तो कुल लगभग 176 करोड़ रुपए से अधिक वसूली हुई। तीन फेज कनेक्शन को जोड़ने पर यह राशि लगभग 200 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित सिंगल फेस मीटर का मूल्य 2800 रुपये मानने पर भी, प्रदेश की बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से लगभग 100 करोड़ रुपए अधिक वसूले। परिषद ने स्पष्ट किया कि इस अतिरिक्त वसूली को उपभोक्ताओं को वापस कराने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। वर्मा ने बताया कि इस संबंध में पहले ही विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जा चुकी है, जिसमें पावर कारपोरेशन ने अपने जवाब में बिना आयोग के अंबोधन से वसूली की बात कही है। परिषद का कहना है कि कॉस्ट डाटा बुक के आदेश जारी होते ही उपभोक्ताओं से अधिक वसूली का पैसा वापस कराया जाएगा। उपभोक्ता परिषद ने पावर कारपा.ेरेशन को यह भी याद दिलाया गया कि वर्ष 2018 में उपभोक्ता परिषद की लड़ाई के परिणामस्वरूप आयोग के आदेश पर बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से 523 करोड़ रुपए अधिक वसूली की राशि वापस की थी। वर्ष 2022-23 में कास्ट डाटा बुक के मद में गलत तरीके से वसूली के मामले में भी विद्युत नियामक आयोग की अवमानना याचिका के बाद बिजली कंपनियों ने लगभग पांच से छह करोड़ करोड़ उपभोक्ताओं को वापस किया था, इसके बाद सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने अधिकारिक तौर पर माफी भी मांगी थी।

## विधानसभा में मुख्यमंत्री की विपक्ष को खरी-खरी

# कोई भी कब्जा करेगा, तो छोड़ूंगा नहीं: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में सीएम योगी ने अवैध कब्जों और माफिया पर सख्त रुख दिखाया और कहा कि अगर कोई भी कब्जा करेगा, तो उसे छोड़ूंगा नहीं। सीएम योगी ने विपक्ष पर गरीबों को न्याय दिलाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया और जोर दिया कि उनकी सरकार हर बेटी को सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने दावा किया कि 2017 से राज्य की छवि में सकारात्मक बदलाव आया है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए सीएम योगी अपने पूरी लय में दिखे। अवैध कब्जे और बुलडोजर के सवाल पर उन्होंने कहा कि कब्जा चाहे कोई भी करे, कहीं भी करे, मैं छोड़ने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि इस बात के लिए सदन



■ बुलडोजर को कोई नहीं रोक पाएगा
■ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान प्राथमिकता

को आश्वस्त करता हूं कि कब्जा कोई भी करेगा, किसी भी स्मारक पर, किसी भी पौराणिक स्थल पर, तो उसको छोड़ूंगा नहीं। उन्होंने विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा कि पूजा पाल आपकी पार्टी से चुनी गईं थीं, लेकिन उन्हें भी आप न्याय नहीं दिला पाए। सीएम योगी ने कहा कि आपमें वो हिम्मत नहीं थी कि गुंडे माफिया के सामने गरीबी बेटी को न्याय दिला सकें। इसलिए माफिया के सामने झुकना आपकी मजबूरी थी, लेकिन हमारी कोई मजबूरी नहीं है। आप बात पीडीए की करते हैं, क्या वो पीडीए का पार्ट नहीं थीं? न्याय कैसे होता है, हमसे सीखिए। हमारी सरकार ने तय किया है कि बेटी चाहे उस पक्ष की हो या इस पक्ष की, न्याय तो उसको हर हाल में मिलेगा। उन्होंने कहा कि चाहें आबादी की भूमि हो या सरकारी, अगर कोई माफिया कब्जा करेगा, उस जमीन पर मॉल बनाएगा या वसूली का अड्डा बनाएगा, तो उसके खिलाफ बुलडोजर भी चलेगा। उन्होंने साफ कर दिया कि अब उत्तर प्रदेश में कोई छांगुर जैसा व्यक्ति अनैतिक गतिविधियों का संचालन नहीं कर पाएगा, ऐसे लोगों पर बुलडोजर भी चलेगा और कोई उसे रोक भी नहीं पाएगा। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने तो विजमा यादव को बुलाया था, उन्हें भरोसा दिया है कि वह उन्हें सुरक्षा देंगे। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की छवि जो आपने खराब की थी, उसमें अब सकारात्मक बदलाव आया है। अब सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को सुरक्षा और सम्मान मिलनी ही चाहिए।

### कानून का राज सरकार की पहली प्राथमिकता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकाल.ीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि समाज की पहली आवश्यकता सुरक्षा है और कानून का राज स्थापित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। योगी ने कहा कि हर व्यक्ति, व्यापारी और बेटी को सुरक्षित महसूस होना चाहिए और उनकी सरकार ने इस दिशा में ठोस परिणाम दिए हैं, जिसका उत्तर प्रदेश की जनता लगातार समर्थन कर रही है। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पौने नौ साल पहले उनकी सरकार सत्ता में थी, तब क्या उन्होंने अपनी ही सरकार को माफिया और अपराध पर लगाम लगाने की सलाह दी थी। उन्होंने एक शेर के माध्यम से विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि तू इधर उधर की न बात कर, ये बता कि कारवां कैसे लुटा। योगी ने कहा कि माफिया के खिलाफ सरकार की नीति स्पष्ट और कठोर रही है, जिसे जमीन पर लागू कर के दिखाया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की सड़कें गड्ढों से भरी थीं और मेट्रो रेल परियोजनाएं मजाक बनकर रह गई थीं। केंद्र सरकार के साथ समन्वय के अभाव में रेल और सड़क परिवहन को जोड़ने का कोई ठोस प्रयास नहीं हुआ।

# सलीम ने रेल विकास निगम के नए सीएमडी का पदभार संभाला

**नई दिल्ली, वार्ता**

रेल विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निद.ेशक सलीम अहमद ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। अहमद के पास सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 33 साल से अधिक का अनुभव है।

रेल विकास निगम से जुड़ने से पहले वह सरकारी निर्माण कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) में परियोजना निदेशक थे। पूर्व में वह दिल्ली मेट्रो रेल निगम के कार्यकारी निदेशक रह चुके हैं और मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के साथ भी काम कर चुके हैं। बड़े बहुआयामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में उनका लंबा अनुभव रहा है और पुलों, सुरंगों तथा आवासीय एवं वाणिज्यिक भवनों के निर्माण में उन्हें विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने साल 1990 में दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी रेल विकास निगम रेल मंत्रालय के अधीनस्थ है और पिछले दो दशक से रेलवे से जुड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को अंजाम देती रही है। इसने अब तक 157 परियोजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा है। मौजूदा समय में यह 10 शहरों में मेट्रो परियोजानाओं का काम कर रही है।

### आधे श्रीनगर में 24 घंटे बिजली: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर शहर के करीब 48 प्रतिशत हिस्से में अब 24 घंटे बिजली मिलती है। मुख्यमंत्री ने कश्मीर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के सफल ट्रायल के बाद 83 और इलाकों को 24 घंटे बिजली देने वाले ज़ोन में बदल देने पर बधाई दी। दूसरे जिलों में भी इसी तरह के सुधार कार्य चल रहे हैं।



सेंसेक्स 85408.70
निफ्टी 26142.10



सोना रु. 138320
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# जीएसटी से पूरा देश बना एक बाजार: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद देश एक बाजार के रूप में उभरा है। हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार की पुस्तक मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण का यहां उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में विमोचन करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से देश 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आ रहा है।

देश में जीएसटी लागू होने से आज पूरा देश एक साझा बाजार बनकर उभरा है। इसका सीधा लाभ छोटे और मझौले व्यापारियों तथा किसानों को मिल रहा है। आज पंजाब का किसान अपनी उपज केरल में बेच सकता है और हिमाचल प्रदेश का हथकरघा व्यापारी अपना सामान तमिलनाडु भेज सकता है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं बिना किसी परेशानी के



■ भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर

घर बैठे ही पूरी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की चौथी बघी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी बघी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है। उपराष्ट्रपति ने जनधन खातों की जिक्र करते हुए कहा कि जीरो बैलेंस के साथ बैंक खाते खोलने से हर नागरिक को बैंकिंग सुविधा मिल सकी है और आज समाज के निचले तबके के करोड़ों रुपये बैंक खातों में जमा हैं। इन बैंक खातों की वजह से आज केंद्र और राज्य सरक.ारों की अनुदान योजनाओं की पूरी राशि सीधे गरीबों के खातों में जमा हो रही है।

### शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 116 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को शुरुआती तेजी के बाद गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 116.14 अंक (0.14 प्रतिशत) टूटकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 35.05 अंक यानी 013 प्रतिशत नीचे 26,142.10 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में बिकवाली के दबाव में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.81 प्रतिशत फिसल गया। छोटी कंपनियों में लिवाली से स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.28 फीसदी की तेजी रही। डॉलर की तुलना में रुपये में रही गिरावट का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया। तेल एवं गैस, आईटी, एफएमसीजी, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। मीडिया, धातु और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही।

### सोना और चांदी के भाव ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोना और चांदी के भाव फिर बढ़ गए हैं। 24 कैरेट सोना एक लाख 34 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गया है। वहीं चांदी की कीमत दो लाख 34 हजार रुपये प्रति किलो हो गई है, जिसमें एक दिन में करीब 3000 रुपये की बढ़त दर्ज की गई है। हालांकि सोने की कीमत में हल्की सी गिरावट देखने को मिली है, लेकिन यह बहुत मामूली है। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 138,220 प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि जयपुर में 138,280, कानपुर में 138,340, लखनऊ में 138,320 , भोपाल में 138,430 , इंदौर में 138,430, चंडीगढ़ में 138,280 और रायपुर में 138,230 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम 5 बजे तक 5 फरवरी 2026 एक्सपायरी वाला 24 कैरेट गोल्ड 1.02 प्रतिशत के उछाल के साथ 1,38,145 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

# चावल और गेहूं में रही नरमी, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। वहीं खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये गिरकर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई।

गेहूं आठ रुपये सस्ता हुआ और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल- दलहनों में चना दाल औसतन 22 रुपये और उड़द दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 10 रुपये और मसूर दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। वहीं



तुअर दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा एक रिंगिट टूटकर 4035 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 प्रतिशत की बढ़त में 48.93 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 25 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं वनस्पति की कीमत 47 रुपये और मूंगफली तेल की 20 रुपये टूट गई। सोया तेल में 15 रुपये और सरसों तेल में 11 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 14 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, चीनी गत दिवस के स्तर पर लगभग स्थिर रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :. दाल-दलहन: दाल चना 7798.20 रुपये, मसूर काली 8160.91 रुपये, मूंग दाल 10093.82 रुपये, उड़द दाल 10365.87 रुपये, तुअर दाल 10603.76 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.80 रुपये और चावल 3843.20 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3300.54 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत से...**

की वृत्ताकार निचली पृथ्वी कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने घोषणा की, एलवीएम3-एम6 ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बाद में एक ट्वीट में उसने कहा कि मिशन सफल रहा। एलवीएम3-एम6 मिशन ने ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 उपग्रह को सफलतापूर्वक उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसरो के अनुसार, श्रीहरिकोटा के स्पेस एरिया के ऊपर हजारों एक्टिव सैटेलाइट लगातार गुजर रहे थे। अन्य सैटेलाइट के साथ टकराव की आशंका को देखते हुए मिशन का लॉन्च समय 90 सेकेंड बढ़ाया गया।

इसरो की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण के लिए टीम व इसरो को बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी संरक्षण में इसरो एक के बाद एक सफलताएं हासिल कर रहा है, जो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। यह अब तक भारतीय धरती से लॉन्च किया गया सबसे भारी उपग्रह है। इसरो के अनुसार, क्रायोजेनिक अपर स्टेज सहित तीनों चरणों के प्रज्वलन और पृथक्करण के बाद, उपग्रह को भूमध्य रेखा से लगभग 53 डिग्री के झुकाव वाले 520 किमी के वृत्ताकार भू-परिस्थिति (एलईओ) में सटीक रूप से स्थापित किया गया। इसका प्रक्षेपण-भार 640 टन है, इसकी ऊंचाई 43-5 मीटर है, और यह भू-तुल्यकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में 4,200 किलोग्राम पेलोड ले जाने में सक्षम है। इसने बताया कि यह भारतीय धरती से एलवीएम 3 द्वारा लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी पेलोड है। यह एलवीएम3-एम6 रॉकेट की छठी परिचालन उड़ान है और भारत के वाणिज्यिक अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

**उन्नाव सामूहिक...**

किया जा रहा हो, और वो डर के साए में जी रही हो। बलात्कारियों को ज़मानत और पीड़िताओं के साथ अपराधियों सा व्यवहार, ये कैसा न्याय है। श्री गांधी ने कहा कि हम सिर्फ़ एक मृत अर्थव्यवस्था ही नहीं है , बल्कि ऐसी अमानवीय घटनाओं के साथ हम एक मृत समाज भी बनते जा रहे हैं। लोकतंत्र में असहमति की आवाज़ उठाना अधिकार है और उसे दबाना अपराध। पीड़िता को सम्मान, सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए -न कि बेबसी, भय और अन्याय। गौरतलब है कि उन्नाव दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंजूर की है। पीड़िता का आरोप है कि इस अपराधी ने उसके ताऊ तथा उसके पिता की हत्या करवाई है और फिर उसकी बहन के साथ दुष्कर्म कर उसके चाचा को झूठे मामले में फंसाकर जेल भिजवाया है।

# समय-समय पर बजट की समीक्षा करें सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने अनुपूरक बजट को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री समय-समय पर बजटीय समीक्षा करें, तो सरकार को समय रहते यह पता चल सकता है कि किस विभाग के पास कितना बजट उपलब्ध है।

पांडेय ने याद दिलाया कि पहले जिलों में कमेटियां बनाई जाती थीं, जो बजट की सिफारिश करती थीं, लेकिन सरकार ने इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। अब इसे फिर से शुरू किया जाना चाहिए। अनुप.ूरक बजट पर चर्चा के दौरान बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट लाना गलत नहीं है, लेकिन यह बहुत अच्छा भी

■ अनुपूरक बजट पर नेता प्रतिपक्ष पांडेय ने सरकार को दी सलाह

नहीं कहा जा सकता। बजट बनाते समय सभी संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह एक बड़ी और स्थापित परंपरा है। पांडेय ने कहा कि इस बार अनुप.ूरक बजट में करीब 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि मूल बजट में लगाए गए अनुमान की तुलना में सरकार को लगभग 30 प्रतिशत कम राजस्व प्राप्त हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास कार्यों की बजाय प्रचार-प्रसार पर अधिक धन खर्च करना चाहती है। बजट की कमी होने पर थोड़ी-थोड़ी राशि खर्च कर काम चलाया जाता है। उन्होंने आवास विकास विभाग का जिक्र करते हुए कहा कि जिस बजट का प्रावधान किया गया, उसमें से लगभग 80 प्रतिशत राशि खर्च करने की अनुमति दी गई, लेकिन मूल बजट के अनुसार अब तक स्वीकृतियां जारी नहीं हुई हैं। दैवीय आपदाओं के मुआवजे का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि पैसा जारी होने के बाद तहस.ीलदार द्वारा वितरण किया जाता है, लेकिन बजट की कमी के कारण लोगों को मदद नहीं मिल पाती और वे नेताओं के चक्कर काटने को मजबूर होते हैं।

उन्होंने मांग की कि राजस्व विभाग को पूरा बजट उपलब्ध कराया जाए, ताकि जरूरतमंदों की समय पर सहायता हो सके। पांडेय ने कहा कि विपत्तियां अक्सर गरीबों के घरों में आती हैं, बड़े लोगों के घरों में नहीं। इसलिए सरकार को गरीबों का विशेष ख्याल रखना चाहिए और राहत व पुनर्वास के लिए पर्याप्त संसाधन सुनिश्चित करने चाहिए।

# कोडीन कफ सिरप वालों पर कब होगी कार्रवाई: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है, लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपए में मिल रही है। इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं। किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है। हालात ऐसे हो



गए हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल-कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है। पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी, लेकिन आज कफ सिरप का नशा उत्तर प्रदेश में फैल रहा है। उन्होंने कहा कि इस सिरप में कितना नशा है और इसके नशे की लत कितनी गहरी है इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के उन्नाव में आकाश नाम के एक लड़के को कफ सिरप के नशे की लत लग गई। उसकी लत छूटी नहीं और उसे यह सिरप आसानी से मिलता है।

# किठौर में दिखे तेंदुए को वन विभाग की टीम पकड़ने में नाकाम

## ग्रामीणों में दहशत, जान माल का खतरा, डीएफओ ने जल्द पकड़ने का किया दावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र के झिड़ियों मार्ग पर निर्माणाधीन बाईपास के नाले में एक तेंदुआ दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया है। बुधवार को तेंदुए द्वारा कई ग्रामीणों पर हमला करने की बात भी सामने आई है, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल बताया जा रहा है। पास के गांव झिड़ियों के लोगों और खेतों पर काम कर रहे किसानों ने एकजुट होकर तेंदुए को दौड़ाया। इस दौरान तेंदुआ एनएच 709-ए हाईवे के नाले में उतर गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन अधिकारियों को दी।



तेंदुए को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम बुधवार को अपने अभियान में नाकाम रही। टीम बिना तेंदुए का सुराग लगाए वापस लौट गई, जिससे ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई है। बताया गया कि वन विभाग की टीम आधी अधूरी तैयारी के साथ पहुंची थी और काफी देर तलाश के बावजूद तेंदुए का कोई पता नहीं चल सका। इसके चलते सुबह के समय तेंदुआ पकड़ने का अभियान बंद कर दिया गया। देर रात तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लाया गया था, लेकिन सुबह होने तक उसे भी हटा लिया गया, जिस पर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की। तेंदुआ नहीं पकड़े जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। एहतियातन कई ग्रामीणों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया है। ग्राम प्रधान परवेज दिलशाद व मदन नागर, सतबीर नागर, मलखान, नवाब सिंह, शिवकुमार, रत्न सिंह और कुंवर पाल जैसे ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ कभी भी किसी पर हमला कर सकता है, जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है। लोगों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। इस संबंध में डीएफओ वंदना फोगाट ने बताया कि एक टीम मौके पर लगातार निगरानी कर रही है, जबकि दूसरी टीम भी जल्द पहुंचने वाली है। उन्होंने दावा किया कि तेंदुए को जल्द ही ट्रेस कर पकड़ लिया जाएगा। हालांकि, ग्रामीणों में अभी भी दहशत कायम है और वन विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

## घटना को अंजाम देने जा रहे दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी पुलिस ने चेकिंग के दौरान चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर भुपगढी संपर्क मार्ग पर दो बदमाशों को तमंचा पिस्तौल व कारतूस के साथ दबोच लिया। दोनों बदमाश एक गाड़ी में जा रहे थे पुलिस ने दोनों बदमाशों को जेल भेज दिया। जानी पुलिस कांवड़ मार्ग पर चेकिंग कर रहे थी तभी एक गाड़ी अल्टो जिसका नंबर यूपी 15 बी 0675 आती दिखाई दी जब पुलिस ने उसको रोकने का इशारा किया तो बदमाशों ने अपनी गाड़ी को भुपगढी संपर्क मार्ग पर दौड़ा दी पुलिस ने बल प्रयोग के चलते सरक.ारी जीप अल्टो गाड़ी के आगे लगा दी बदमाश उसमें से भागने के लिए गाड़ी से उतर गए तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया और तलाशी में उनके पास से एक पिस्तौल एक तमंचा वह कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वह जानी क्षेत्र में लुट व बड़ी वारदात करने की फिराक में थे आरोपियों की पहचान गुलफाम पुत्र सोमिन बहरामपुर खास अनमोल पुत्र दिनेश ग्राम पाचली खुर्द के रूप में हुई पुलिस ने आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया।

# बेगमपुल पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश का पुतला फूंका, लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बांग्लादेश में हिंदू युवक की मौत के बाद देश में विरोध प्रदर्शन जोरों पर हो रहे है। बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बेगमपुल चौराहे पर बांग्लादेश सरकार का विरोध किया है। उन्होंने बांग्लादेश का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि बांग्लादेश में यह पहली बार नहीं है कि हिंदू युवक की मौत हुई हों कई बार हिंद.ुओं को टारगेट कर उनकी हत्या की गई और परिवारों पर अत्याचार हुआ है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की है कि बांग्लादेश से सारे रिश्ते तोड़ते हुए हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का बदला लें ताकि वहां की सरकार को नसीहत मिल सके। इस दौरान बेग.मपुल पर जाम की स्थिति हो गई। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग गई। लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में घंटो लग गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत कर लोगों को जाम से मुक्ति दिलाई। कार्यकर्ताओं के जाने के बाद ही मामला शांत हुआ।






## के.के. पब्लिक स्कूल में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्रिसमस की पूर्व संध्या पर नगर स्थित के.के. पब्लिक स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय का वातावरण उल्लास, उमंग और खुशियों का माहौल नजर आया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे सांता क्लॉज की आकर्षक पोशाक पहनकर विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपने सहपाठियों एवं शिक्षकों को गिफ्ट स्वरूप टॉफियां वितरित कीं और सभी को हैप्पी क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। नन्हे बच्चों ने जिंगल बेल जिंगल बेल और आता है आता है सांता क्लॉज आता है जैसे लोकप्रिय क्रिसमस गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम अदाओं और शानदार प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। जिनकी भरपूर प्रशंसा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर सुशील कुमार, सचिव संजीव कुमार एवं प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की सांता क्लॉज ड्रेस एवं उनके द्वारा प्रस्तुत नृत्य की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में सभी धर्मों और त्योहारों को प्रेम, सौहार्द और शालीनता के साथ मनाया जाता है।

# मारपीट-फायरिंग की सूचना पर पहुंची मवाना पुलिस पर हमला

## एक सिपाही को अर्धनग्न कर पीटा, आरोपियों ने वीडियो बनाकर की वायरल

■ **पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपी दबोचे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** मारपीट व फायरिंग होने की सूचना पर दबिश देने सठला गांव में पहुंची पुलिस पर कुछ युवकों ने हमला बोल दिया। यहां तक कि आरोपियों ने एक सिपाही को अर्धनग्न कर बुरी तरह से पीटा, जबकि एक दरोगा व दो सिपाहियों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई।



आरोपियों ने मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस कर्मियों पर हुए हमले की सूचना से विभाग में हड़कंप मच गया। उसके बाद पुलिस ने रात में ही दबिश देकर मारपीट करने वाले तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से वीडियो में दिखाई दे रही पिस्टल व कारतूस बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात परीक्षितगढ़ क्षेत्र के रामनगर निवासी भारतवीर ने थाने पर सूचना दी कि रात करीब साढ़े आठ बजे उसके पुत्र नितिन के साथ लेनदेन के विवाद में सठला निवासी तलहा पुत्र अब्दुल गफ्फार, अब्दुल कादिर पुत्र अब्दुल गफ्फार व गुलाब पुत्र नवाब निवासीगण सठला ने लाठी डंडों के साथ मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया है। पुलिस ने इस मामले में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के यहां दबिश दी।

### आरोपियों ने हमला कर बनाई वीडियो

मुकदमा दर्ज होने के बाद सठला चौकी इंचार्ज अपने साथ तीन सिपा.हियों को लेकर आरोपियों को पकड़ने के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। दरोगा व दो सिपाही तो वहां से अपनी जान बचाकर निकल भागे, लेकिन सुनील नाम का एक सिपाही आरोपियों के हत्थे चढ़ गया। आरोपियों ने उसे अर्धनग्न कर बुरी तरह पीटा और उसकी वीडियो भी बनाई। वीडियो में एक आरोपी देशी पिस्टल दिखाकर उसे सिपाही की होना बताया। आरो.पियों ने अपने आप को बचाने के लिए वीडियो वायरल कर दी। पुलिस पर हमले की सूचना से हड़कंप मच गया। देर रात पुलिसबल ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## मजबूत नींव की दिशा में सीवीपीएस इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स की नई पहल




■ **कक्षा आठवीं के लिए शुरू किया संकल्प प्री फाउंडेशन बैच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीवीपीएस इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव को मजबूत करने के उद्देश्य से कक्षा आठवीं के लिए प्री-फाउंडेशन बैच (संकल्प) का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विद्यालय के प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह, सीईओ एवं फाउंडर डॉ. आर्यन अग्रवाल तथा एकेडमिक हेड मीनू कपूर ने मीडिया को जानकारी दी। डॉ. आर्यन अग्रवाल ने बताया कि संकल्प बैच विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही विषयों की स्पष्ट समझ, अनुशासित अध्ययन पद्धति और लक्ष्य आधारित तैयारी प्रदान करेगा।

प्रधानाचार्य एन. पी. सिंह ने कहा कि कक्षा आठवीं से योजनाबद्ध मार्गदर्शन विद्यार्थियों में आत्म विश्वास और सही दिशा विकसित करता है। एकेडमिक हेड मीनू कपूर ने बताया कि इस कोर्स से बच्चों में क्रिटिकल थिंकिंग और तार्किक क्षमता का विकास होगा। विद्यालय की निदेशक डॉ. हिमानी अग्रवाल ने इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक दूरदर्शी कदम बताया।

# 24 घंटे में शुरू नहीं हुआ काम, तो 29 को निगम पर धरना प्रदर्शनः सलीम पठान

■ **भ्रष्टाचार की हुई शिकायत तो बीच में काम बंद कर भागा ठेकेदार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलीम पठान ने बताया कि लिसाड़ी रोड के मोहल्ला मुमताज नगर वार्ड नंबर 81 काले जादू वाली गली में 2 दिसंबर से नगर निगम द्वारा गली में नालियां बनाना व गली बनाने का कार्य चल रहा था नालियों में घटिया सामग्री लगाने को लेकर मोहल्ले के लोगों ने उनसे आकर शिकायत की थी शिकायत में उन्होंने कहा था कि नालियों की जो दीवार पहले 9 इंच थी उसे ठेकेदार द्वारा 4 इंच की किया जा रहा है।

इतना ही नहीं नालियों में लगी 20 वर्ष पुरानी कीचड़ गारे में सनी हुई ईटों को दोबारा लगाया जा रहा है साथ ही उनमें जो मसाला लगाया जा रहा है वह भी घटिया है यानी 1.10 या 1:15 का लगाया जा रहा है। सलीम पठान ने बताया कि यह शिकायत लेकर जब वह ठेकेदार द्वारा लगाई गई लेबर के पास गए और उनसे पूछा तो उन्होंने कहा कि ऐसा ही मसाला और माल लगेगा जो तुमसे हो सकता है वह कर लो यह आदेश ठेकेदार और पार्षद का है। सलीम पठान ने इसकी शिकायत जब नगर निगम के अधिकारियों निर्माण जे. ई और निर्माण चीफ से की तो उन्होंने कहा कि अगर एक ईंट भी पुरानी लगी है तो वह ठेकेदार का पेमेंट नहीं होने देंगे और दोबारा कार्य कराएंगे और वह खुद मौके पर आएंगे और निगम के उक्त अधिकारी 10 दिसंबर को मौके पर पहुंचे तब उन्होंने देखा कि वहां एक भी ईंट नहीं लगी हुई थी बल्कि उल्टा जो मजदूर काम कर रहे थे वह पुरानी ईंटों को कीचड़ गारे में सनी हुई ईटों को बिना साफ करें ही लगा रहे थे पठान ने बताया कि उक्त अधिकारियों ने मुझे भी मौके पर बुलाया और कहने वालों की नालिया एस्टीमेट में नहीं है एस्टीमेट में सिर्फ गली बननी है और यह कहकर निगम अधिकारी चले गए। पठान ने बताया कि अगले दिन से ही ठेकेदार ने वहां काम करना बंद कर दिया है जिसके कारण लोगों का सड़क पर चलना फिरना निकलना भी दुभर हो गया है सलीम पठान ने कहा कि वह नगर निगम कई बार जा चुके लेकिन अधिकारी उनको मौके पर मौजूद नहीं मिलते उन्होंने बताया कि मोहल्ले के तमाम लोग परेशान है। नगर निगम के कर्मचारियों ने काम रोक दिया है ठेकेदार गायब है कई बार नगर आयुक्त से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन वह उनका कॉल रिसीव नहीं करते जिसकी वजह से अब तय हुआ है कि यदि 24 घंटे के अंदर निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वह सोमवार को मोहल्ला वासियों को लेकर और समस्त कांग्रेसियों को लेकर नगर निगम अधिकारियों का घेराव करेंगे।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई किसान दिवस बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक आहूत की गई। किसान दिवस में किसानों को विगत माह में आई कुल 33 शिकायतों की परिपालन आख्या पढ़कर सुनाई गयीं। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि प्रत्येक दशा में किसान की बात को मौके पर सुनकर उसका समाधान किया जाए और गुणवत्तापरक आख्या भेजी जाए। किसानों द्वारा मुख्यता बिजली विभाग, सड़क और गन्ना विभाग से संबंधित शिकायतें की गई। किसान दिवस में कुल 62 शिकायत प्राप्त हुई, जिनको डीएम के माध्यम से सभी संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है। किसान दिवस में चिंदौड़ी खास, धानपुर और अमानुल्लापुर के ग्राम के ओवर फ्लो तालाब को ठीक कराने की मांग किसानों द्वारा उठाई गई जिसमें डीएम द्वारा तत्काल भूगर्भ जल विभाग को कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर में चौकी इंचार्ज ने व्यापारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा शाहजहांपुर स्थित चौकी पर व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक चौकी इंचार्ज दीपक जायसवाल और महिला दरोगा करिश्मा के नेतृत्व में हुई। चौकी इंचार्ज दीपक जायसवाल ने व्यापारियों से सर्दी के मौसम में होने वाली चोरी की घटना को रोकथाम की जानकारी दी। उन्होंने व्यापारियों से दुकानें में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, खराब कैमरों को दुरूस्त करने, संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी पुलिस देने व दुकानदारी की रकम गल्ले में नहीं छोड़कर जाने के अलावा ताले मजबूत लगाने की बात कही।

वहीं महिला दरोगा करिश्मा ने व्यापारियों को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी। इस मौके पर अनिल अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, तुषार कंसल, सचिन गोयल, मोहम्मद अब्बास, शहजाद खान, सरताज सलमानी आदि व्यापारी मौजूद रहे।






## मेरठ बार में बागपत सांसद डा. राजकुमार सांगवान का स्वागत

■ **1984 से 92 तक सुधीर पंवार ने सांसद राज. कुमार सांगवान के साथ बीताए दिनों का किया बयां**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ बार एसोसिएशन के नानकचंद सभागार में बुधवार को बागपत लोकसभा सांसद डॉ. राज. कुमार सांगवान का स्वागत कार्यक्रम हुआ। जिसमें मेरठ बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री अपना दल (एस) के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार एडवोकेट द्वारा गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। सांसद डॉक्टर राजकुमार सांग.वान ने मेरठ कॉलेज में छात्र राजनीति की, सुधीर पंवार ने भी वर्ष 1984 से 1992 तक उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर छात्र राजनीति में संघर्ष किया। मंच पर छात्र राजनीति की पुरानी यादें ताज की गई।

# एमएसडीई ने गूगल और सीसीएस यूनिवर्सिटी के साथ की रणनीतिक एआई साझेदारी की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सामाजिक न्याय, ग्रामीण सशक्तिकरण और शिक्षा-आधारित राष्ट्र निर्माण के मूल्यों के प्रति आजीवन समर्पित रहे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने बुधवार को गूगल और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के साथ एक ऐतिहासिक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। चौधरी चरण सिंह के समावेशी विकास के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।




इस अवसर पर राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने पहल के समावेशी स्वरूप पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सच्चा विकास तब होता है जब हम प्रवेश की बाधाओं को दूर करते हैं। यह पहल मातृभाषा में सीखने और अभिव्यक्ति को बढ़ावा देते हुए युवाओं को वैश्विक तकनीकों में दक्ष बनाने पर विशेष जोर देती है। उन्होंने कहा कि सीसीएस विश्वविद्यालय को एक आदर्श एआई संस्थान में परिवर्तित कर हम पूरे देश के लिए एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं, जहां रोजगार, योग्यता और कौशल से तय होगी। हमारे युवा देश की आर्थिक प्रगति के केंद्र में हैं। यह साझेदारी चौधरी चरण सिंह जी के समावेशी विकास के स्थायी विश्वास को प्रतिबिंबित करती है, जिसमें शिक्षा भारत की वास्विकताओं और आकांक्षाओं से जुड़ी है। इस सहयोग से सीसीएस विवि भारत के पहले एआई सक्षम विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होगा, जहां प्रौद्योगिकी भारत भर के युवाओं के लिए शिक्षा और अवसरों के लोकतांत्रीकरण का सशक्त माध्यम बनेगी। इतना ही नहीं, इस कदम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से शहरी और ग्रामीण भारत की खाई भी पाटी जा सकेगी।

रोजगार के लिए जरूरी योग्झता की चुनौतियों का समाधान करने तथा भाषा, पहुंच और कौशल से जुड़ी बाधाओं को दूर कर टियर-2 और टियर-3 क्षेत्रों के युवाओं को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। समझौता ज्ञापन एमओयू के तहत सीसीएस विश्वविद्यालय को उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए एआई अंगीकरण ढांचे के विकास और क्रीयान्वयन हेतु पायलट संस्थान के रूप में विक.सित किया जाएगा। इस अवसर पर सुश्री देबाश्री मुखर्जी, सचिव, एमएसडीई तथा प्रो. संगीता शुक्ला, कुलपति, सीसीएस विश्वविद्यालय भी उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त, एमएसडीई के वरिष्ठ अधिकारी और गूगल इंडिया के वरिष्ठ प्रति.निधि भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। जनसाधारण की शिक्षा के प्रबल पक्षधर रहे एक महान नेता की जयंती के अवसर पर सीसीएस विश्वविद्यालय में आरंभ हुई यह पहल, समावेशन, कौशल और श्रम की गरिमा के लिए प्रौद्योगिकी को मजबूत करने की एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## तीन जनवरी तक होगा खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मान्या चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यालय प्रचार-प्रसार अनुभाग, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अनुपालन में डीएम की अनुमति के उपरान्त मेरठ में 25 दिसम्बर से तीन जनवरी 2026 तक मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025 26 का आयोजन राजकीय इंटर कालेज, निकट बेगमपुल, मेरठ में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारंभ आज यानी गुरुवार को होगा। जिसमें भारत वर्ष के अलग-अलग प्रान्तो की प्रमाणित खादी की इकाईयों के वस्त्र, मेरठ के मसाले, ज्वैलरी, शहद, अचार, रेडिमेट गारमेन्ट, हींग, वाराणसी की सिल्क साडियां, राजस्थान की चित्रकला, नमकीन, सहारनपुर की लकड़ी की कारीगरी, खिलौने, गाजियाबाद की मिट्टी वस्तुयें, गोबर के बने प्रोडक्ट हैण्ड ब्लाक पेंटिंग, बुलन्दशहर खुर्जा की क्राकरी मथुरा की धूप व अगरबत्ती आदि लगाई जाएंगी।

# डी मोनफोर अकादमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस-डे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डी मोनफोर अकादमी में क्रिसमस-डे के पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। जिससे चारों ओर उत्सव का माहौल बना रहा।

बच्चों ने अपनी-अपनी कक्षा में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। किंडर गार्टन के नन्हे बच्चों के लिए सर्दियों का अवकाश होने से पूर्व ही अनेक रोचक गतिविधियां आयोजित की गई। जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कोई बच्चा सैन्टा क्लॉज बनकर आया तो कोई परी के रूप में सजा नजर आया। बच्चों की मासूम अदाओं और रंग-बिरंगी वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने क्रिसमस से जुड़े गीत, कविताएं एवं छोटी-छोटी प्रस्तुतियां देकर प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस हमें प्रेम, सेवा और आपसी सौहार्द का संदेश देता है तथा ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। वहीं विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या रितु चिकारा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं और इस यादगार आयोजन का आनंद लिया।

# क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर चार लाख की रिश्वत लेते एंटीकरप्शन ने किया गिरफ्तार

## हत्या के मामले में नाम निकालने की एवज में ली जा रही थी रिश्वत, एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** बुधवार को एंटी करप्शन टीम मेरठ ने हापुड़ क्राइम ब्रांच में तैनात एक इंस्पेक्टर को चार लाख रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। हत्या के एक मामले में दो लोगों का नाम बाहर निकालने की एवज में इंस्पेक्टर ने चार लाख रुपए की मांग की थी। बुधवार को रोहटा रोड पर संगम टावर के निकट क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर द्वारा बुलाने पर युवक चार लाख रूपए लेकर वहां पहुंचा। इसी दौरान एंटी करप्शन टीम ने आरोपी इंस्पेक्टर को रंगे हाथ दबोच लिया।



एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में आरोपी इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह व पीड़ित पक्ष के लोग।

लोकेश बैंसला पुत्र पीतम सिंह निवासी गांव गोटरा थाना खेकड़ा तीन वर्ष पूर्व एक हत्या के मामले में नामजद मुकदमा हुआ था। जिसकी जांच अन्य जिले के अधिकारियों को ट्रांसफर की गई। मामले की जांच हापुड़ में तैनात क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह को सौंपी गई। नाम निकालने की एवज में इंस्पेक्टर ने लोकेश बैंसला से चार लाख रिश्वत की मांग की। उसने यह जानकारी मेरठ एंटीकरप्शन प्रभारी दुर्गेश को दी। प्रभारी ने केमिकल लगे नोट पीड़ित को दिए। लोकेश समयानुसार चार लाख की रिश्वत देने के लिए पहुंचा था। इस दौरान उसके इर्द-गिर्द नजर रखने के लिए डिप्टी एसपी दुर्गेश कुमार के नेतृत्व एंटी करप्शन की टीम मौके पर तैनात थी। जैसे ही लोकेश ने इंस्पेक्टर को चार लाख रुपए थमाए वैसे ही एंटी करप्शन टीम ने आरोपी इंस्पेक्टर को दबोच लिया और हिरासत में लेकर कंकरखेड़ा थाने पहुंची। पूछताछ के बाद एंटी करप्शन की टीम आरोपी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह को मेडिकल कराने के लिए ले गई।

लोकेश बैंसला ने बताया कि 2021 में उसके चाचा धारा सिंह ने गांव के ही रिछपाल से दो बीघा जमीन खरीदी थी। इस जमीन लेने के लगभग 2 सप्ताह बाद रिछपाल का शव पेड़ पर लटका मिला था। रिछपाल के भाई जगदीश ने हत्या का आरोप लगाते हुए धारा सिंह और उसके भाई मनोज व अजय पाल पर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया था। इस मामले की जांच खेकड़ा थाने से क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह को सौंप दी गई थी जो हापुड़ में तैनात थे। लोकेश बैंसला का कहना है कि लगभग ढाई लाख रुपए इंस्पेक्टर ने उससे ले लिए थे और अब हत्या से नाम निकालने के चार लाख रुपए की मांग की जा रही थी। इंस्पेक्टर की हरकतों से परेशान होकर लोकेश ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया। टीम ने इंस्पेक्टर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और बुधवार को संगम टावर के निकट रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

यह कैसा इंसाफ

# मलिन बस्ती कसेरूखेड़ा पर डिफेंस कॉलोनी के बराबर गृह कर

■ सुविधाओं के नाम पर नगर निगम का ठेंगा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** मेरठ नगर निगम इन दिनों अपने नए गृह कर निर्धारण को लेकर लगातार चर्चा में है। नगर निगम क्षेत्र के लगभग सभी 90 वार्डों में गृह कर की नई दरों ने आम नागरिकों की परेशानी बढ़ा रखी है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पिछले वर्षों की तुलना में गृह कर की दरें कई स्थानों पर 10 गुना तक बढ़ा दी गई हैं। वार्ड संख्या 20 कसेरूखेड़ा में तो नगर निगम का कर निर्धारण और भी हैरान करने वाला है। यहां मलिन बस्ती कसेरूखेड़ा पर गृह कर की गणना 1 रुपये 28 पैसे प्रति वर्गफुट की दर से की गई है, जो डिफेंस कॉलोनी, मीनाक्षीपुरम, रक्षापुरम और एडब्ल्यूएओ कॉलोनियों के बराबर है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह तुलना किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है। कसेरूखेड़ा में जहां गलियां 12 फुट से भी कम चौड़ी हैं, न तो कोई कम्युनिटी हॉल है, न ही पानी की टंकी की स्थिति ठीक है और सड़कें जगह-जगह से टूटी हुई हैं। वहीं दूसरी ओर डिफेंस कॉलोनी, रक्षापुरम, मीनाक्षीपुरम जैसी कॉलोनियों में चौड़ी सड़कें, नगर निगम द्वारा संचालित कम्युनिटी हॉल, पार्क और आधुनिक जल निकासी व्यवस्था मौजूद है।

कसेरूखेड़ा के स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सुविधाएं जमीन-आसमान का अंतर रखती हैं, तो गृह कर की दरें समान कैसे हो सकती हैं। इस बात को लेकर क्षेत्र वासियों में रोष है और उनका कहना है कि नगर निगम गृह कर निर्धारण पर पुनर्विचार कर न्यायसंगत निर्णय लें। इस विषय को लेकर क्षेत्रवासी जल्दी ही नगर निगम महापौर एवं नगर आयुक्त से भी मिलकर अपनी बात रखेंगे।

# दर्जनों मुकदमे दर्ज, फिर भी पूर्व प्रधान का बना नया पासपोर्ट

■ पुलिस की सांठगांठ से पासपोर्ट तैयार कराया फिर हुआ विदेश फरार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सौंदत्त निवासी पूर्व प्रधान दर्जन भर से अधिक मुकदमे होने के बाद भी फर्जी पते से पासपोर्ट बनवा कर विदेश चला गया। गांव के ही एक युवक की तहरीर पर पुलिस ने देशद्रोह सहित अनेक गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम सौंदत्त निवासी परवेज पुत्र मुन्नर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही पूर्व प्रधान वहाब जो 2010 से 2015 तक गांव का प्रधान भी रहा था तथा वहाब पर परीक्षितगढ़ थाने सहित अन्य थानों में दर्जन भर से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहाब ने जनवरी 2025 में फर्जी दस्तावेज बनवाकर धोखाधड़ी करते हुए तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध करते हुए दिल्ली के पते पर अपना पासपोर्ट बनवा लिया तथा उस पासपोर्ट के मध्य से विदेश चला गया। पूर्व प्रधान वहाब पर परीक्षितगढ़ थाने में अनेक गंभीर धाराओं सहित गुंडा एक्ट में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं किठौर व अमरोहा के धनोरा में भी मुकदमे दर्ज हैं। थाना पुलिस ने पूर्व प्रधान के खिलाफ 318 (4), 338, 336 (3), 420(2)6(1) व 12(1) सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि इस मामले की पूरी जांच के बाद उच्च अधिकारियों के आदेश पर लुक आउट नोटिस जारी किया जाएगा क्योंकि उक्त मामला राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है।

# क्रिसमस पर रोशनी से नहाया सरधना का ऐतिहासिक चर्च

## आधी रात को प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की घोषणा के साथ गूंजे घंटा-घड़ियाल, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्रिसमस पर्व की पूर्व संध्या पर सरधना नगर स्थित ऐतिहासिक चर्च श्रद्धा, उल्लास और रोशनी के अद्भुत संगम का साक्षी बना। चर्च को रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक विद्युत सजावट से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर रातभर जगमगाता रहा। जैसे-जैसे रात गहराती गई, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई और चर्च परिसर भक्तिभाव से भर उठा।

रात ठीक 12 बजे प्रभु यीशु के जन्म की पावन घोषणा होते ही चर्च के घंटा-घड़ियाल एक साथ गूंज उठे। इस दिव्य क्षण पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु की आराधना की और एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। घंटियों की गूंज के साथ पूरे वातावरण में शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश फैल गया। इस अवसर पर चर्च परिसर में देर रात्रि तक विशेष मिस्सा बलिदान और सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। धर्मगुरुओं द्वारा प्रभु यीशु के जीवन, उनके त्याग और मानवता के प्रति प्रेम पर प्रकाश डाला गया। प्रार्थना सभा में समाज, देश और विश्व में अमन-चौन तथा खुशहाली की कामना की गई। क्रिसमस पर्व को लेकर चर्च के सामने और आसपास क्रिसमस मेले की तैयारियां भी पूरे उत्साह के साथ की गईं। मेले के लिए दुकानों को सजाया गया, जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए। इसके साथ ही क्रिसमस से जुड़ी सजावटी सामग्री, उपहार, मोमबत्तियां और खानपान की दुकानें भी आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।





## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने पेश किया नया फंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के तहत आईसीआईसीआई प्रू सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी, मनीष कुमार ने लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड निवेशकों को भारत की दीर्घकालिक वृद्धि क्षमता का फायदा उठाकर संपत्ति सृजन का आसान और असरदार तरीका प्रदान करता है।

## बहसूमा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, साइबर फ्रॉड पीड़ित को लौटाए 10 हजार रुपये



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना बहसूमा की साइबर टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए साइबर फ्रॉड का शिकार हुए पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित के खाते से ठगे गए 10,000 रुपये सुरक्षित रूप से वापस करा दिए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बहसूमा क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी निवासी हरबीर सिंह के बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा 10,000 रुपये की ठगी कर ली गई थी। इस संबंध में पीड़ित ने 25 नवंबर 2025 को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देशानुसार साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक देहात मेरठ, क्षेत्राधिकारी मवाना एवं थानाध्यक्ष बहसूमा के निर्देशन में थाना बहसूमा साइबर टीम की प्रभारी कोमल चौधरी ने मामले में त्वरित कार्रवाई की। इसके परिणामस्वरूप 24 दिसंबर 2025 को पीड़ित की पूरी धनराशि 10,000 रुपये उसके खाते में वापस करा दी गई।

# चौ. चरण सिंह विवि में अटल जन्म शताब्दी कार्यक्रम श्रृंखला का हुआ समापन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को इतिहास विभाग एवं साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी कार्यक्रम श्रृंखला सुशासन दिवस के समापन समारोह के अंतर्गत व अटल जी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर इतिहास विभाग स्थित वीर बंदा बैरागी सभागार में एक दिवसीय संगोष्ठी 'सदैव अटल व्यक्तित्व एवं विचार विषयक' संपन्न हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व प्रखर वक्ता राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अटल जी वास्तव में बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी थे। एक पत्रकार के रूप में उन्होंने समाचार लिखने से लेकर समाचार संपादन तक का कार्य बखूबी किया। एक कवि के रूप में कवि पिता से मिली हुई विरासत को आगे बढ़ाया। अटल जी की रचनाओं में जीने का मार्ग प्रशस्त होता है साहस और संबल मिलता है उन्हीं की प्रेरणादाई योजनाओं को आज लागू भी किया जा रहा है।



मुख्य वक्ता के रूप में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार से पधारे प्रोफेसर अजय परमार ने कहा कि अटल जी का विचार साहित्यिक राजनीतिक आर्थिक सामरिक सामाजिक व धार्मिक सभी क्षेत्रों में सुस्पष्ट रहा है।

विश्वविद्यालय की कुलपति और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि कदम मिलाकर चलना होगा जैसी उनकी कालजई रचनाओं का उल्लेख करते हुए अटल जी से प्रेरणा लेने की बात कही तथा उनकी आत्मकथा पढ़ने को प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि ग्वालियर में जहां उनका जन्म हुआ वह घर अभी भी विद्यमान है। अटल जी स्वभाव से सरल और सहज व्यक्ति थे। विदेश मंत्री अथवा तीन-तीन बार प्रधानमंत्री रहने के बाद भी वह जन सामान्य से पहले जैसा ही ही लगाव और जुड़ाव रखते थे। अटल जी एक साहित्यिक एक कवि एक राजनेता एक पत्रकार के रूप में प्रत्येक क्षेत्र में शिखर को छूने वाले विराट व्यक्तित्व के स्वामी थे। कार्यक्रम से पूर्व इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद के समन्वयक प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर आराधना, प्रोफेसर ए वी कौर, डॉ. योगेश कुमार, डॉक्टर मनीषा त्यागी, डॉ. शालिनी, डॉ. मुनेश, धर्मेंद्र, प्रज्ञा, रवि शंकर, विक्रांत, विकास, शैलेंद्र ,अंकिता, नितेश, शिवकुमार आदि शोधार्थियों सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सोलर रुफटॉप लगाकर बिजली का बिल करें शून्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परियोजना प्रभारी यूपीनेडा प्रमोद भूषण शर्मा ने बताया कि भारत सरकारध्राज्य सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनार्न्तगत सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ता (सरकारी/गैर सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, उद्यमी, किसान आदि) योजना के पात्र हैं, 02 किलोवाट क्षमता के विद्युत संयोजन पर 02 किलोवाट क्षमता के सोलर रुफटॉप की स्थापना कराई जा सकती है वर्तमान में 02 किलोवाट के सिस्टम का कुल मूल्य 1,25,000 रु. निर्धारित है। जिस पर 90,000 रु. का अनुदान सभी के लिए अनुमन्य है साथ ही 06 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध है। इस योजनान्तर्गत सोलर से उत्पादित अतिरिक्त यूनिटस ग्रिड में प्रेषित की जाती है, जो सायं 05:00 के बाद फ्री में वापस मिलती हैं। इस प्रकार उपभोक्ता दिन में और रात्रि में भी फ्री में बिजली प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार 03 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर रुफटॉप की स्थापना पर 1,08,000 रु. का अनुदान सभी के लिए अनुमन्य है। सिस्टम की अनुमानित कीमत 60,000 रु. प्रति किलोवाट है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्तमान तक जनपद मेरठ में छः हजार घरों में सोलर रुफटॉप की स्थापना कराते हुए कुल 18,000 किलोवाट (18 मेगावाट) सोलर रुफटॉप की स्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। सोलर सिस्टम से कार्बन उत्सर्जन कम हुआ है एवं भारत सरकार/राज्य सरकार को कार्बन क्रेडिट भी मिल रहा है एवं पर्यावरण को संरक्षित करने में भी इस कार्यकम की महत्वपूर्ण भूमिका है। 01 किलोवाट सोलर रुफटॉप की स्थापना कराए जाना 25 पेड लगाए जाने के बराबर है। उन्होने जन-सामान्य से अनुरोध किया है कि सोलर रुफटॉप लगाकर अपना बिजली का बिल शून्य करें एवं सरकार द्वारा देय अनुदान का लाभ उठाएं।

# आसपा नेता बदर अली का गांजा तस्करों से कनेक्शन!

## लंबी पूछताछ के बाद गांजा तस्करों को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिम यूपी के चर्चित ड्रग तस्कर तस्लीम का बेटा शाहबाज थाना लोहियानगर से एनडीपीएस के मुकदमों में वांछित चल रहा था। मंगलवार की शाम पुलिस को सूचना मिली की शाहबाज अपने कुछ साथियों के साथ ब्लैक स्कोर्पियो में दिल्ली से वापस आ रहा है। उसकी धर पकड़ के लिए जाल बिछाया तो काशी टोल प्लाजा पर स्कोर्पियों पहुंचते ही पुलिस ने उसे और उसके साथियों बदर अली व पार्षद शमशाद सहित व दानिश सैफी आदिल इलाही और सलमान कुरैशी को धर दबोचा। पुलिस सभी को पकड़कर थाना परतापुर में ले आई। रातभर बैठाए रखकर जांच पड़ताल और पूछताछ के बाद सलमान की निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से 530 ग्राम चरस गांजा बरामद किया। सलमान और शाहबाज के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया जबकि बदर अली सहित शमशाद और दानिश आदि का शांति भंग में चालान कर दिया गया।




गांजा तस्कर के साथ बदर अली

गौरतलब है कि तस्लीम पश्चिम उत्तर प्रदेश का एक बड़ा ड्रग तस्कर है जिसके विरुद्ध पूर्व में कई मुकदमे दर्ज है और करोड़ों रुपये की संपत्ति भी कुर्क की जा चुकी है। वहीं दूसरी तरफ कुछ दिन पहले ही चंद्रशेखर आजाद की पार्टी आसपा को ज्वॉइन करने वाले बदर अली के विरुद्ध भी दंगे बलबा, हत्या का प्रयास, रंगदारी और गबन धोखाधड़ी के लगभग 20 मुकदमे दर्ज हैं। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर वांछित अपराधी ड्रग्स माफिया के साथ बदर क्या कर रहे थे। कई लोग बदर अली का कनेक्शन ड्रग्स माफियाओं के साथ जोड़ रहे हैं। हालांकि वह खुद ड्रग्स का काम करने वालों के साथ ही पकड़े गए हैं। पुलिस ने हल्की-फुल्की धाराओं में उनका चालान तो कर दिया लेकिन राजनीति की दुनिया में अब बदर अली और चंद्रशेखर आजाद पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। बदर अली शहर और दक्षिण दोनों विधानसभा पर नजरें बनाए हुए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि बदर अली ने किसी के कहने पर आसपा ज्वॉइन की है और उनकी वजह से अब पार्टी को भी बड़ी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है।

## तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत, कुत्ते को बनाया निवाला

**पीलीभीत।** पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव रामपुर कौन, कढ़ेरचौरा में लगभग 1 सप्ताह से तेंदुए के पंजे देखें जानें से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीती रात रामपुर कोन में एक गन्ने के खेत में घात लगाए बैठे तेंदुए ने कुत्ते को अपना निवाला बना लिया है। गन्ने के खेत से 60 मीटर पर बने झाले पर रहने वाले सोना सिंह पुत्र हरदीप सिंह निवासी रामपुर कोन ने बताया कि बीती रात तेंदुए ने मेरे कुत्ते को अपना निवाला बना लिया है। मेरे घर के आसपास लगभग 300 मीटर की दूरी पर 4 झाले बने हुए हैं स सभी घरों में दहशत का माहौल है और अपने निजी काम से जानें में भी अनहोनी होने का अंदेशा बना रहता हैं। सोना सिंह ने बताया मेरे परिवार में मेरी पत्नी और मेरी बूढी मां और मेरे छोटे छोटे बच्चें है कुल मिलाकर 6 लोगों का मेरा परिवार है।

# नमो भारत ट्रेन अश्लीलता प्रकरण में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

## वीडियो वायरल करने वाला कर्मचारी सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली-मेरठ के बीच हाई-स्पीड सफर का पर्याय बनी नमो भारत रैपिड रेल में अश्लीलता फैलाने और उसकी फुटेज सार्वजनिक करने के मामले में प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया है। दैनिक शाह टाइम्स द्वारा इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद, गाजियाबाद पुलिस ने मोदीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही, ट्रेन की गोपनीयता भंग करने वाले रेल कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### क्या है पूरा मामला?

बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें नमो भारत ट्रेन के कोच के भीतर एक युवक और युवती आपत्तिजनक अवस्था में नजर आ रहे थे। यह पूरी घटना ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। नियमतः इस फुटेज की सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखना रेलवे कर्मचारियों की जिम्मेदारी थी, लेकिन एक कर्मचारी ने इस फुटेज को अपने मोबाइल से रिकॉर्ड कर सार्वजनिक कर दिया।

### शाह टाइम्स की निष्पक्ष पत्रकारिता का प्रभाव

इस घटना के बाद दैनिक शाह टाइम्स ने न केवल सार्वजनिक परिवहन में बढ़ती अश्लीलता पर सवाल उठाए, बल्कि सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी की फुटेज को सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले कर्मचारी की नैतिकता और कानूनी उल्लंघन को भी मजबूती से उजागर किया। अखबार की खबर का संज्ञान लेते हुए विभाग ने संबंधित कर्मचारी को सस्पेंड कर उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

### कानूनी कार्रवाई और पुलिस का सख्त रुख

मामला चर्चा में आते ही रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस हरकत में आई। जांच में पता चला कि यह घटना गाजियाबाद जिला सीमा के अंतर्गत हुई थी, जिसके बाद मोदीनगर थाने में केस दर्ज किया गया।

### कर्मचारी पर गिरी गाज

बिना अनुमति के सुरक्षा फुटेज को सार्वजनिक करना आईटी एक्ट और रेलवे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना गया है। पुलिस सीसीटीवी की मूल फुटेज के आधार पर वीडियो में दिख रहे युवक-युवती की पहचान करने में जुटी है। अधिकारियों ने कानूनी कार्रवाई करके स्पष्ट संदेश दिया है कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट में ऐसी अभद्रता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रॉपर्टी विवाद में पति ने ली अपनी पत्नि की जान

## पत्नि अपने ममेरे भाई के नाम कराना चाहती थी मकान, पति ने किया विरोध, पत्नि नहीं मानी, तो कर दी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कस्बे में प्रॉपर्टी विवाद ने एक महिला की जान ले ली। पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर हत्या करने के बाद आरोपी पति खुद कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है।

गाजियाबाद के जलालाबाद का रहने वाला रमन पाल 55वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। उसने दो वर्ष पूर्व खेकड़ा के रामपुर स्थित शाह गार्डन कॉलोनी में एक मकान खरीदा था, जिसे पत्नी संगीता 50वर्षीय के नाम कर दिया था। रमन पाल खुद गांव जलालाबाद में रहता था, जबकि उसकी पत्नी संगीता अपने ममेरे भाई ढिकोली गांव निवासी राजीव के साथ खेकड़ा में रह रही थी। रमन पाल ने बताया कि संगीता घर को ममेरे भाई के नाम कराना चाहती थी। इतना ही नहीं, वह अपनी जमीन भी उसके नाम करने की तैयारी में थी। इसकी जानकारी मिलते ही पति रमन पाल ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। बुधवार को रमन पाल खेकड़ा पहुंचा, जहां पति-पत्नी के बीच फिर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि रमन पाल ने पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, जबकि हाथ की एक उंगली कटकर जमीन पर पड़ी मिली। आसपास के लोगों के अनुसार सुबह करीब आठ बजे महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनी गई थीं, लेकिन कुछ ही देर बाद वह शांत हो गई। महिला के गले पर भी चोट के निशान पाए गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल से महिला का शव जमीन पर पड़ा मिला। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।







पुलिस ने घटनास्थल से एक हथौड़ा और एक छैनी बरामद की है, जिनसे हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। रमन पाल के एक बेटा प्रदीप और एक बेटी हैं, दोनों की शादी हो चुकी है। बेटा लोहिया नगर में ट्रक चलाता है। घटना की सूचना महिला की बेटी आरजू को दे दी गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच अधिकारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि आरोपी पति रमन पाल को हिरासत में ले लिया गया है। बरामद हथियारों के आधार पर जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चुनावों के मद्देनजर 10 असामाजिक तत्वों को छह महीने के लिए किया जिलाबदर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने आगामी 2026 के चुनावों के मद्देनजर 10 असामा. जिक तत्वों को छह महीने के लिए जिलाबदर किया है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि ये लोग चुनाव के दौरान माहौल खराब कर सकते हैं।

पुलिस ने इन सभी को चेतावनी दी है कि यदि वे जिलाबदर की अवधि के दौरान जिले की सीमा में पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बागपत एसपी सूरज राय के निर्देश पर पुलिस चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह सतर्क है। जिन 10 लोगों को जिलाबदर किया गया है, उनमें निवाड़ा निवासी साबिर, कस्बा बागपत निवासी इकराम और दानिश, बरसिया निवासी इसरार, ढिकोली निवासी विनीत, मंसूरपुर निवासी सन्नी, टिकरी निवासी धीरज, दोघट निवासी कामरान, इदरीशपुर निवासी शोईम और बड़ौत थाना क्षेत्र के खड़खड़ी निवासी इकबाल शामिल हैं। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि 2026 के चुनावों को देखते हुए अब तक कुल 91 असामाजिक तत्वों को जिलाबदर किया जा चुका है। पुलिस लगातार संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर रही है और उन पर निगरानी रख रही है।

## व्यापार संघ के महामंत्री अंकुर शर्मा को मिली फोन पर धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अग्रवाल मंडी टटीरी कस्बे में व्यापार संघ के महामंत्री अंकुर शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें शाम के समय एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी। इस घटना के बाद अंकुर शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

अंकुर शर्मा ने पुलिस को बताया कि धमकी मिलने के बाद से वह काफी डरे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अन्य व्यापारियों से भी बात की है। व्यापारियों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है और उन्होंने आरा. पी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, धमकी देने वाला व्यक्ति झगड़ालू किस्म का है। वह अक्सर शराब के नशे में लोगों से अभद्रता करता है। व्यापारी ने बताया कि आरोपी पहले भी एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर चुका है और उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज है। इसके बावजूद वह लोगों को परेशान कर रहा है। पुलिस ने अंकुर शर्मा की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी युवक की तलाश की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



व्यापार संघ के महामंत्री अंकुर शर्मा

## जूते की दुकान से लाखों रुपये के जूते चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा गांव में एक जूते की दुकान से लाखों रुपए के जूते चोरी हो गए। चोरों ने दुकान की छत उखाड़कर इस वारदात को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों को चोरी की घटना का पता तब चला जब वे मौके पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दे रही है। बागपत में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। खेकड़ा पाठशाला के पास शराब की दुकान, भगोट गांव और एक कैमरामैन के मकान में हुई चोरियों सहित दर्जनों मामलों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके। पुलिस अधिकारियों ने दो. हराया है कि इस मामले का भी जल्द खुलासा किया जाएगा।



## एक नजर

### सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सुशासन कार्यशाला का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर 25 दिसंबर 2024 से 25 दिसंबर 2025 तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के समस्त विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन-प्रशासन में पारदर्शिता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर कार्यालय आए, उसकी बात को व्यवहार कुशलता एवं धैर्यपूर्वक सुना जाए तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्तमान में केन्द्र व राज्य सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, असहाय एवं वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़कर सुशासन को धरातल पर साकार कर रही है। अटल जी का सम्पूर्ण जीवन देश के विकास, शिक्षा, सुशासन एवं समावेशी प्रगति को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा गांव-गांव चौपाल लगाकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को आच्छादित किया जा रहा है, जो अटल के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज संचालित अधिकांश जनकल्याणकारी योजनाएं अटल के विचारों एवं जीवन दर्शन से प्रेरित हैं। कार्यशाला में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, उनके निराकरण के उपाय, एवं सुशासन के सर्वोत्तम प्रयासों पर चर्चा की गई। अधिका. रियों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए, और जनसामान्य को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कहा यह कार्यशाला प्रशासनिक पारदर्शिता और जनकल्याण के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में किए जा रहे अच्छे कार्यों की डॉक्यूमेंट्री तैयार कर उनका प्रेजेंटेशन किया जाए, ताकि आमजन को शासन की उपलब्धियों की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि बागपत एनसीआर का महत्वपूर्ण जनपद है तथा दिल्ली के समीप होने के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नियोजित विकास पर विशेषफोकस करते हुए बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य किया जाए, जिससे बदलते बागपत की बदलती तस्वीर स्पष्ट रूप से दिखाई दे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्यालय में सिटीजन चार्टर, कार्य प्रवाह (फ्लो चार्ट), आरटीआई संबंधी जानकारी, सरकारी योजनाओं के सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। किसानों से संबंधित योजनाओं की जानक. ारी कृषि विभाग में प्रमुखता से प्रदर्शित की जाए। प्रत्येक पटल पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी की नेम प्लेट, कार्यालय के बाहर सीयूजी नंबर, पेयजल हेतु वाटर कूलर, बैठने की उचित व्यवस्था, कार्यालय भवन की क्षमता एवं स्थिति संबंधी विवरण प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आई-कार्ड धारण करें, कार्यालयों में स्वच्छता, रिकॉर्ड प्रबंधन, फाइलों की विडिग, अनावश्यक कागजों का निष्पादन तथा रीसाइक्लिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। बड़े कार्यालय परिसरों में एनआरएलएम द्वारा संचालित कैंटीन, सीसीटीवी कैमरे, लैंडलाइन फोन जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि नई सरकारी इमारतों में दिव्यांगजनों के लिए रैंप, सोलर सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। कार्यशाला के माध्यम से सुशासन की अवधारणा को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### सरकार की मंशा के अनुरूप हो आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अत: सभी अधिकारी एवं कार्यालय अध्यक्ष सरकार की मंशा के अनुरूप आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण को लेकर बहुत ही गंभीरता एवं सतर्कता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि गुणवत्ता पूर्वक ढंग से सभी शिकायतों का निस्तारण सरकार की मंशा के अनुरूप समय बद्धता के साथ संभव हो और सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जनता को भरपूर लाभ मिल सके। इस संबंध में उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए स्पष्ट किया है कि समस्त अधिकारीगण आइजीआरएस पोर्टल की लंबित शिकायतों कि स्वयं समीक्षा करें और उन्हें गहनता के साथ पूर्ण गुणवत्ता के साथ ही निस्तारण करना सुनिश्चित करे उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुये कहा कि यदि किसी भी अधिकारी के द्वारा आईजीआरएस प्रकरण में लापरवाही बरती जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेंगी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर ज्योति शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसपी ने किया पुलिस कार्यालय में प्रतिसार निरीक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसपी ने पुलिस कार्यालय में प्रतिसार निरीक्षक, यातायात निरीक्षक व हेड कांस्टेबल परिवहन शाखा के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की। बुधवार को करीब पांच बजे प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि एसपी सूरज कुमार राय ने पुलिस कार्यालय बागपत में प्रतिसार निरीक्षक, यातायात निरीक्षक व हेड कांस्टेबल परिवहन शाखा के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कार्यालयी व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण, यातायात एवं परिवहन से संबंधित कार्यों, लंबित प्रकरणों तथा कार्य प्रगति का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## अमन ने किया माय भारत स्वयंसेवक के रूप में किए गए कार्यों का विवरण साझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को देश में स्वयंसेवा क्षेत्र के विशिष्ट राष्ट्रीय सम्मान आई वॉलेंटियर यूथ चैंपियन पुरस्कार से विभूषित हुए माय भारत स्वयंसेवक अमन कुमार को राष्ट्रीय महत्व का यह पुरस्कार अर्जित करने पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय, भारत सरकार की ओर से नई दिल्ली स्थित माय भारत मुख्यालय में आमंत्रित कर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

माय भारत (मेरा युवा भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी निकाय है। इसका उद्देश्य विकसित भारत लक्ष्य 2047 में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है जिसके लिए वॉलंटियर फॉर भारत एवं अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। माय भारत स्वयंसेवक के रूप में अमन ने उड़ान यूथ क्लब के गठन किया जिसके तहत प्रोजेक्ट कॉन्टेस्ट 360 संचालित कर 83 लाख से अधिक युवाओं तक शैक्षिक एवं करियर अवसरों की जानकारी पहुंचाई। वहीं प्रशासन संग मिलकर नवाचार विकसित किए और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों से भी जुड़े। अमन कुमार की विशेषज्ञता के आधार पर उन्हें उत्तर प्रदेश में माय भारत यूथ मेंटोर भी बनाया गया है। इस दौरान मंत्रालय से उप सचिव सुब्रत हाजरा, माय भारत मुख्यालय के संयुक्त निदेशक प्रकाश वैद्य, उप- निदेशक अरुण कुमार तिवारी, उप- निदेशक अभय शंकर, उप-निदेशक देवेंद्र कुमार सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। इस दौरान अमन ने माय भारत स्वयंसेवक के रूप में किए



गए कार्यों का विवरण साझा किया जिसकी सभी ने सराहना की। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष युवाओं को शासन प्रशासन के इंपैक्ट डिलीवरी सिस्टम में सहभागी बनाने हेतु सुझाव दिए। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने भी वर्ष 2026 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ वॉलंटियर्स फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के रूप में मनाने की घोषणा की है जिसके अंतर्गत दुनियाभर में स्वयंसेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए कार्य होंगे। ऐसे में बागपत के अमन कुमार का यह सम्मान स्वयंसेवा के बढ़ते वैश्विक महत्व में ग्रामीण युवाओं की भूमिका को भी रेखांकित करता है।

## धीरज जैन को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर जियो और जीने दो चैरिटेबिल ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव प्रसिद्ध समाजसेवी हेमचंद जैन ट्रस्टी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल तहसील परिसर में एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन देने पहुंचा मौके पर एसडीएम नहीं मिल पाई तो उन्होंने तहसील परिसर में कानूनगो को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उनको सोपा। ज्ञापन में अफ्रीका के कैमरून में फसे धीरज जैन को भारत वापस लाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों ने बताया कि अफ्रीका ने धीरज जैन को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेज दिया है। उन पर लगे सभी आरोप गलत है। उन्होंने विदेश मंत्री से धीरज जैन को भारत लाने की भी मांग की है। ज्ञापन देने वालों में हेमचंद जैन फरमान कुरैशी प्रवीण जैन सुधीर जैन कालूराम जैन गौरव जैन रामनिवास जैन कालूराम राकेश जैन आदि मौजूद रहे।



## ऋषिपाल हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, पांच गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिहारीपुर गांव में हुए ऋषिपाल हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने प्रधान सहित पांच आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, चुनावी रंजिश के चलते ऋषिपाल की गोली मारकर हत्या की गई थी।

पुलिस पूछताछ में प्रधान देवप्रिय पुत्र ब्रह्म सिंह ने स्वीकार किया कि ऋषिपाल द्वारा ग्राम पंचायत चुनाव में किसी अन्य प्रत्याशी का समर्थन किए जाने से उसे अपनी हार का डर सता रहा था। इसी कारण उसने ऋषिपाल की हत्या की साजिश रची और उसे गोली मरवा दी। पुलिस ने इस मामले में दिनेश निवासी दत्तनगर, आजाद, प्रियव्रत और ओमवीर निवासीगण बिहारीपुर



को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। गौरतलब है कि 13 दिसंबर को गांव के बुजुर्ग ऋषिपाल की दुकान खोलते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के बेटे शुभम की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने करीब 10 दिन बाद इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और यदि अन्य आरोपियों की संलिप्तता सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने की आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने बाले संदर्भो की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनता की शिकायतों का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलैक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने बाले संदर्भो के संबंध में समीक्षा बैठक की और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्यालयध्यक्षों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ करें। माह नवम्बर 2025 में सम्बन्धित शिकायतकर्ताओं द्वारा कुल 1041 शिकायतों पर फीडबैक दर्ज कराया गया, जिसमें 619 संदर्भो में संतुष्ट तथा 422 संदर्भो में असंतुष्ट फीडबैक दर्ज कराया गया है। पूर्व के महीने में कुल 09 संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में है, जिनके सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है।

सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त करने वाले अधिकारियों में अधिशासी अभियन्ता, विघुत बागपत, जिला गन्ना अधिकारी बागपत, अधिशासी अभियंता, सिंचाई, जल संसाधन- बागपत, जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत, पूर्ति निरीक्षक बडौत, पूर्ति निरीक्षक बागपत खण्ड विकास अधिकारी छपरौली तथा खण्ड विकास अधिकारी पिलाना है। डिफाल्टर की श्रेणी में आने वाले संदर्भ पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और उन्हें कड़े निर्देश दिए कि तत्काल डिफाल्टर संदर्भ को निस्तारित किया जाए। जिलाधिक. ारी ने कहा जो अधिकारी शिकायतकर्ता की शिकायत का गुणवत्ता के साथ निस्तारण नहीं करेंगे उनकी कार्यशैली से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाएगा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भ को गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए और शिकायतकर्ता से अधिक. ारी दूरभाष पर भी बात करें कि शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट है या नही मौके पर पहुंचकर ही रिपोर्ट लगाई जाए। उन्होंने कहा आईजीआरएस पोर्टल पर डिफाल्टर श्रेणी में कोई शिकायत ना आये उनका निस्तारण करे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनपद भर में स्वच्छता अभियान चलाया और महात्मा गांधी सहित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को समारोह के रूप में मना रही है। 24 से 31 दिसंबर तक कई जगहों पर दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये जायेंगे। नगर में भाजपाइयों ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें नगर में मूर्ति स्थलों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका परिषद स्थित महात्मा गांधी और बाबा शहामल की प्रतिमा पर फूल चढ़ाए और माल्यार्पण किया। जिला महामंत्री व कार्यक्रम जिला संयोजक एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के राष्ट्र सेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के आदर्शों को याद करना और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना था।

## बांग्लादेश में हो रही अमानवीय घटना को लेकर इस्लामिक जिहाद का किया पुतला दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बांग्लादेश में हो रही अमानवीय घटना को लेकर पक्का घाट परशुराम भवन से लेकर राष्ट्र वंदना चौक तक नारेबाजी की तथा इस्लामिक जिहाद का पुतला दहन किया।

बुधवार को करीब एक बजे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री नितिन गोस्वामी ने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद इस्लामिक जिहादी गतिविधियां निरंतर बढ़ती जा रही हैं और उनके निशाने पर हिंदूओं के मंदिर, व्यावसायिक केंद्र, महिलाएं, संपत्ति, शासकीय कर्मचारी, पत्रकार ही रहते हैं। हिंदू उत्पीड़न की घटनाएं प्रति सप्ताह होती रहती है। बताया गया कि सामान्य हिंदू श्रमिक दीपू दास पर ईश निंदा का झूठा आरोप लगाया गया। एक अनौपचारिक बातचीत में दीपू दास ने ईश्वर के एक होने और उसके विभिन्न नाम होने की बात कही, जिसमें कुरान, इस्लाम या अल्लाह का कोई संदर्भ नहीं था। इसे मनमाने ढंग से ईश निंदा का रूप देकर उसे प्रताड़ित किया गया, जिहादी तत्व यहीं नहीं रुके और एक बड़ी भीड़ ने पीट पीट कर उसकी हत्या कर दी। आतंक फैलाने के लक्ष्य से दीपू की मृत देह को पेड़ से लटका कर जलाया। घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया में तत्काल प्रसारित किए गए, यह सारा घटनाक्रम पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने हुआ और उन्होंने इसे रोकने की कोई चेष्टा नहीं की। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बांग्लादेश में हो रही अमानवीय घटना को लेकर परशुराम भवन बागपत लेकर राष्ट्र वंदना चौक तक नारेबाजी की तथा इस्लामिक जिहाद का पुतला



दहन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डा.यशपाल शास्त्री, जिला संयोजक सागर कश्यप, जिला विशेष संपर्क विनोद, विभाग संयोजिका मातृ शक्ति निशा, विकास, ललित, वरुण, गौरव, विपिन, बिट्टू, मनीष, सोनू, हिमांशु, वरुण, चंद्रपाल, अमित, मनोज, सुभाष आदि मौजूद रहे।

# हापुड़ में पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का स्वागत

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर सपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम बुधवार को हापुड़ पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका फूल-मालाओं से भव्य एवं जोरदार स्वागत किया। आचार्य प्रमोद कृष्णम हापुड़ से होते हुए मेरठ की ओर किसी अन्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनका काफिला मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर हापुड़ क्षेत्र में पहुंचा, पहले से मौजूद ग्रामीणों और समर्थकों ने उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया।



इस अवसर पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों का मुद्दा उठाते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे जुल्म बेहद चिंताजनक हैं, लेकिन देश की कुछ राजनीतिक पार्टियां इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा आतंकवादियों का समर्थन करने वाली पार्टी है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी हिंदुओं का विरोध करने वाली, इंसानियत के खिलाफ खड़ी और जातिवाद का नंगा नाच करने वाली पार्टी है। उन्होंने सपा को गुंडों की पार्टी बताते हुए कहा कि ऐसी सोच देश और समाज के लिए घातक है।

इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी हमला बोला। राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि बिहार चुनाव ने इस मुद्दे की हवा निकाल दी है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का शोर मचाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया, लेकिन सच्चाई सामने आ चुकी है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी को इस विषय पर शर्म आनी चाहिए। आचार्य प्रमोद कृष्णम के इन बयानों के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने तालियां बजाकर और नारे लगाकर उनका समर्थन किया। कार्यक्रम के बाद उनका काफिला अगले गंतव्य की ओर रवाना हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आचार्य प्रमोद कृष्णम के आगमन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने उनके विचारों का खुलकर समर्थन किया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गई। ब्रजघाट गंगा पुल के समीप सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि व्यक्ति सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार शव के पास से नीले रंग की चेकदार शर्ट तथा सर्दी के कपड़े मिले हैं, जिसके आधार पर पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि हादसे के बाद फरार वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके और आरोपी वाहन चालक को चिन्हित किया जा सके। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो, तो कोतवाली में सूचित करें।

## कांग्रेसियों ने बांग्लादेश के पीएम का फूंका पुतला, मुर्दाबाद के लगाए नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेसजन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर एकत्र हुए, जहां उन्होंने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद युनुस का पुतला फूंका, झंडा जलाया और उनके खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कांग्रेसियों ने झंडे पर जूते मारकर अपना विरोध जताया।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर जिस तरह के अत्याचार हो रहे हैं, वह बेहद निंदनीय और शर्मनाक हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर नाराजगी जताते हुए बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने और भारत सरकार से मामले में हस्तक्षेप की मांग की। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में तुरंत दखल देने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की। गजराज सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में तानाशाही जैसी स्थिति बनती जा रही है। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, पूर्व



नगर अध्यक्ष मदन सिंह चौहान, रामप्रसाद जाटव, आईसी शर्मा, इकबाल प्रधान, सतेंद्र शर्मा, राहुल शर्मा, कुसुमलता, अमरनाथ प्रधान, फुरकान कुरैशी, नफीज खान, लाल बहादुर, जकरिया मनसबी, विक्की शर्मा, कुंवर मजहर खान, धर्मेंद्र कश्यप, ओमवीर नागर, निसार पठान, गौरव गर्ग, अनुज कुमार एडवोकेट, भरत लाल शर्मा, मनोज शर्मा, कय्यूम सलमानी, प्रेम सागर, मनोज कुमार, यशपाल ढिलोर, रईस अन्नू, कमल किशोर भुर्जी, गोपाल भारती, तपसीर, तहमीना, अनूप कुमार, हैदर सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खाली प्लाट में नवजात का शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकपुरा में मंगलवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब एक खाली पड़े प्लॉट में नवजात शिशु का शव पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

स्थानीय निवासियों ने प्लॉट में शव देखे जाने की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा



नवजात के शव को सुनसान प्लॉट में लाकर फेंका गया है। घटना के बाद से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही क्षेत्रीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शव कब और किस परिस्थिति में वहां पहुंचा। इस संबंध में कोतवाली



प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। इसमें हत्या, अवैध गर्भपात अथवा नवजात को लावारिस छोड़ने जैसी आशंकाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही नवजात की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## किसान सम्मान दिवस पर ब्रजभूषण प्रथम पुरस्कार से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** किसान सम्मान दिवस के अवसर पर आयोजित किसान सम्मान योजना वर्ष 2025-26 के तहत गेहूं उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वझीलपुर निवासी राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रशासनिक सदस्य ब्रजभूषण पुत्र शिवनाथ को हापुड़ जनपद में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान भाजपा उत्तर प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सोमेन्द्र तोमर द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व किसानों ने ब्रजभूषण को बधाई दी। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय सैनिक संस्था, जिला इकाई हापुड़ के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी, उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता एवं हापुड़ जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, धौलाना तहसील अध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर, हापुड़ तहसील अध्यक्ष सतबीर प्रधान तथा गढ़मुक्तेश्वर तहसील अध्यक्ष जसबीर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों व प्रशासनिक सदस्यों ने ब्रजभूषण को फोन पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि ब्रजभूषण की यह सफलता क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है और उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने से उत्पादन बढ़ाने का संदेश देती है।

## स्कूल बस में धक्का लगाते बच्चों का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ स्कूल बस में सवार बच्चों से बस को धक्का लगवाया गया। यह घटना बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के लुखराडा के पास की बताई जा रही है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सड़क पर खड़ी स्कूल बस को आगे बढ़ाने के लिए छोटे-छोटे बच्चों को बस से उतारकर धक्का लगवाया जा रहा है। बच्चों की सुरक्षा को दरकिनार कर इस तरह का कृत्य न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि अभिभावकों की चिंता भी बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन और बस चालक की यह लापरवाही बेहद गंभीर है। बच्चों की जान जोखिम में डालकर उनसे इस तरह का काम कराना अमानवीय है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। मामले को लेकर अभी तक संबंधित स्कूल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो स्कूल प्रबंधन, बस चालक और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल बसों की नियमित जांच हो और बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### एक नजर

## एसपी के आदेश पर फरार बदमाश पर 20 हजार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ में दर्ज एक आपराधिक मुकदमे में लंबे समय से फरार चल रहे शातिर बदमाश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के आदेश पर फरार अपराधी की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

थाना प्रभारी बहादुरगढ़ धीरज मालिक ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना बहादुरगढ़ पर दर्ज मुकदमे में लंबे समय से फरार चल रहे शातिर बदमाश विनीत चौहान उर्फ मोनू पुत्र स्वर्गीय राजेश चौहान, निवासी ग्राम सालारपुर, थाना बहादुरगढ़, जनपद हापुड़ की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लगातार कानून से बचता रहा है और उसकी गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी जा चुकी है। अब इनाम घोषित होने के बाद पुलिस की टीमें उसकी तलाश में और तेजी से जुट गई हैं। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि उक्त आरोपी के संबंध में किसी को कोई भी जानकारी प्राप्त होती है या वह कहीं दिखाई देता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## 18 जनवरी को भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा का वार्षिकोत्सव, निःशुल्क ज्योतिष शिविर एवं सर्व पितृदोष निवारण महायज्ञ आगामी 18 जनवरी को एसएसवी डिग्री कॉलेज, दिल्ली रोड, हापुड़ में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी महासभा के अध्यक्ष पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले ने दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विद्वानों की बैठक आयोजित कर पूरे आयोजन को चार भागों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक भाग के लिए अलग-अलग समितियां गठित कर उनके अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। निःशुल्क ज्योतिष शिविर के अध्यक्ष डा. वासुदेव शर्मा, सर्व पितृदोष निवारण महायज्ञ के अध्यक्ष पंडित कमलेश घिल्डियाल, सम्मान समारोह के अध्यक्ष पंडित संतोष तिवारी तथा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश पोखरियाल बनाए गए हैं। पंडित केसी पाण्डेय ने बताया कि दिनभर चलने वाले कार्यक्रम के लिए अलग-अलग मुख्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। हवन-यज्ञ के लिए किसी विशिष्ट धर्माचार्य को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए पंडित केसी पाण्डेय के नेतृत्व में 15 सदस्यीय टीम कार्य कर रही है। महासभा ने जिले के श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## पुलिस ने तीन दिन पुरानी चोरी का किया खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन दिन पूर्व एक दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया एक लैपटॉप और एक हार्ड डिस्क बरामद की है।

थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की इस घटना का पर्दाफाश किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान तालिब पुत्र अफसर, निवासी मौहल्ला संतोगढ़ी एवं मोहसीन पुत्र शौकीन, निवासी मौहल्ला छिद्दापुरी के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को रेलवे रोड फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से दुकान से चोरी किया गया एक लैपटॉप और एक हार्ड डिस्क बरामद हुई, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नाबालिग किशोरी अपहरण मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी पटनीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में आरोपी युवक बादल उर्फ आदित्य पुत्र बलवीर, निवासी मोहल्ला जमाईपुरा गांव असौड़ा घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा लगातार उसकी तलाश की जा रही थी।

मुखबिर की सूचना पर थाना हापुड़ देहात पुलिस टीम ने किठौर तिराहे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे सलाखों के पीछे भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा महिलाओं व नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। ऐसे अपराधों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जल जीवन मिशन की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी के निर्देशन में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने की। बैठक में जनपद में संचालित पेयजल योजनाओं की प्रगति, संचालन एवं रखरखाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन पेयजल योजनाओं का कार्य 100 प्रतिशत फिजिकल कंप्लीट हो चुका है, उन्हें तत्काल ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस में लाया जाए, ताकि आम जनता को नियमित और सुचारू रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन योजनाओं की प्रगति 80 से 90 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है, उन पर कार्य में तेजी लाकर शीघ्र ही 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इसके साथ ही इन्फॉर्मेशन, एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन के माध्यम से निरंतर जनजागरूकता एवं फील्ड स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जल निगम को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि सभी पुरानी पेयजल योजनाओं में भी नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न हो। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की प्राथमिक योजनाओं में से एक है और इसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में परिवहन कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें के यूपीएसआरटीसी बस डिपो गढ़मुक्तेश्वर एवं हापुड़ में बुधवार को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में सभी परिवहन कार्मिकों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन विभाग के कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह शिविर आयोजित किया गया, जिससे समय रहते बीमारियों की पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के दौरान टीबी, एचआईवी, सिफिलिस, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर तथा नेत्र परीक्षण सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। जांच के साथ-साथ कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में नवभारत समाज कल्याण समिति के प्रोजेक्ट मैनेजर मंसूर अहमद के साथ स्वास्थ्य विभाग से उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा. कृष्ण कुमार शर्मा, जिला पीएमडीटी-टीबी-एचआईवी कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार, जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी, डा. इसरार, एसटीआई काउंसलर संगीता रानी, एचआईवी टेक्नीशियन विपिन कुमार, एचआईवी काउंसलर अशोक कुमार तथा नेत्र परीक्षण अधिकारी कुलवंत सिंह उपस्थित रहे। वहीं परिवहन विभाग की ओर से क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रणजीत सिंह, एसएसआई बबीता रानी, फोरमैन ऋषिपाल सिंह, अमित कुमार एवं लव कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पिलखुवा में वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा में बुधवार को पालिकाध्यक्ष विभु बंसल की अध्यक्षता में विधानसभा वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में नगर पालिका के सभासदों, संबंधित अधिकारियों एवं निर्वाचन अधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची को सही, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाना रहा। इस दौरान नए मतदाताओं के पंजीकरण, नामांतरण, डुप्लीकेट नामों के निष्कासन तथा मृत अथवा अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने पर विशेष चर्चा की गई। प्रत्येक वार्ड में मतदान योग्य नागरिकों की जानकारी एकत्र करने के लिए टीमों के गठन का निर्णय लिया गया। निर्णय लिया गया कि घर-घर सर्वेक्षण, पुराने रिकॉर्ड की जांच तथा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से डेटा का सत्यापन किया जाएगा। साथ ही वार्ड स्तर पर निरीक्षण एवं निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर सभी पात्र नागरिकों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन होना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा।

# गांजा तस्करी के पांच दोषियों को 14-14 साल की सजा

## साढ़े 14 कुंतल गांजा बरामदगी में कोर्ट का फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हसनपुर क्षेत्र के बहुचर्चित गांजा तस्करी मामले में अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। 14.50 कुंतल गांजा बरामदगी के मामले में दोषी करार दिए गए पांचों आरोपियों को अदालत ने 14-14 वर्ष के कठोर कारावास और ढाई-ढाई लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

चर्चित मामला हसनपुर क्षेत्र से जुड़ा था। 18 मार्च 2021 को तत्कालीन कोतवाल संजय तोमर व एसओजी प्रभारी मोहित चौधरी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर रात में बैरियर लगाकर संभल अड्डे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक कंटेनर को रोक लिया था। तलाशी के दौरान कंटेनर में 14.50 कुंतल गाजा मिला था जबकि पुलिस ने कंटेनर में सवार तीन लोगों को दबोच लिया था जबकि उनके दो साथी चकमा देकर भाग निकले थे। गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने अपने नाम कलीम तुर्क, रिहान निवासी गांव सीकरी मिलक थाना कुंदरकी जिला मुरादाबाद और सुमित कुमार निवासी नवादा बैन थाना उदवंत नगर जिला भोजपुर बिहार बताया था। बाद में पुलिस ने सलीम तुर्क निवासी सीकरी मिलक और अनवर उर्फ सोनू निवासी गांव नीलीखेड़ी कोतवाली डिडौली की भी गिरफ्तारी की थी। बरामद गांजे की उस वक्त बाजार में कीमत करीब

**■ कोर्ट ने ढाई-ढाई लाख रुपये का लगाया अर्थदंड**

पौने तीन करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद हसनपुर पुलिस ने पांचों को अदालत में पेश किया था। रिमांड मंजूर होने पर जहां से जेल भेज दिया था। फिलहाल पांचों इस मुकदमे में जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित द्वितीय की अदालत में विचाराधीन थी। 18 दिसंबर को अंतिम सुनवाई के सुनवाई करते हुए पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने गांजा तस्करी में कलीम तुर्क, रिहान, सुमित कुमार, सलीम तुर्क, अनवर उर्फ सोनू को दोषी करार दिया था। अदालत से दोषी कराए दिए जाने के बाद पांचों को न्यायिक अभिरक्षा में बिजनौर जेल भेज दिया गया था। मंगलवार को अदालत ने सजा के प्रश्न पर सुनवाई करते हुए पांचों को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई तथा ढाई-ढाई लाख रुपये का अर्थदंड लगाया।।

# फुटबाल में अमरोहा ने गढ़ को हराया

## तंवर ने किया सांसद खेल स्पर्धा का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बुधवार को सांसद कंवर सिंह तंवर ने स्टेडियम में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सांसद खेल महोत्सव 2025 फिट युवा फार विकसित भारत मिशन के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल , कुश्ती, जूडो , भारोत्तोलन और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं सहित 08 विभिन्न खेल स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। अमरोहा, नौगावां सादात, हसनपुर, धनौरा और गढ़ विधानसभा के 700 खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और खेल भावना ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकान्त त्यागी ने मुख्य अतिथि सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर को बुकें भेंटकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभम चौधरी, कैलाश चंद्र त्यागी गजरौला ब्लाक प्रमुख



श्रीमती मीनाक्षी चौधरी, अमरोहा ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह, हसनपुर ब्लाक प्रमुख श्रीमती गुर्जर मौजूद थे। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। जूनियर फुटबॉल बालक वर्ग का फाइनल गढ़ विधानसभा और अमरोहा विधान सभा के बीच हुआ। जिसमें अमरोहा ने गढ़ विधानसभा को 1-0 से हराकर कर फाइनल मैच जीत लिया। शेष सभी खेल प्रतियोगिताओं के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच खेले गये। फाइनल मैच कल खेले जायेंगे।

# बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, गर्भवती चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सड़क पर बाइक खड़ी करने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट होने से गर्भवती महिला व उसका पति चोटिल हो गये। पुलिस ने पति पत्नी को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया। व्यापारी भी कोतवाली पहुंच गये। बुधवार की दोपहर करीब 2:00 बजे पुराना डाकखाने पर समोसे की दुकान के आगे बाइक खड़ी करने को लेकर दुकानदार वह दूसरे पक्ष के बीच विवाद हो गया। कुछ ही देर में मामला ज्यादा तूल पकड़ गया तथा दोनों पक्षों की ओर से लात घूंसे चलने लगे। मारपीट का नजारा सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गया। कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच जमकर लात घूंसे चलते रहे। मौके पर काफी भीड़ भी जमा हो गई। मारपीट में मोहल्ला लाल बाग ऊंचा निवासी तसलीमा वह उसका पति ताज मोहम्मद चोटिल हो गये। चोटिल पति पत्नी कोतवाली पहुंच गये। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया। महिला तसलीमा ने बताया कि वह पति के साथ स्कूटी पर बाजार को आ रही थी। मारपीट में उसके गुम चोटे लगी है। और 5 महीने की गर्भवती है। मारपीट की सूचना पर व्यापारी नेता भी कोतवाली पहुंच गये। पुलिस को दोनों पक्षों के लोगों ने तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में बुझा घर का इकलौते चिराग

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सड़क दुर्घटना में घर के इकलौते बेटे की मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया



कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर खुर्द में उस वक्त मातम छा गया। जब घर के इकलौते चिराग की सड़क हादसे में मौत की खबर आई। मृतक युवक गढ़मुक्तेश्वर के एक होटल में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। जानकारी के अनुसार, शाहपुर खुर्द निवासी किसान फतेह सिंह का 24 वर्षीय पुत्र संजय सिंह गढ़मुक्तेश्वर स्थित एक होटल में कार्यरत था। मंगलवार की देर रात वह स्कूटी पर सवार होकर किसी काम से बाजार जा रहा था। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर गढ़मुक्तेश्वर में अल्लाबख्शपुर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि संजय की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को जब पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव गांव पहुंचा तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने बताया कि

संजय की शादी दो साल पहले वीरवती से हुई थी। अभी उसकी कोई संतान नहीं थी। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा और बुढ़ापे का एकमात्र सहारा था। जवान बेटे को खोने के गम में माता-पिता और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। हसनपुर कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामला गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र का है। इसलिए वहां की स्थानीय पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### हार्टअटैक से मेडिकल संचालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव डिडौली निवासी तेजराम सिंह सैनी पुत्र स्व भूप सिंह सैनी उम्र 58 वर्ष डिडौली में मेडिकल स्टोर चलाते हैं। रात्रि में मेडिकल बन्द करके अपने घर चले गए। रात्रि में अचानक सीने में दर्द की शिकायत पर परिजन निजी चिकित्सक के यहां ले गए। परंतु निजी चिकित्सक ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया रास्ते में ले जाते वक्त उनका देहांत हो गया। देहांत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आरके में हर्षोल्लास से मना क्रिसमस



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** आरके पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। छात्रों ने क्रिसमस से संबंधति गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां दीं। जिनमें प्रभु यीशु मसीह के जीवन और उनके संदेशों प्रेम, शांति एवं भाईचारे को दर्शाया गया। एक छात्रा ने सांता क्लाज की वेशभूषा में सभी बच्चें को उपहार वितरित किये। जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। विद्यालय को रंगबिरंगी सजाटव क्रिसमस ट्री, घंटियों एवं सितारों से सजाया गया। प्रधानाचार्य डा शिक्षा सरदाना ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेम, करूणा व सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रबंधतंत्र ने सभी छात्र छात्राओं को क्रिसमस पर्व की शुभानाएं दीं।

# क्रिसमस के उपलक्ष्य में प्रेमधाम स्थित चर्च में जश्न का माहौल

## स्कूल-कॉलेजों में भी क्रिसमस के अवसर पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिंगल वेल के स्वर गूंजे




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में गजरौला हाइवे स्थित प्रेमधाम की 'असंप्शन कैथोलिक चर्च' को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। बुधवार को रात को नौ बजे क्रिसमस कैरोल गायन और प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, चर्च के फादर रेवरेंड, फादर दीनबंधु ने पवित्र यूखरिस्त की अध्यक्षता की। समारोह की शुरुआत में सुंदर क्रिसमस कैरोल गाए गए, जिसे सुनकर सभी की मन में उत्सव का आनंद भरा। फादर दीनबंधु ने अपने संदेश में कहा, 'दुनिया को शांति की आवश्यकता है और क्रिसमस उस शांति को लाता है।' उन्होंने विश्वासियों से अपील की कि वे एकजुट होकर प्रेम

**■ बुधवार की रात नौ बजे हुआ कैरोल गायन, गुरुवार को सुबह नौ बजे होगी विशेष प्रार्थना सभा**

और शांति का संदेश फैलाएं। गजरौला और आस-पास के क्षेत्रों के समस्त कैथोलिक क्रिश्चियन समुदाय के लोग इस समारोह में भाग लेने के लिए एकत्रित हुए। फादर दीनबंधु ने बताया कि गुरूवार को क्रिसमस के अवसर पर सुबह 09 प्रार्थना सभा का आयोजन किया जायेगा। वहीं क्रिसमस के अवसर पर नगर के सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल व प्रेमधाम स्थित सैंट मेरी जोंस स्कूल को भी रंग बिरंगी झालरों व लाइटों से सजाया गया। यहां पर ईसा मसीह के जन्म और जीवन से जुड़ी झांकियों को सजाया गया, जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हो गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

## गंभीर हालत में एक हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में 22 दिसंबर की शाम अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर के खानपुर थाना क्षेत्र के गांव जडोल निवासी सौरभ कुमार और अमरोहा जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव मटानी की मड़ैया निवासी कुंवर पाल सिंह एक बाइक पर सवार होकर बरेली जा रहे थे। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना पहुंचते ही सामने से आ रहे एक अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। वहां उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी सौरभ की हालत में सुधार न होने पर उसे मेरठ रेफर किया गया है। डिडौली प्रभारी निरीक्षक हरिशबर्धन सिंह ने बताया कि मामले में संजय कुमार की तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# खेत से लोहे का तार व पाइप चोरी

## घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** खेत में घुसे चोरों ने लोहे का तार व पाइप लाइन चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपये थी। बावजूद इसके पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। अब एसपी के आदेश पर मामले में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव बीलनी की है। यहां किसान सुनील कुमार का परिवार रहता है। गांव में ही चामुंडा मंदिर के पीछे उनका खेत है। घटना 28 अगस्त की सुबह लगभग दस बजे की है। खेत में घुसे चोर करीब एक कुंतल लोहे का तार और 80 किलो पाइपलाइन चोरी कर दूसरे रास्ते से भाग गए। घटना की जानकारी होने पर सुनील कुमार ने जब खेत में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो आरोपियों की पहचान गांव के ही रहने वाले आदिल और फैजान के रूप में हुई। आरोप है कि 3 नवंबर को थाने में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। नतीजन आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और वह खुलेआम धमकी देने लगे। पीड़ित सुनील कुमार ने शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में आरोपी आदिल व फैसल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है, इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# भाकियू ने एसडीओ विद्युत का घेराव किया

## चकबंदी विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन शंकर ने बिजली की समस्याओं को लेकर एसडीओ का घेराव किया। चकबंदी विभाग में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करने की मांग की गई।

बुधवार को तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन शंकर की पंचायत का आयोजन किया गया। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि जिन गांवों में ग्रामीण चकबंदी नहीं करवाना चाहते हैं। वहां जबरन चकबंदी न करवाई जाये। आवारा पशुओं का आतंक फैला हुआ है। उसकी पहरेदारी किसान कर रहे है। उससे छुटकारा दिलवाया जाये। बैंक मनमानी करने पर उतारू है। 5 लाख की लिमिट अभी सपना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यूरिया डीपी में मिलावट का खेल हो रहा है। नैनो किसानों को जबरन थमाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ता को 200 यूनिट बिजली आपूर्ति मुफ्त दी जाये। नकली खाद और जहरीला पेस्टिसाइड का नेटवर्क इफको जैसे ब्रांड भी कठघरे में है। गजरौला की फैक्ट्रियों से निकलने वाला जहर इंसान और जानवरों के लिए कहर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों पर किसानों के अरबों रुपये बकाया है। 9 वर्षों में भी हसनपुर चीनी मिल का विस्तार नहीं हुआ है। इस दौरान बिजली विभाग के एसडीओ का घेराव भी किया गया। इस अवसर पर चौधरी धर्मवीर सिंह, कुलदीप चौधरी, बबीता रानी, वीना सैनी, शेर सिंह राणा, शिमला देवी, इंद्रवती, जरीना बेगम, नेपाल सिंह, मोनू चौधरी, अरुण कुमार, नेतराम सिंह सैनी मौजूद थे।


### धूमधाम से मनेगी अटल व मालवीय जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, धनौरा की मासिक बैठक नगर के कीर्ति सदन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजीव दीक्षित ने की। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक सरोकारों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25 दिसंबर को पंडित महामना मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती नगर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में श्रीपति शर्मा, डॉ. देवसुमन कौशिक, प्रेम कृष्ण शर्मा, नवीन दीक्षित, नरेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, सतेंद्र शर्मा, सुदीप शर्मा सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अमरोहा में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग

## महबूब अली ने सदन में उठाया मुद्दा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने विधानसभा में जिले में मेडिकल कालेज खोले जाने का मुद्दा उठाया। बुधवार को सदर विधायक महबूब अली ने सदन में यह मुद्दा उठाते कहा कि आज के दौर में तमाम नई नई बीमारियां फैल रही हैं। जिसकी रोकथाम के लिए जनपद में मेडिकल कालेज की स्थापना होनी जरूरी है। ताकि गंभीर मरीजों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े तथा उनका जिले में ही बेहतर उपचार हो सके। कई बार इलाज समय पर न मिलने के कारण रास्ते में ही रोगी दम तोड़ देते हैं। स्वास्थ्य मंत्री एवं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही जिले में मेडिकल कालेज की स्थापना की जायेगी।

# रैली निकाल टीकाकरण के प्रति किया जागरुक

## सरदार हमीदी स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बच्चों के टीकाकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गावी जीरो डोज परियोजना के तहत स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाली गयी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्य पाल सिंह के निर्देशानुसार गावी जीरो डोज परियोजना के अंतर्गत मोहल्ला चिल्ला में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सरदार हमीदी चिल्ड्रन अकादमी के बच्चों द्वारा निकाली गई इस रैली को मोहम्मद इस्लाम आलमी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान बच्चों ने समझदारी दिखाइए, संपूर्ण टीकाकरण कराइए, टीका लगा कर बनो कूल, बीमारियों को चटाओ धूल" जैसे नारों के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक किया। रैली स्कूल परिसर से निकलकर मदरसा चिल्ला, कोट और नल क्षेत्र से होते हुए पुनः सरदार हमीदी चिल्ड्रन अकादमी में समाप्त हुई। रैली में गुलरेज कमर डॉ. इफ्तेखार अनीस, अता उन नबी खान, आकिल खान, तारिक सिद्दीकी, श्रीमती रेहाना इफ्तेखार, इंदु शर्मा, रिजवाना अनवर, आशा जेबा मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में भागीरथी देवी की बेटियों का जलवा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा आयोजित प्रथम विश्वविद्यालय स्तरीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता में भागीरथी देवी महाविद्यालय, मंडी धनौरा की महिला एथलीट टीम ने शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक जगदीश शरण हिंदू डिग्री कॉलेज, अमरोहा में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कुमारी निहारिका ने 100 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक, जबकि कुमारी नीतू ने 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में खुशी और गर्व का माहौल है। इस अवसर पर प्राचार्य अभय कुमार, एडवोकेट रविंद्र कुमार अग्रवाल, चीफ प्रॉक्टर अनिल कुमार सिरोही, लेफ्टिनेंट संजीव कुमार, कोच सुनील कुमार सैनी, संजय गुप्ता, प्रतिभा सारस्वत, प्रीति चौहान, चारु वशिष्ठ, अवनीश कुमार, देवांग शर्मा सहित कुमारी शिवा देवल, कुमारी नीतू, कुमारी निहारिका, कुमारी रानी एवं अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बिजारखाता में तेंदुए ने घर में घुसकर ग्रामीण पर किया हमला, ग्रामीणों में दहशत व्याप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव बिजारखाता में रात तेंदुआ आबादी क्षेत्र में घुस गया। उसने एक घर में घुसकर ग्रामीण पर हमला कर दिया और उसे घायल कर दिया चीख पुकार सुनकर तेंदुआ घर की दीवार फांदकर भागने में सफल रहा। घायल ग्रामीण का स्थानीय अस्पताल में मरहम पट्टी करने के बाद उपचार कराया गया है। ग्रामीणों में आबादी क्षेत्र में तेंदुआ घुसने से दहशत व्याप्त हो गई है। मंगलवार की रात लगभग 9 बजे तेंदुआ गांव की उत्तरी आबादी में घुस गया तेंदुआ गांव के पूर्व उपप्रधान जफर अली के मकान में घुस गया इस दौरान परिवार के सभी सदस्य अपने कमरे बंद करके सो रहे थे बराबर के कमरे में पूर्व प्रधान जफर अली की चारपाई पड़ी हुई थी और कमरे का दरवाजा खुला था और वह मोबाइल पर समाचार सुन रहे थे इसी दौरान अचानक तेंदुआ घुस आया। और उनके मुंह पर झपट्टा मारा जिससे माथे पर पंजा लग जाने से वह घायल हो गए और खून में लथपथ हो गए। चीख पुकार सुनकर परिजन जाग गए और पास पड़ोस के लोग भी लाठी डंडे लेकर उनके घर की ओर दौड़ पड़े चीख पुकार और शोर शराबा की आवाज सुनकर तेंदुआ घर की दीवार फांदकर फरार हो जाने में सफल हो गया। तब कहीं जाकर ग्रामीणों को मामले का सही पता चल सका कुछ लोग तो शोर शराबा सुनकर घर में चोर घुसने की कहानी समझ रहे थे लेकिन जब घायल को देखा तो समझ में आया कि तेंदुआ हमला कर फरार हो गया। आसपास के ग्रामीण को भनक शाम से ही लग गई थी की क्षेत्र में तेंदुआ घूम रहा है। मसवासी पेट्रोल पंप के सामने इरफान टालवालों ने भी शाम के समय तेंदुए के लिए कुछ लोगों को सतर्क कर दिया था। और जंगल के आसपास स्थित घर वालों को शाम से ही किबाड बंद रखने की हिदायत की थी। आबादी क्षेत्र में तेंदुआ घुसने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है और दहशत व्याप्त हो गई है वन विभाग इस सूचना से अनभिज्ञ है। वन दरोगा कुलबीर सिंह ने इस मामले में जानकारी होने से इनकार किया।

# मिलक में बिजली बिल राहत योजना के कैंपों का निरीक्षण, उपखण्ड अधिकारी ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** विद्युत वितरण खण्ड मिलक में बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत लगाए जा रहे कैंपों तथा राजस्व वसूली कार्यों का उपखण्ड अधिकारी, मिलक द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने कैंपों की व्यवस्थाओं, उपभोक्ताओं को दी जा रही सुविधाओं और वसूली कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

उपखण्ड अधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पात्र उपभोक्ताओं को योजना का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कैंपों में आने वाले उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने, बिल



संशोधन, बकाया भुगतान व सरचार्ज राहत से संबंधित जानकारी स्पष्ट रूप से देने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि राजस्व वसूली कार्य पारदर्शिता के साथ किया जाए और उपभोक्ताओं के साथ शालीन व्यवहार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना से जुड़ सकें।

इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सोमपाल भारतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बार एसोसिएशन के सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट मोहम्मद जावेद मलिक ने बताया कि 24 दिसंबर को बार परिसर में नामांकन पत्रों की वापसी के लिए नियत थी। किंतु नामांकन पत्र की वापसी के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ 31 दिसंबर 2025 को अध्यक्ष पद के लिए नोनी राम तथा सतीश चंद्र गंगवार के मध्य एवं महासचिव पद के लिए बसंत कुमार तथा रमेश चंद्र के मध्य मतदान होगा। शेष वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सोमपाल भारतीय व उपाध्यक्ष 10 वर्ष से अधिक पर वीरेश कुमार व उपाध्यक्ष 10 वर्ष से कम पर अनुज पांडे व कोषाध्यक्ष पद पर देवेंद्र कुमार गंगवार तथा संयुक्त सचिव प्रशासन पर हर्षवर्धन गंगवार एवं संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर राकेश कुमार गंगवार निर्विरोध रहे।

# मिलावटखोरी के खिलाफ चलाया अभियान, भरे सेम्पल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार आम जनमानस को सुरक्षित खाद्यध्पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त द्धखाद्यऋ्ध्अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। विशेष छापामार अभियान में सुतरखाना रामपुर स्थित पप्पू बेकरी के मोहम्मद यासीन पुत्र दोस्त मोहम्मद से मैदा व वनस्पति का 01-01 नमूना लिया गया और कालातीत एक्सपायर्ड 250 किलोग्राम मैदा को सीज किया गया।

डायमण्ड रोड स्थित लेडी बेकर्स और सिविल लाईन्स स्थित बेकर्स टेबिल का निरीक्षण किया गया तथा स्वच्छता से संबंधित कमियों में सुधार हेतु इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया जा रहा है। शाहबाद गेट के पास प्रकाश फास्ट फूड एवं अन्य फास्ट फूड विक्रेताओं का निरीक्षण करके स्वच्छता से संबंधित सुधार कराया गया और खाद्य सुरक्षा के संबंध में जागरूकता किया गया। इस प्रकार विभिन्न



खाद्य पदार्थ के कुल 02 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किया जाएगा। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिक. ारीगण रामचन्द्र यादव, अशोक कुमार, शहाबुद्दीन दोस्त, देवकान्त उपस्थित रहे।

# आकाश शंकर का धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया, साथियों ने तालियां बजा कर बधाई दी



**शाहबेज अली**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** बुधवार को कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर केक काटा गया और उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। आकाश शंकर ने अपने जन्मदिन पर पार्टी का आयोजन किया, जिसके लिए साथियों ने उनका बहुत-बहुत धन्यवाद किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सिफत मिया, आफताब बेग, मुस्तफा मास्टर, जहीर,सुहैल खान शाहवेज अली आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने चकबंदी स्थगित कराने को मुख्यमंत्री पोर्टल, मंडलायुक्त एवं डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम चमरौल निवासी हरद्वारी सहित समस्त ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल,मंडलायुक्त मंडल मुरादाबाद जिलाधिकारी को दिए शिकायत पत्र में कहा कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया प्रारंभ की गई है जिसमें की अधिकतर आराजी रामग. ंगा नदी के क्षेत्र में है जिस कारण से पूरे रकवे की चकबंदी नहीं हो पा रही है।

ग्रामीणों ने अधिकारीगण व कर्मचारीगणो पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिक. ारीगण सहित कर्मचारीगण बड़े बड़े काश्तकारों की आराजी को मोटी रिश्वत लेकर चकबंदी पृथक कर दिया है।

ग्रामीणों के छोटे छोटे खेतों को भी चकबंदी पृथक कर दिया है जिसके



कारण छोटे छोटे किसानों को चकबंदी से कोई लाभ नहीं होगा ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले एक शिकायत पत्र दिया गया था जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई प्रार्थीगण के साथ साथ लगभग गांव के 65 प्रतिशत काश्तकार चकबंदी नहीं कराना चाहते क्योंकि सभी लोग शांतिपूर्वक आराजी को जोत व बो रहे है तथा आराजी का लाभ ले रहे है यदि चकबंदी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा चकबंदी की जाती है तो सीधे सीधे बड़े बड़े काश्तकारों को लाभ होगा तथा गांव के 65 प्रतिशत काश्तकारो को चकबंदी प्रक्रिया का कोई लाभ नहीं पहुंचेगा ऐसी स्थिति में चकबंदी प्रक्रियाएं स्थगित की जाने की।

# गुरु नानक एकेडमी में अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समापन पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** गुरु नानक एकेडमी, मिलक में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व। अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अटल जी के व्यक्तित्व, जीवन मूल्यों एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय की विशेष प्रार्थना सभा में क्रिसमस डे भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने



ईसा मसीह के जीवन, उनके त्याग, प्रेम और मानवता के संदेश पर प्रकाश डाला। वहीं कक्षा 1 के नन्हे छात्र-छात्राओं ने नाटिका के माध्यम से प्रेम पूर्वक जीवन जीने एवं नकारात्मक ऊर्जाओं से दूर रहने का सुंदर संदेश दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम के दौरान सैंटा क्लॉज ने बच्चों को टॉफी वितरित कर सभी को खुशियों से भर दिया।

विद्यालय के चेयरमैन विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान, मैनेजिंग डायरेक्टर मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्य मिताली सक्सेना एवं उप-प्रधानाचार्य अमित गंगवार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं तथा अटल बिहारी वाजपेई जी की उपलब्धियों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 1 के छात्र बिलाल, आस्था एवं उर्वशी कश्यप के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर आयुष, सचिन माहेश्वरी, वंश, प्रशांत पाण्डेय, मो। शारून, आकांक्षा गंगवार, अंजनी गंगवार, दिव्या गुप्ता, प्रवीण गंगवार, एहतेशाम, अलीशा, रमनीत, मन्तशा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों हेतु कैरियर गाइडेंस मेला एवं वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर टांडा में स्थित राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में आज समग्र शिक्षा माध्यमिक अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों हेतु कैरियर गाइडेंस मेला एवं वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित आधिकाधिक संख्या में अभिभावकों एवं समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों ने उपस्थित होकर छात्रों, विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षण गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अंत में मुख्य अतिथि एवं एवं नगर टांडा के विशेष आमंत्रित सभासदगण द्वारा छात्रों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर शुमाली के प्रधानाचार्य फईम अली द्वारा छात्रों को करियर संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। नगर टांडा के कन्या पाठशाला के अध्यापक नफासत अली, वार्ड 7 के प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक सईदुज्जफर रहमानी, वार्ड 7 के सभासद एम सगीर एवं विधायक प्रतिनिधि शरीफ अहमद द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षक गढ़ का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद असलम द्वारा सभी अतिथियों अभिभावकों, विशेष आमंत्रित व्यक्तियों का कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए धन्यवाद प्रकट किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि शरीफ जमील, सभासद एम सगीर, तस्लीम पहलवान, विद्यालय स्टॉफ संजय कुमार यादव, हेमंत कुमार त्रिपाठी, बाबू ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, अख्तर अली, रुक"या, शिवानी तथा नगर के अन्य विद्यालयों से मास्टर सईदुज्जफर रहमानी, मास्टर जमील, मास्टर युसूफ व मास्टर मुजाहिद उपस्थित रहे।

# एसबीआई के सीएसआर सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र का उन्नयन, बच्चों को मिली आधुनिक सुविधाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि बच्चों के समुचित विकास से देश की उन्नति सुनिश्चित कराने विषयक क्षेत्रीय प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी गतिविधि के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र- बगीचा एमना, नगर क्षेत्र बाल विकास परियोजना रामपुर शहर का उन्नयन कार्य कराया गया। जिसमें आंगनवाड़ी केन्द्र के रंग रोगन आदि मरम्मत कार्य कराए गए एवं बच्चों के लिए खेल कूद, पठन-पाठन, मनोरंजन, स्मार्ट क्लास इत्यादि संबंधी उपकरण एल. ई.डी., वाटर प्यूरीफायर, 1 अलमीरा, 10 डेस्ट, 10 कुर्सी, 2 सीलिंग फेन, 1 टेबल, 1 चएर आदि प्रदान किए गए और बच्चों लिए शुद्ध पेयजल हेतु वाटर फिल्टर दिया गया। भारतीय स्टेट बैंक समाज के सभी वर्गों के



उत्थान एवं विकास में सहयोग में प्रमुख भागीदारी निभा रहा है और अपनी विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों से धरातल पर कार्य कर रही है और सेवा भाव के लिए कटिबद्ध है।

इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक ऋण रितेश प्रसाद वास्तव, शाखा प्रबंधक दुर्गनगला, शाख निशा सिंह, मैनेजर एच.आर. मनोज कुमार, सहायक प्रबंधक अरविंद कुमार, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी बिजेंद्र कला आदि उपस्थित रहें।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के भौंरकी जदीद गांव निवासी महेंद्रपाल सोमवार शाम में गांव के पास से साइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे, रास्ते में अज्ञात बाइक सवार ने वृद्ध महेंद्रपाल को टक्कर मार दीं। हादसे में बुजुर्ग बुरी तरह जख्मी हो गए। जिनको परिजनों के द्वारा निजी वाहन से इलाज के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने वृद्ध महेंद्रपाल का उपचार शुरू किया।

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में सांसद मोहिबुल्लाह नदवी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ के ए।के। तिब्बिया कॉलेज में आयोजित सी।एम।आई। कार्यक्रम में समा. जवादी पार्टी रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों पर आज भी लोगों का गहरा विश्वास है। आयुर्वेदिक व यूनानी दवाईयां सामान्यत: शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि रोगों के उपचार में लाभकारी सिद्ध होती हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार अंग्रेजी दवाइयों में लाभ कमाने के उद्देश्य से मिलावट की जाती है, जिससे आम जनमानस के स्वास्थ्य पर गंभीर



दुष्प्रभाव पड़ता है।

सांसद ने जोर देते हुए कहा कि दवाइयों में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए। मिलावटी दवाइयों के सेवन से लोग और अधिक बीमार हो जाते हैं। उन्होंने यूनानी चिकित्सा पद्धति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूनानी हकीमों ने कठिन और जटिल रोगों का सफलतापूर्वक उपचार किया है, इसी कारण आज भी लोग यूनानी व आयुर्वेदिक दवाओं पर अधिक भरोसा करते हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देश में कोडीन कफ सिरप के दुरूपयोग से कई बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं। इसलिए दवा कंपनियों के मालि. कों को चाहिए कि वे किसी भी प्रकार की मिलावट कर लोगों की जान से खिलवाड़ न करें।

यह जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

# हजरत भोलू शाह मियां का एक दिवसीय उर्स कुल शरीफ और लंगर के बाद हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के मिलक खोद स्थित कब्रिस्तान में स्थित हजरत भोलू शाह रेहमतुल्ला अलैह का 122 वा एक दिवसीय उर्स कुल शरीफ और लंगर के बाद संपन्न हो गया। तमाम ग्रामीणों ने दरगाह पर हाजिरी देकर दुआएं मांगी। बुधवार को कब्रिस्तान स्थित दरगाह पर तमाम लोगों ने एकत्र होकर चादरपोशी की और दुआएं मांगी।

मिलक के मस्जिद के इमाम हाफिज फुरकान अहमद ने दरगाह पर कुल शरीफ किया जिसमें तमाम लोगों ने हिस्सा लिया कुल शरीफ में कौम और मुलक की तरक्की के लिए और



भोलू शाह की दरगाह पर उर्स में शामिल जायरीन।

शांति के लिए दुआएं मांगी गई। इसके बाद जायरीन में लंगर तकसीम किया गया। इस मौके पर मोहम्मद अजीम मंसूरी, मोहम्मद सलमान मंसूरी फरदीन अहमद आसिम मुनाजिर हुसैन हाजी जमील हाजी मोहम्मद अली मौसम अली अशफाक हुसैन तस्वीर अहमद, आदि शामिल रहे।

# प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता की सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज चैम्पियन बनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन मे प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता जिला खेल कार्यालय एवं जिला प्रशासन के सयुंक्त तत्वावधान मे हॉकी एस्ट्रोटरफ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सिंगनखेडा मे सफलता के साथ सम्पन्न हुई।

आज प्रतियोगिता का फाइनल संघर्षपूर्ण मैच सैफई स्पोर्ट्स कालेज व रामपुर छात्रावास के बीच खेला गया संघर्षपूर्ण मैच मे रामपुर छात्रावास के प्रियांशु व शुभम ने गोल किए तो सैफई स्पोर्ट्स कालेज की ओर से हिमांशु ने दो गोल किए आकाश ने एक गोल किया इस तरह सैफई स्पोर्ट्स कालेज ने 3--2 से जीत दर्ज कर चौम्पियन बनी। मुख्य अतिथि रंजीत कुमार जिला कोषाअधिकारी विशिष्ट अतिथि राजा वर्मा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा, मोहन कुमार लोधी



जिला उपाध्यक्ष भाजपा, देवेन्द्र चौधरी जिला पंचायत सदस्य कीर्ती आनन्द सीओ लाइन ने खिलाड़ियों से परिचय कर आशीर्वाद दिया। अन्त मे मुख्य अतिथि रंजीत कुमार जिला कोषाधिक. ारी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार वित. रित किए। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी सन्तोष कुमार ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को बुके देकर बेच लगाकर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

समापन समारोह मे हसरत इन्टर कॉलेज खोद की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। निर्णायक की भूमिका सुनील चौधरी, मुशीर अहमद, लाल खान उमेश कुमार, सुशील महरशी, मुस्कान सागर, मुमताज खान तिब्बयान खान राम बाबू यादव अमित कुमार एहसान उल हक आदि ने निभाई।

इस अवसर पर एम पी सिंह अर्जुन अवार्डी,आर। एस। रावत हॉकी ओलम्पियन डा।अनुप कुमार सिंह प्रवक्ता फिजिकल कालेज,मुख्तार खां सचिव हॉकी संघ, शादाब मिया जमाल अख्तर पूर्व प्रशिक्षक हॉकी छात्रावास, मो।

जिया उर रहमान, तुषार शर्मा फहीम कुरैशी नेशनल हॉकी खिलाड़ी परातेश वास्तव, मनोज कुमार, अमरपाल, आसिम खघन खेमपाल सिंह सुहेल तथा काफी लोग मोजूद रहे।

# सड़क हादसे में तीन लोग घायल, एक रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के पंजाब नेशनल बैंक के सामने ईको वैन चालक ने स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी, हादसे में स्कूटी सवार दो युवकों समेत ईको में सवार युवती घायल हो गई। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां से एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के हकीमान निवासी सोनू और हरीश स्कूटी पर सवार होकर रामपुर चौराहे की ओर से अपने घर जा रहे थे, रास्ते में पंजाब नेशनल बैंक के सामने दूसरी तरफ से आ रही इको वैन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार सोनू और हरीश घायल हो गए वहीं वैन में बैठी युवती कंचन निवासी दरभंगा बिहार के भी चोटें आई। सभी घायलों को उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने घायल हरीश की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर पुलिस ने ईको वैन चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को एकता मंच का समर्थन

■ डी. एम. के माध्यम से पी. एम. को भेजा ज्ञापन हाईकोर्ट बैंच की स्थापना पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हो



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को सुगम, सुलभ एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने की मांग को लेकर हाईकोर्ट बेंच की स्थापना का मुद्दा लगातार जोर पकड़ता जा रहा है। इसी क्रम में सामाजिक संगठन एकता मंच ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए बार एसोसिएशन रामपुर द्वारा उठाई जा रही मांग को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खां ने बताया कि हम एकता मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक में विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना एक जनहित का विषय है और यह नागरिकों का संवैधानिक अधिकार भी है। उन्होंने बताया कि हम एकता मंच के पदाधिकारियों ने आपस में बैठक कर बार एसोसिएशन रामपुर के आंदोलन, संघर्ष और मांग का लिखित समर्थन पत्र जारी करने का निर्णय लिया, इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को एक समर्थन पत्र सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रयागराज में स्थित है जिसकी एक पीठ राजधानी लखनऊ में कार्यरत है। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जनपदों का क्षेत्राधिकार आज भी प्रयागराज हाईकोर्ट के अधीन है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, रामपुर, आगरा सहित अनेक जिलों से प्रयागराज की दूरी 500 से 850 किलोमीटर तक है, जिससे आम नागरिकों को मुकदमों की पैरवी में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीमाओं के निकट दिल्ली हाईकोर्ट, नैनीताल हाईकोर्ट, शिमला हाईकोर्ट एवं चंडीगढ़ हाईकोर्ट स्थित हैं। इसके बावजूद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को अपने ही राज्य में न्याय के लिए सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जो न्यायिक दृष्टि से असमानता और अन्याय को दर्शाता है। एकता मंच (यूथ विंग) के जिला अध्यक्ष मोहम्मद रेहान एडवोकेट द्वारा अवगत कराया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना हेतु बार एसोसिएशन रामपुर व अधिवक्ता संघ द्वारा निरंतर आंदोलन किया जा रहा है और प्रत्येक शनिवार को इस संबंध में मेमोरेंडम भारत सरकार को भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खां ने बताया कि हम एकता मंच ने सरकार से मांग की है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की भौगोलिक स्थिति। जनसंख्या एवं न्यायिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र हाईकोर्ट बेंच की स्थापना का निर्णय लिया जाए जिससे आम जनता को सस्ता, सुलभ एवं समयबद्ध न्याय मिल सके।

ज्ञापन एवं समर्थन पत्र पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खां, राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खां, यूथ विंग के जिला अध्यक्ष मोहम्मद रेहान एडवोकेट, तारीक हसन एडवोकेट, आमिर खां एडवोकेट, मोहम्मद राशिद एडवोकेट, शैजी खां एडवोकेट, मौहम्मद नाजिम आदि के हस्ताक्षर थे।

# विदेश भेजने के नाम पर तीन युवकों से साढ़े सात लाख की ठगी, फर्जी वीजा-टिकट देकर दी धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा।** थाना टांडा क्षेत्र के ग्राम बिचपुरी निवासी एक युवक और उसके दो दोस्तों को अर्मेनिया भेजने के लालच में गांव के ही हाजी नासिर पुत्र मेहंदी हसन, उसके बेटे नदीम और लालपुर कलां निवासी अजीम पुत्र अकबर अली ने फर्जी वीजा व टिकट बनाकर साढ़े सात लाख रूपए की ठगी की।

जब पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि जुलाई 2025 में हाजी नासिर, नदीम और अजीम उनके घर आए और विदेश भेजने का प्रस्ताव रखा।

आरोपियों ने दावा किया कि वे पहले भी कई लोगों को विदेश भेज चुके हैं और प्रति व्यक्ति ढाई लाख रूपए में वीजा, टिकट समेत सभी खर्च शामिल होंगे।

इसके बाद पीड़ितों ने विभिन्न तारीखों में फोनपे और कैश के जरिए कुल 7.50 लाख रूपए आरोपियों को दिए। इसमें हाजी नासिर, नदीम, उनकी मां हाशमीन, अजीम के भतीजे रिजवान और आरोपियों के दोस्तों सलीम व आफाक के खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए।

पीड़ितों के पास पैसे लेते और गिनते का वीडियो भी है। 13 दिसंबर को आरोपियों ने पीड़ितों को रूस का फर्जी टिकट और टूरिस्ट वीजा देकर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने को कहा। वहां जांच में टिकट व वीजा फर्जी पाए गए और उन्हें वापस भेज दिया गया।

पीड़ितों ने आरोपियों से संपर्क किया तो वे रामपुर मिलने को बोले। 15 दिसंबर को नदीम अपने भाई और दो अज्ञात लोगों के साथ पीड़ितों के घर पहुंचा। पैसे मांगने पर नदीम ने कबूल किया कि उसके पिता पैसे लेकर सऊदी अरब चले गए हैं और वे सीधे-सादे लोगों को इसी तरह ठगते हैं। दबाव बनाने पर आरोपियों ने गाली-गलौज, मारपीट की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

पीड़ित ने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 17 दिसंबर को एसपी को प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर दोनों पक्षों को बुलाया गया, मगर स्थानीय पुलिस ने आरोपियों से साठगांठ कर मामला नहीं सुना। आरोपियों ने पीड़ित को धमकाया कि पुलिस उनके साथ है।

अब एसपी के आदेश पर थाना टांडा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज होना बहुत जरूरीः संदीप सोनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बुधवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होना बहुत ही जरूरी है जिससे कि गरीब लोगों का इलाज मुफ्त में किया जा सके साथ ही जनपद रामपुर का जिला चिकित्सालय एक रेफर केंद्र बनकर रह गया है। यहां पर जो भी मरीज आते हैं उनको डॉक्टर यह कह टाल देते हैं कि यहां पर इलाज हो पाना संभव नहीं है इसलिए आपको यहां से रेफर कर रहे हैं जिससे जनपद के गरीब तबके के लोगों का इलाज होना संभव है।

साथ ही कहा कि जनपद रामपुर को स्थाई मेडिकल कॉलेज दिया जाए। जनपद रामपुर में मेडिकल कॉलेज ना होने से यहां की मासूम व गरीब जनता को दर-दर की ठोकर खाकर दूसरे जनपद में व प्रदेशों में जाना पड़ता है



जिससे आर्थिक नुकसान होता है वह हजारों की संख्या में लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ,युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, प्रदेश मंत्री पप्पू खान ,प्रदेश प्रचार मंत्री फहीम अहमद, बाबू का टायर वाले, शाहिद अली ,शाहिद मामू ,मेराज हुसैन ,सरदार मंजीत सिंह सिंपल, सरदार रविंदर सिंह टोनी, सरदार अजीत सिंह, नासिर खान, आदि सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक में डीएम का निर्देश, ओवरहाइट गन्ना वाहनों पर हो कार्रवाई

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति कि वर्ष 2025 में 12 वीं बैठक गांधी सभागार में आहूत हुई। उक्त बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कोहरे में बढ़ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रदेश भर में दिनांक 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में जिला. धिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंधित स्टेकहोल्डर विभागों को सड़क सुरक्षा माह का सफलतापूर्वक आयोजन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी मार्ग पर ढाबा इत्यादि के किनारे कतारबद्ध खड़े होने वाले वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें मुख्य मार्ग से हटवाया जाए ताकि कोहरे में पीछे से आ रहा कोई वाहन खड़े वाहनों से ना टकरा जाए। जनपद में पूरनपुर मार्ग एवं बीसलपुर मार्ग पर संचालित दोनों टोल प्लाजा के कार्यदायी संस्था के प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि वे टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों को कोहरे में सुरक्षित परिवहन के लिए जागरूक किए जाने हेतु पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा अनाउंसमेंट करवाते रहें तथा टोल प्लाजा पर एंबुलेंस एवं क्रेन सर्विस हमेशा उपलब्ध रखें ताकि आपातकाल. ीन स्थिति में इनका उपयोग किया जा सके। टोल प्लाजा के वाहनों की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए।

स्वास्थ्य विभाग के अधिका. रियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में ट्रामा सेंटरों की संख्या बढ़ाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाए तथा निजी अस्पतालों में चल रहे ट्रामा सेंटरों को सरक. ारी स्कीमों से लिंक किया जाए ताकि दुर्घटना पीड़ितों का वहां निशुल्क इलाज सुनिश्चित हो सके साथ ही समस्त ब्लैक स्पॉट्स पर एंबुलेंस सेवा हमेशा उपलब्ध रखी जाए।

जिलाधिकारी द्वारा शासन की ओर से चलाई जा रही राहवीर योजना जिसमें घायलों को अस्पताल पहुंचने वाले व्यक्ति को राहवीर मानते हुए उसे रू. 25000 तक के प्रोत्साहन धनराशि उपलब्ध कराई जाती है का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार

## प्राकृतिक खेती से बढ़ रही किसानों की आय, सरकार व वैज्ञानिक संस्थानों का सहयोग

**पीलीभीत।** रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार और कृषि वैज्ञानिक संस्थान लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिला गंगा समिति पीलीभीत के द्वारा नमामि गंगे के तहत गोमती उद्गम स्थल पर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ और उसके व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी।

# केएम में शुरू हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों मरीज हुए लाभान्वित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** स्वास्थ्य की राजधानी कहलाने वाली केएम अस्पताल में आज निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया जिसमें सभी प्रकार की जांचों के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी मुफ्त दी गई है। केएम के चिकित्सकीय टीम ने आज सैकड़ों मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क परामर्श दिया। केएम मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल में इन दिनों एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को हर प्रकार की चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं।

अस्पताल के अध्यक्ष व जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य मथुरावासियों को सस्ता, सुलभऔर उत्तम इलाज देना है। उन्होंने बताया आम दिनों में अस्पताल में परामर्श और ऑपरेशन पहले से ही निःशुल्क होते हैं, केवल दवाओं का खर्च लिया जाता है, लेकिन इस विशेष शिविर में सभी प्रकार की जांचे फ्री है, जिनमें खून की जांचे, अल्टासाउड, सिटी स्कैन सहित अन्य सभी जांचें शामिल है।

उन्होंने यह भी बताया कि मरीजों को जरूरत पड़ने पर निःशुल्क भर्ती किया जा रहा है और छोटे-बड़े सभी आपरेशन पूरी तरह निःशुल्क किए जा रहे हैं। इस शिविर में न्यूरो, जनरल सर्जरी, हड्डी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जच्चा-बच्चा सहित सभी प्रमुख विभागों की सेवाएं उपलब्ध हैं। भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया ठंड बढ़ती जा रही है, लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है।

# हरियाणा से तस्करी कर लाई जा रही 66 बोतल शराब

**मथुरा।** आबकारी विभाग आद्यैर पुलिस द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान एक और बड़ी कार्रवाई कार्रवाई की है। कार की डिग्गी में चौंबर बनाकर सराब की तस्करी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से हरियाणा मार्का 66 बोतल शराब बाजार मूल्या लगभग 1.25 लाख रुपये बरामद की है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बीती रात्रि में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एनएच कृ19 पर एटीवी के सामने हरियाणा की ओर से आ रही सफेद रंग की डस्टर कार रजिस्ट्रेशन नंबर एचआर कृ26सीटी 2433 की डिग्गी में बने चौंबर से अवैध रूप से तस्करी कर ले जाई जा रहीं 60बोतल रेड लेबल ब्रांड व 06 बोतल ब्लैक डॉग ब्रांड फॉर सेल हरियाणा ओनली बरामद कर की मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। अभियुक्त से बरामद मदिरा का बाजार मूल्य लगभग ₹ 1.25 लाख है। अवैध मदिरा की तस्करी व बिक्री के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगी।

# संस्कृति विवि के 35 विद्यार्थियों का आरके बिजनेस ग्रुप ने किया चयन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट और बीबीए, एमबीए के 35 विद्यार्थियों को रेलवे खानपान से जुडी प्रतिष्ठित कंपनी आरके बिजनेस ग्रुप ने अपने यहां अच्छे वेतनमान पर नौकरी देने के लिए चयनित किया है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान विद्यार्थियों के इस चयन पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। संस्कृति प्लेसमेंट सेल के आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि आरके ग्रुप रेलवे पाक उद्योग की रीढ़ बनकर उभरा है। कंपनी ने संस्कृति विवि के एमबीए के 10, होटल मैनेजमेंट के 15 तथा बीबीए के 10 विद्यार्थियों को अपनी कंपनी के लिए चयनित किया है। कंपनी से आए चयनकर्ताओं ने कंपनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी भारत की पहली ऑनलाइन रेलवे खाद्य वितरण सेवा का नेतृत्व करती है। गुणवत्ता के प्रति दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता ने हमें देश भर में यात्रियों का विश्वास अर्जित किया है। भारतीय रेलवे हमारे लिए एक व्यवसाय से बढ़कर है, यह हमारा दूसरा घर है और हम हर दिन लाखों यात्रियों के यात्रा अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। विभिन्न उद्योगों में हमारा नेटवर्क और साझेदारियां यह सुनिश्चित करती हैं कि प्रत्येक ग्राहक यादगार यादों और अत्यधिक आराम के साथ जाए।

# अखिल भारतीय जाट महासभा ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह का जन्मदिन

**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा राजेश चौधरी के नेत्रत्व में भारत रत्न, पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह का 123 वाँ जन्म दिन सिंचाई विभाग के प्रांगण में जोश के साथ मनाया गया। हवन का आयोजन किया गया। एवं मालाअर्पण कर समस्त उपस्थित सज्जनों ने चौधरी साहब के जीवन परिचय, किसानों और समाज के योगदान से अवगत कराया। हवन आचार्य ओंकार सिंह,आचार्य गणेश, जयपाल और भगत सिंह ने आर्य समाज विधि से संपन्न कराया। पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह ने बताया कि जाटों को आरक्षण का लाभ मिलने से आज समाज के व्यक्ति उच्च पदों पर पदस्थ हैं। अध्यक्ष राजेश चौधरी ने चौधरी साहब के कार्य के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। कहा चौधरी साहब के योगदान के संबंध में चर्चा करने के लिए पूरा दिन ही नहीं महीना भी कम पड़ेगा। कुँवर नरेंद्र जी ने चौधरी साहब को सर्व समाज का नेता बताया। किसानों के लिए अनेक कानून बनाये। ठाकुर कुशल पाल सिंह पूर्व विधायक ने बताया कि मैंने राजनीति की शुरूआत् चौधरी साहब के नेत्रत्व में सीखी। ठाकुर किशोर सिंह जी ने बताया चौधरी साहब आर्य समाजी विचार के व्यक्ति थे। अनूप चौधरी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने चौधरी साहब को किसानों और गरीबों का सच्चा हितैषी बताया।नरेंद्र सिंह अधिवक्ता, पूर्व राष्ट्रीयलोकदल अध्यक्ष ने चौधरी चरन सिंह से लेकर अजीत सिंह और वर्तमान राष्ट्रीय लोकदल से मंत्री जयंत चौधरी जी के संबंध में विस्तार से बताया कि इस परिवार ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।चेतन मलिक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया चौधरी साहब सच्चे राष्ट्रभक्त थे।प्रीतम सिंह प्रमुख ने चौधरी साहब को किसानों का मसीहा कहा। रामवीर सिंह उपाध्यक्ष ने चौधरी साहब को सरल और मिलनसार बताते हुए बताया उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता था। शिवराज सिंह हिंडोल ने चौधरी साहब को पाखंड विरोधी बताया।सुभाष चौधरी दरोगा जी उपाध्यक्ष ने बताया कि कार्यकरता आसानी से चौधरी साहब से मिल सकते थे।


# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत ककड़ीपुर वि.ख. छपरौली ( बागपत )

**पत्रांकः मीमो /पं.रा.वित्त/15वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद** / 2025-26    **दिनांक**-24.12.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक- 31.12.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 31.12.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा/कुटेशन प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा/कुटेशन मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा/कुटेशन के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत ( रूपये में ) | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | संजय पुत्र राज सिंह पारवा से अमित पुत्र रामानन्द सिंह के मकान तक गली में सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 165000 | 200 | 2% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | वेदप्रकाश मंढा एंव तेजवीर सिंह वाली गली में सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 170000 | 200 | 2% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | तेलीवाले तालाब के पास वाले शमशान घाट में आवश्यक निर्माण कार्य। | 450000 | 500 | 2% |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | सूबे सिंह मेमबर वाली गली में नाली मरम्मत कार्य। | 40000 | 100 | 2% |
| 5 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | सौरभ पुत्र बिजेन्द्र सिंह के घर के पास इंटरलॉक टाईल मरम्मत एंव आवश्यक कार्य। | 75000 | 100 | 2% |
| 6 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | प्रताप जोगी के घर के सामने वाली गली में सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 65000 | 100 | 2% |
| 7 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | नरेश पुत्र मिट्ठन के मकान से तालाब किनारे तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 150000 | 200 | 2% |
| 8 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | टिल्ले पर सुरेन्द्र पुत्र टीका के घर के पास हैंडपम्प रिबोर कार्य। | 70000 | 100 | 2% |
| 9 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | कवरपाल पुत्र सुखवीर/उदयवीर कश्यप के घ के पास हैंडपम्प रिबोर कार्य। | 70000 | 100 | 2% |
| 10 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | प्रवीण पुत्र महीपाल सिंह के घर के पास हैंडपम्प रिबोर कार्य। | 70000 | 100 | 2% |
| 11 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | जूनियर हाई स्कूल के सामने एंव साईड वाली दीवार के पास सीसी कार्य। | 45000 | 100 | 2% |
| 12 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | प्रवेन्द्र पुत्र आजाद सिंह के खेत के पास हैंडपम्प रिबोर कार्य। | 70000 | 100 | 2% |
| 13 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | हरिजन चौपाल में शौचालय निर्माण कार्य। | 300000 | 300 | 2% |
| 14 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | ग्राम पंचायत ककड़ीपुर में विभिन्न निर्माण कार्यो के शिलापट्ट स्थापना का कार्य। | 250000 | 300 | 2% |
| 15 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | कब्रिस्तान में अतिरिक्त इंटरलॉक टाईल कार्य। | 150000 | 200 | 2% |
| 16 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | ग्राम पंचायत ककड़ीपुर में विभिन्न स्थानो पर पुलिया निर्माण कार्य। | 150000 | 200 | 2% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वतः निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 10रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत ककड़ीपुर**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत ककड़ीपुर**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**

# 36 गेंदों में शतक जड़ वैभव ने बनाया विश्व रिकॉर्ड




● बिहार की ओर से खेल रहे वैभव सूर्यवंशी ने 36 गेंदों में बनाया शतक

**रांची, वार्ता।** युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन मात्र 36 गेंदों में शतक बनाकर 14 साल और 272 दिन की उम्र में पुरुषों की लिस्ट ए क्रिकेट में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। रांची में प्लेट लीग के मैच में बिहार की ओर से खेल रहे सूर्यवंशी ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मात्र 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो कि टी-20 के इतर सीनियर क्रिकेट में उनका पहला शतक है। यह लिस्ट-ए मैचों में भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज शतक भी है। रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने पिछले साल अरुणाचल प्रदेश के खलाफ ही केवल 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मात्र 59 गेंदों में 150 रन पूरे किए, जो कि विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने इस मामले में एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। डिविलियर्स ने 2015 में

## विजय हजारे ट्रॉफी

वेस्टइंडीज के खिलाफ मात्र 64 गेंदों में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी अंत में 84 गेंदों में 190 रन बनाकर आउट हुए और अपने दोहरे शतक से चूक गए। उनकी उस पारी में 16 चौके और 15 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। सूर्यवंशी ने इसी महीने यूएई में हुए अंडर-19 एशिया कप में मेजबान के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रन की शानदार पारी खेली थी। उस पारी के दौरान वह 2002 में टॉन्टन में इंग्लैंड के खिलाफ अंबाती रायडू द्वारा बनाए गए भारत के लंबे समय से चले आ रहे यूथ वनडे रिकॉर्ड 177 रन से मात्र छह रन दूर रह गए थे। 15 यूथ एकदिवसीय मैचों में सूर्यवंशी का औसत 51.13 और स्ट्राइक रेट 158.79 का रहा है, जिसमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। पिछले महीने दोहा में सूर्यवंशी ने पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक जड़ा था, जब उन्होंने राइजिंग स्टार्स एशिया कप में यूएई के खिलाफ 42 गेंदों में 144 रन बनाए थे। उस दिन उन्होंने 32 गेंदों में शतक पूरा किया, जो पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से छठा सबसे तेज शतक भी था। इस टूर्नामेंट के तुरंत बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने, जब उन्होंने इस महीने कोलकाता में महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 61 गेंदों में 108 रन बनाए थे। साल 2025 वैभव के लिए ब्रेकथ्रू साल साबित हुआ है। 13 साल की उम्र में आईपीएल नीलामी में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक जड़ा। उन्होंने कुल सात आईपीएल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 206-55 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। आईपीएल के बाद सूर्यवंशी ने इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया दौरों पर भी यूथ शतक जड़े। इंग्लैंड दौरा उनके लिए विशेषकर सफल रहा, जहां उन्होंने 174-01 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए। संभावना है कि वैभव चल रहे विजय हजारे ट्रॉफी के केवल शुरुआती कुछ मैचों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। इसके बाद वह 15 जनवरी से शुरू होने वाले अंडर-19 विश्वकप से पहले बेंगलुरु में होने वाले कंडीशनिंग कैंप के लिए भारत अंडर-19 टीम से जुड़ जाएंगे।

## वैभव, आयुष व सकीबुल के शतक, बिहार ने अरुणाचल प्रदेश को रिकॉर्ड 397 रनों हराया

**रांची, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (190), आयुष लोहारुका (116) और कप्तान सकीबुल गनी (नाबाद 128) की विस्फोटक शतकीय पारियों के बाद आकाश राज और संजय करयप (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बिहार ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मुकाबले में आंध्र प्रदेश को रिकार्ड 397 रनों से रौंद दिया। यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी का रिकार्ड छह विकेट पर 574 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बिहार ने तमिलनाडु का दो विकेट पर 506 रन का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। मंगल महरौर और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 158 रन जोड़े। 15वें ओवर में तेची नेरी ने मंगल महरौर (33) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। 27वें ओवर में बिहार का दूसरा विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। उन्हें भी नेरी ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 84 गेंदों में 16 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए 190 रनों की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच सूर्यवंशी ने रिकार्ड पारी खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। पीयूष सिंह 66 गेंदों में (77), आकाश राज (आठ) और बिपिन सौरभ एक रन बनाकर आउट हुए। आयुष लोहारुका ने 56 गेंदों में 11 चौके और आठ छक्के लगाते हुए 116 रन बनाये। कप्तान सकीबुल गनी ने 40 गेंदों में 10 चौके और 12 छक्के उड़ाते हुए नाबाद 128 रन बनाये। आंध्र प्रदेश के लिए तेची नेरी और तड़कमल्ला मोहित को दो-दो विकेट मिले। धीरज एंटिन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी आंध्र प्रदेश की टीम बिहार के गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 42-1 ओवर में 177 के स्कोर पर ढेर हो गई।

## खेल विशेष

### भारतीय डेविस कप टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की प्रोफेशनल सिलेक्शन कमेटी की एक मीटिंग 7 और 8 फरवरी 2026 को बेंगलुरु में होने वाले वर्ल्ड ग्रुप क्वालिफायर में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली डेविस कप टीम को चुनने के लिए 23 दिसंबर 2025 को वर्चुअली आयोजित की गई। कमेटी में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं: नंदन बल - चेयरमैन, बलराम सिंह, मुस्तफा घोस सिलेक्शन मीटिंग में भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान रोहित राजपाल, कोच आशुतोष सिंह, और एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर भी मौजूद थे। रैंकिंग, उपलब्धता और प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया गया: सुमित नागल, करण सिंह, दक्षिणेश्वर सुरेश, यूकी भांबरी, ऋत्विक बोलिपल्ली, आर्यन शाह (रिजर्व), अनिरुद्ध चंद्रशेखर (रिजर्व), दिग्विजय प्रताप सिंह (रिजर्व) इस टाई के लिए टीम के कप्तान रोहित राजपाल होंगे और आशुतोष सिंह टीम के कोच होंगे।

### चोटिल जोफ्रा आर्चर हुए ऐशेज से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर साइड स्ट्रेन के कारण ऐशेज के शेष आखिरी दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह गस एटकिंसन को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा खराब फार्म में चल रहे ऑली पोप को भी टीम से बाहर कर दिया गया है और उनकी जगह जैकब बेथेल को टीम में जगह दी गई है। आर्चर ने जुलाई में चार साल से ज्यादा समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की थी। इससे पहले वह कोहनी और पीठ की समस्याओं से जूझ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में इस सीरीज में वह यकीनन इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं, जहां उन्होंने नौ विकेट लिए और निचले क्रम में उपयोगी रन भी बनाए।

### टाटा ओपन में होगी 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**जमशेदपुर, वार्ता।** टाटा स्टील ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने टाटा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट की घोषणा की है जो 25 से 28 दिसंबर, 2025 तक जमशेदपुर में आयोजित किया जाएगा। यह चार दिवसीय टूर्नामेंट जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में 2 करोड़ रुपये का प्राइज पर्स है और यह 2025 पीजीटीआई सीजन का आखिरी चरण है।

इस टूर्नामेंट में 126 प्रोफेशनल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह इवेंट स्ट्रोक-प्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें 18 होल के चार राउंड होंगे। टॉप 50 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी दो राउंड के बाद कट में जगह बनाएंगे। टाटा ओपन दुनिया के उन दुर्लभ इवेंट्स में से एक है जो दो जगहों पर खेला जाता है।

## शेफाली ने टी-20 में तीसरे सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते



● शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया, 34 गेंदों में 69 रन बनाकर भारत को सात विकेट से बड़ी जीत दिलाई

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की ओपनिंग बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शानदार प्रदर्शन किया, सिर्फ 34 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाकर भारत को सात विकेट से बड़ी जीत दिलाई। शेफाली की विस्फोटक पारी, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था, ने न सिर्फ जीत पक्की की बल्कि उन्हें टी20 में अर्द्धशतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की महिला क्रिकेटर के तौर पर रिकॉर्ड बुक में भी जगह दिलाई। इस पारी के साथ, शेफाली ने 12 टी20 अर्द्धशतक भी पूरे किए, जो 21 साल की उम्र में किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा सबसे ज्यादा हैं।

वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और आयरलैंड की गैबी लुईस संयुक्त रूप से 10-10 अर्द्धशतकों के साथ इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि भारत की जेमिमा रोड्रिग्स सातवें स्थान पर हैं। शेफाली अब तक 92 टी20 मैच खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 26-73 की औसत से 2,299 रन बनाए हैं, जिससे सबसे छोटे फॉर्मेट में भारत की सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है। इस मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए इस दाएं हाथ की बल्लेबाज को सही मायनों में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिससे उन्हें टी20 इंटरनेशनल में यह आठवां अवॉर्ड मिला। इसके साथ, वह मिताली राज और हरमनप्रीत कौर के बाद इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं।

## विराट कोहली लिस्ट 'ए' में 16000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



● विराट कोहली ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली लिस्ट ए क्रिकेट में 16 हजार रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में बुधवार को आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। वह सचिन तेंदुलकर के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। कोहली ने इस मैच से पहले तक 342 लिस्ट ए मैचों में 57-34 की शानदार औसत से 15,999 रन बनाए हैं, जिसमें 57 शतक और 84 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने अपनी पारी का पहला रन बनाने के साथ ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली ने आज यहां आंध्र प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच में 16 हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल करने के साथ क्रिकेट इतिहास में यह कारनामा करने वाले नौवें बल्लेबाज बन गए है। कोहली लगभग 15 साल बाद 2025-26 सीजन में भारत के प्रमुख घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट में वापसी कर रहे हैं। वह ऋषभ पंत की कप्तानी में खेल रहे है।

### कोहली का शतक, दिल्ली ने आंध्र को चार विकेट से हराया

**बेंगलुरु, वार्ता।** सिमरजीत सिंह (पांच विकेट) और प्रिंस यादव (तीन विकेट) के बाद विराट कोहली (131) की शतकीय, प्रियांश आर्य (74) और नीतीश राणा (77) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत दिल्ली ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी 2025 के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में आंध्र प्रदेश को 74 गेंद शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। 299 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 37.4 ओवर में छह विकेट पर 300 रन बनाकर मुक़ाबला चार विकेट से जीत लिया। पहले ही गेंद पर शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने अर्पित राणा को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया।

## विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड ने भारत के लिए टी-20, वनडे टीम की घोषणा की

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने भारत के आगामी सफेद गेंद दौरे के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इन सीरीजों के लिए न्यूजीलैंड ने चोट से वापसी कर रहे मिचेल सेंटनर टी-20 टीम का कप्तान, जबकि माइकल ब्रेसवेल को एकदिवसीय सीरीज में अगुवाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार तीन एकदिवसीय मैचों के बाद होने वाली पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की सीरीज को सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले एक जरूरी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। टीम में क्लार्क एक और अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। जैकब डफी, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, विल ओ'रूर्के और ब्लेयर टिकनर जैसे कई फ्रंटलाइन खिलाड़ियों को चोट और वर्कलोड प्रबंधन के कारण आराम दिया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने इस दौरे के महत्व पर बल देते हुए कहा है कि कैसे भारतीय हालात का अनुभव न्यूजीलैंड के विश्वकप के लक्ष्यों के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि उपमहाद्वीप में खेलना जाहिर तौर पर न्यूजीलैंड में खेलने के आदी होने से बहुत अलग है, इसलिए, हमें अपने खिलाड़ियों को उन हालातों में खेलने का कोई भी मौका मिल सकता है, खासकर उपमहाद्वीप में टी-20 विश्वकप से पहले।

**भारत के खिलाफ टी-20 टीम:-** मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, ज़ैक फाउल्केस, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवोन जैकब्स, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, फिलिप्स, रचिन, रॉबिन्सन व ईश सोढ़ी।

जैमीसन ठीक होने के बाद दोनों प्रारूपों में खेलेंगे। बेवॉन जैकब्स और टिम रॉबिन्सन जैसे उभरते हुए खिलाड़ियों को घरेलू और हाल के अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है।

## रोहित शर्मा ने लगाया आतिशी शतक



● रोहित शर्मा की 155 रनों की पारी बदौलत मुंबई ने सिक्किम को 8 विकेट से हराया

**जयपुर, वार्ता।** रोहित शर्मा (155) की आतिशी शतकीय पारी की बदौलत मुंबई ने बुधवार को विजय हजारे टूर्नामेंट एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सिक्किम को 117 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। रोहित शर्मा को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई के लिए अंगकृष रघुवंशी और रोहित शर्मा की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 141 रन जोड़े। मुम्बई का पहला विकेट अंगकृष रघुवंशी (38) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाये। रोहित शर्मा ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली। उन्होंने 94 गेंदों में 18 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 155 रनों की मैच विजयी पारी खेली। वह 30वें ओवर में दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें क्रांति कुमार ने आउट किया। मुंबई ने 30-3 ओवर में दो विकेट पर 237 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। मुशीर खान (27) और सरफराज खान (आठ) रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर सिक्किम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 236 का स्कोर खड़ा किया। आशीष थापा ने सिक्किम के लिए सर्वाधिक 79 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके भी लगाये। के साई सत्विक ने (34), क्रांति कुमार (34), रॉबिन लिम्बो (नाबाद 31), गुलरदर सिंह और पलजोर तमांग ने 10 रनों का योगदान दिया। मुंबई के लिए शार्दुल ठाकुर ने छह ओवर में 19 रन देकर दो विकेट झटके। तुषार देशपांडे, तनुष, शम्स मुलानी और मुशीर खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## इशान किशन लिस्ट 'ए' में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज बने

**अहमदाबाद, वार्ता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पिछले हफ्ते झारखंड की तरफ से बेहतरीन शतकीय पारी खेलने वाले इशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच में अहमदाबाद में कर्नाटक के खिलाफ सिर्फ 33 गेंदों में ही शतक लगा दिया। किशन अब लिस्ट-ए में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय और विश्व में जेक फ्रेज़र-मक्गर्क, एबी डिविलियर्स और सकीबुल गनी के बाद चौथे सबसे तेज बल्लेबाज़ बन गए हैं। किशन के शतक से ठीक पहले बिहार के सकीबुल गनी ने सिर्फ 32 गेंदों में शतक लगाया था और लिस्ट-ए में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने थे। इसकी बदौलत बिहार ने रांची में प्लेट ग्रुप के मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 574 रनों का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बना दिया। उससे पहले बिहार के लिए उसी मैच में वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था और 84 गेंदों में 190 रनों की पारी खेली थी। इस दौरान वैभव लिस्ट-ए में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बनने के अलावा सबसे तेज 150 (59 गेंद) बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। एक ही दिन में भारतीय बल्लेबाजों की तरफ से दो अलग जगहों पर तीन सबसे तेज लिस्ट-ए शतक का रिकॉर्ड देखने को मिला।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज और टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले किशन ने अपनी पारी में सात चौके और 14 छक्के लगाए। उनके 39 गेंदों में बनाए गए 125 रनों की मदद से झारखंड ने कर्नाटक के खिलाफ 412 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया।

## पूरन की तूफानी पारी से एमआई एमिरेट्स ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

● निकोलस पूरन के 69 और मुहम्मद वसीम 59 रनों की तीसरे विकेट के लिए साझेदारी जीत में अहम रही

**अबू धाबी, वार्ता।** एमआई एमिरेट्स ने अबू धाबी में गल्फ जायंट्स को आसानी से हराकर आईएलटी-20 के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद निकोलस पूरन (69') और मुहम्मद वसीम (59') की तीसरे विकेट के लिए नाबाद 140 रन की साझेदारी एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम रही।

इस बीच, जायंट्स का खराब प्रदर्शन जारी है, उन्होंने अपने पिछले सात में से छह मैच गंवा दिए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें अबू धाबी नाइट राइडर्स को हराना होगा। जब जायंट्स पहले बल्लेबाजी करने उतरे, तो गुरबाज ने एक बड़े छक्के और चौके के साथ शुरुआत की, लेकिन वह क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिक पाए और तीसरे ओवर में फजलहक फारूकी ने उन्हें आउट कर दिया। इसी बीच, जायंट्स ने कप्तान जेम्स लवस को भी रोमारियो शेफर्ड के हाथों गंवा दिया और वे 16 रन पर 2 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गए। दो से तीन विकेट हो गए, जब आसिफ खान, जिन्होंने एक छक्के और एक चौके के साथ जवाबी हमला करने की झलक दिखाई थी, शेफर्ड का शिकार हो गए और जायंट्स ने पावरप्ले में 36 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। यही हाल लोकॅन टकर का भी रहा, जिन्होंने दो चौके लगाने के बाद अरब गुल मोमंद के हाथों अपना विकेट गंवा दिया। नियमित विकेट गिरने का मतलब यह भी था कि जायंट्स बीच के ओवरों में खुलकर नहीं खेल पाए और 7वें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ 55 रन बना पाए। इसके बाद मोईन अली और काइल मेयर्स ने आखिरी पांच ओवरों में एमआई एमिरेट्स के गेंदबाजों पर हमला बोला। दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों ने एएम गजनफर के ओवर में 15 रन बनाए और फिर शेफर्ड को दो चौके और एक छक्का जड़ा। मोईन ने 45 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया - एक धीमी पारी, लेकिन जिसने जायंट्स को 141 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। गेंदबाजी में, जायंट्स ने शुरुआत से ही अच्छी गेंदबाजी की। आयरिश खिलाड़ी मार्क अडायर ने जॉनी बेयरस्टो को बिना खाता खोले पगबाधा आउट कर दिया और बल्लेबाज पवेलियन लौट गए, लेकिन बॉल-ट्रैकिंग से पता चला कि गेंद स्टंप्स के ऊपर से जा रही थी। अगले ओवर में उमरज़ई ने दूसरे इंग्लिश खिलाड़ी टॉम बैंटन को आउट कर दिया।

## टेनिस स्टार वीनस लिलियम्स ने एंड्रिया से शादी की

● वीनस विलियम्स और एक्टर एंड्रिया प्रेटी पहली बार 2024 में मिलान फैशन वीक में मिले थे

**फ्लोरिडा, वार्ता।** टेनिस लेजेंड वीनस विलियम्स और एक्टर एंड्रिया प्रेटी पहली बार 2024 में मिलान फैशन वीक में मिले थे, एक ऐसा इवेंट जिसमें दोनों में से किसी ने भी जाने का प्लान नहीं बनाया था। वीनस याद करते हुए कहती हैं, हम गुच्ची शो में मिले थे। वोग के अनुसार, एंड्रिया ने एक एपेरिटिवो के दौरान उनसे बात की, जिससे बातचीत शुरू हुई और फिर व्हाट्सएप पर बातचीत हुई और उनके परिवार के साथ लंदन में मुलाकात हुई। मैं अपनी बहनों के साथ लेक कोमो में ट्रिप पर थी जब मुझे आखिरी मिनट में इनवाइट मिला और मैंने अचानक जाने का फैसला किया, और एंड्रिया थके हुए थे। हम दोनों में से कोई भी वहां जाने का प्लान नहीं बना रहा था। वोग के हवाले से, वीनस कहती हैं कि लंदन में हमारी डेट्स के बाद, मुझे बस पता था कि मैं उससे शादी करने वाली हूं। मिलने के दस दिन बाद, वीनस को एडेनोमायोमा का पता चला। एंड्रिया ने इटली में कंसल्टेशन और सर्जरी के दौरान उनका साथ दिया। छह महीने बाद, 31 जनवरी, 2025 को टस्कनी में उनकी सगाई हुई, जिसमें एंड्रिया ने थर्मल पूल में एक रोमांटिक दिन के बाद प्रपोज किया। वीनस याद करते हुए कहती



हैं, मैं खुशी से उछलना और हंसना बंद नहीं कर पा रही थी।

उनकी पहली शादी 18 सितंबर को इस्चिया, इटली में हुई, जिसके बाद वीनस की फ्लोरिडा की जड़ों का सम्मान करने के लिए पाम बीच में दूसरा समारोह हुआ। हफ्ते भर चले सेलिब्रेशन में यॉट पार्टी, पूल पार्टी, स्पोर्ट्स इवेंट और परिवार और दोस्तों के साथ डिनर शामिल थे। वीनस कहती हैं कि हमें हर दिन अपने घर में लोगों का स्वागत करना पसंद है। वोग के अनुसार, कपल ने शुक्रवार सुबह एक प्राइवेट कोर्टहाउस सेरेमनी की, जिसे उन्होंने सुंदर, शांत, पवित्र, रोमांचक और शानदार बताया। वीनस ने मोरिली न्यूयॉर्क की ड्रेस पहनी थी, जबकि एंड्रिया अपनी मां के साथ जैक्सन 5 के आई विल बी देयर गाने पर बाहर आए। रिसेप्शन में दिल को छू लेने वाली कसमें, फ्लेमिंगोस के आई ओनली हैव आइज फॉर यू पर पहला डांस और देर रात आफ्टर-पार्टी शामिल थी। वीनस आखिर में कहती हैं, यह सबसे खुशी का, सबसे सुंदर, सबसे प्यारा दिन था।

# एक और सफलता

भारत की सुरक्षा अब पहले से और अधिक मजबूत हो गई है। डीआरडीओ ने नेक्स्ट जेनरेशन आकाश-एनजी मिसाइल का सफल यूजर ट्रायल संपन्न कर लिया है। अब इसे भारतीय वायुसेना में शामिल किया जा सकेगा। इसके शामिल होने से भारतीय वायु सेना की ताकत में और इजाफा होगा और वह किसी भी खतरे का मुकाबला करने में सक्षम हो सकेगी। वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर देशवासियों को प्रसन्ता है और कामना की है वैज्ञानिक आगे चलकर इससे बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। इससे पहले भारतीय वायु सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुकी है। डीआरडीओ ने ये मिसाइल नेक्स्ट जेनरेशन की मिसाइल प्रणाली के यूजन इवोल्यूशन ट्रायल को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिससे भारतीय सशस्त्र बलों में इसके शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस प्रणाली ने उच्च गति, कम ऊंचाई और लंबी दूरी के उच्च ऊंचाई वाले लक्ष्यों सहित विभिन्न हवाई खतरों के विरुद्ध उच्च सटीकता का प्रदर्शन किया। स्वदेशी आरएफ सीकर, दो. हरी पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर और पूरी तरह से स्वदेशी रडार और सी2 प्रणालियों से लैस आकाश-एनजी भारत की वायु रक्षा क्षमता को एक बड़ा बढ़ावा देगी। इस माह की शुरुआत में डीआरडीओ ने लड़ाकू विमानों से बाहर निकलने के लिए विकसित 'एस्केप सिस्टम' का नियंत्रित रफ्तार पर उच्च-गति रॉकेट-स्लेज परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परीक्षण से भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास उन्नत इन-हाउस एस्केप सिस्टम के पूर्ण परीक्षण की क्षमता उपलब्ध है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रॉकेट-स्लेज परीक्षण में रॉकेट प्रणोदन तंत्र के साथ मिलकर प्रणाली को दो रेलों पर उच्च गति से चलाया जाता है, ताकि हवा में गतिमान विमान का अनुकरण किया जा सके। इस टेस्ट ने साबित कर दिया है कि भारतीय आसमान अब पूरी तरह सुरक्षित है। यह मिसा. इल दुश्मन के हर हवाई हमले का जवाब देने के लिए तैयार है। डीआरडीओ के मुताबिक मिसाइल ने सभी मानकों को पूरा किया है। ट्रायल के दौरान इसने हवा में मौजूद टारगेट्स को सटीकता से नष्ट किया। इसने अलग-अलग रेंज और ऊंचाई पर अपने जौहर दिखाए। यह सिस्टम दुश्मन के फाइटर जेट, ड्रोन या मिसाइल को पलक झपकते ही खत्म कर सकता है। यह भारत की एयर डिफेंस क्षमता को कई गुना बढ़ा देगा।

## स्कूल-कॉलेज के कैंपस में हर तरह का नशा उपलब्ध



उप्र में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है, लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है, यूपी में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपये में मिल रही है, इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं, प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं, किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है, हालात ऐसे हो गए हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल -कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है, पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी, पर आज कफ सिरप का नशा फैल रहा है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, प्रमुख, कांग्रेस सोशल मीडिया**

# सर्दियों में कुछ इस तरह निखारें अपने सौंदर्य को



**शहनाज हुसैन**



पुदीने की भीनी खुशबू और स्वाद से भला कौन परिचित नहीं होगा। पुदीना हर भारतीय रसोई में आपको आसानी से मिल जाएगा। पुदीना न केवल खाने-पीने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि आपकी त्वचा को निखारने और बालों को कोमल और मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। ठंड के मौसम में त्वचा ड्राई, खुरदरी और कभी-कभी एलर्जिक हो जाती है। पुदीने में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटी।इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा को शांत करते हैं और खुजली, दानों व जलन में आराम देते हैं। के एंटीऑक्सीडेंट्स रक्त संचार बढ़ाते हैं, फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। पुदीने को लंबे समय से त्वचा की सफाई और जलन कम करने के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। सर्दियों में पुदीना। युक्त पानी से चेहरा धोना या पुदीना। पेस्ट लगाना त्वचा को ताजगी और राहत दे सकता है। सर्दियों के मौसम में त्वचा शुष्क हो जाती है। अगर आप पुदीने को अपनी डाइट में शामिल कर लेंगी तो इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स रक्त संचार बढ़ाते हैं, जिससे त्वचा की रंगत बरक. रार रहती है और फाइन लाइन्स और झुर्रियां रो. कने में मदद मिलती है। सर्दियों में धूप की कमी के कारण अकसर मूड स्विंग होता है और महिलाएं डिप्रेशन, अकेलेपन या तनाव का शिकार होती हैं नियमित रूप से पुदीने की चाय पीने से तनाव से मुक्ति मिलती है। अगर सर्दियों में मानसिक तनाव की वजह से आप की त्वचा फटनी शुरू हो जाती है तो पुदीना और ग्रीन टी आपके लिए सहायक हो सकते हैं। इसके लिए एक चमच्च ग्रीन टी में चार पांच ताजे पुदीने की पत्तियां कुछ देर के लिए भिगोइए इसे ज्यादा देर तक न भिगोएं नहीं तो यह कड़वी हो जाएगी। रोज सुबह पीने से त्वचा में ग्लो झलकने लगेगा। ग्रीन टी में विद्यमान एंटीऑक्सिडेंट्स सीवम को कम करते है, त्वचा के छिद्रों को बंद करते हैं और कील मुहांसों को शांत करते हैं। पुदीना ताजगी का अहसास प्रदान करता है और जलन को शांत करने में सहायक होता है।

आजकल के मौसम में स्किन में ड्राइनेस होना आम बात है। ड्राइनेस से बचने के लिए अगर आप डाइट में पुदीना लेंगी तो त्वचा को भरपूर एंटीऑक्सीडेंट्स मिलेंगे। साथ ही त्वचा का निखार बरकरार रहेगा। इसके अलावा पुदीना न केवल त्वचा की सफाई के काम आता है, बल्कि इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा की रंगत भी बढ़ती है। अगर आप अपनी त्वचा का ग्लो बढ़ाना चाहती हैं तो पुदीने की पत्तियों का पेस्ट या फिर इसके रस को नियमित रूप से चेहरे पर लगाने से चेहरे की आभा बढ़ती है। पुदीने की पत्तियों में कसैले गुण होते हैं जिसकी वजह से यह स्किन को टोन करने में काफी फायदेमंद साबित होती हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा के बंद रोम छिद्रों को साफ करने और इसमें जमा गंदगी को खत्म करने में भी मदद मिलती है। स्किन पर पुदीनें का पैक या टोनर लगाने से स्किन मुलायम , चिकनी और कोमल हो जाती है। सर्दियों में पुदीने और ओट्स का स्क्रब डेड स्किन सेल्स को निकाल कर त्वचा को मुलायम और कोमल बनांते हैं। इसके लिए एक चमच्च ओट्स में पुदीने की कुछ पत्तियां मिला लीजिए। फिर इसमें एक चमच्च शहद , दो चमच्च दूध और आधा कद्दूकश किया खीरा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट से अपने चेहरे पर कुछ देर तक हलके हलके मसाज करें। कुछ दिन बाद आपको फर्क महसूस होने लगेगा। पुदीना हार्मोन को बैलेंस करने में मदद करता है। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाली दिक्कतों को कम करने में मदद मिलती है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो सेहत के साथ साथ त्वचा को ठंडा रखने कील-मुहांसों को दूर करने चेहरे की सूजन कम करने में काफी सहायक होते हैं। आप इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी कर सकते हैं। इसमें प्रोटीन विटामिन, जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। एंटिसेप्टिक होने के कारण इसका प्रयोग बॉडी क्लींजर, साबुन और बॉडी वॉश के रूप में होने लगा है। कांच की कटोरी में पुदीने की ताजा पतियों का रस निकाल लें अब ताजे खीरे को छीलकर काट लें और उसे कद्दूकस कर लें। अब इनके अंदर एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द गिर्द खुले अंगों पर आधा घण्टा तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। इस पैक को नियमित तौर पर चेहरे पर लगाने से कील मुहांसों से छुटकारा मिलेगा। पुद.ीने का फेशियल ऑयली त्वचा के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है। एक कांच के बर्तन में दो बड़े चम्मच ताजा पीसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा घोल बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाने के बाद और चेहरे को ताजे पानी से धो लें। पिम्पल की समस्या के निदान के लिए पुदीने का नियमित उपयोग मददगार साबित हो सकता है। पुदीने के रस को नारियल तेल में डालकर पिम्पल पर लगाने से राहत मिलेगी। ऐसा करने से कुछ ही दिनों पिम्पल दूर हो जाएंगे और उनके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लग जाएंगे। पुदीने और गुलाब जल का पैक त्वचा को कोमल और मुलायम बनाने में काफी सहायक होता है। पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलकर बने पैक को चेहरे पर कुछ देर तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। गुलाब जल त्वचा के पी एच लेवल को संतुलित करता है। एक पका केला लेकर इसे अच्छी तरह मैश कर लें। अब इसमें पुदीने के कुछ पतियों का पेस्ट डाल दें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद चेहरे को ताजे ठन्डे पानी से धो डालें। अगर आपके बाल पतले पड़ गए और आप बालों की रुसी आदि की समस्या से जूझ रहे हैं तो पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। पुदीने का हेयर मास्क बनाने के लिए एक कांच के बर्तन में पुद.ीने के 10 -12 पत्ते पीस लें। अब आप चने की दाल और दही को पीसकर इसका पेस्ट तैयार कर लें और इसमें पीसे पुदीने के पत्तों को मिलाकर इस मास्क को बालों पर लगाने के आधा घंटा बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें।

**( लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं। )**

# नेपाली घुसपैठियों के खिलाफ विधायक ने उठाई आवाज

**अंग्रेजी शासन के समय ही उनवल स्टेट से ये लोग भारत सीमा से सटे नेपाल के कृष्णा नगर में आकर बस गए। यह परिवार नेपाल राजाओं के भी नजदीक रहा है। नेपाल में एक समय ऐसा था जब वहां हिंदी पढ़ने की अनुमति नहीं थी। तभी नेपाली छात्रों को हिंदी की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए नेपाल सीमा से सटे बढ़नी कस्बे में गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज नाम से शिक्षण संस्थान की स्थापना की थी। तभी से इस विद्यालय का प्रवंधन नेपाल के इस परिवार के हाथ में है।**



**यशोदा**

यूपी में जब एस आई आर की शुरुआत हुई तो मुख्यमंत्री ने हर जिले में घुसपैठियों के लिए सेल्टर होम की बात कही थी। एस आई आर की समय सीमा समाप्त हो रही है लेकिन यूपी में घुसपैठियों की शिनाख्त नहीं हो पाई। बहरहाल जब घुसपैठियों की बात चली तो इस बात की ज्यादा संभावना थी कि यूपी में किसी और देश के घुसपैठिए हों न हों, नेपाल के घुसपैठिए जरूरत पहचान में आ जाएंगे। लेकिन यह भी नहीं हो पाया जबकि संपूर्ण यूपी में न सही नेपाल सीमा से सटे सात जिलों में नेपाली घुसपैठियों की भरमार है। यूपी के ए जिले हैं महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, पीलीभीत, लखीमपुर। नेपाल सीमा के इन सात जिलों में नेपाल और भारत के हजारों ऐसे लोग हैं जिनके पास दोहरी नागरिकता है। सीमा से सटे दोनों ओर के कस्बों और गांवों में उनके घर मकान हैं। ऐसे लोगों का व्यापार भी सीमावर्ती क्षेत्रों में फैला हुआ है। इतना ही नेपाल सीमा के कुछ गांवों को मिनी नेपाल तक कहा जाता है। वे दोनों तरफ अपने मता. धिकार का भी प्रयोग करते हैं। दोहरी नागरिकता धारण किए हुए लोगों के वाहन और असलहे तक भारत के पते पर होते हैं। अचरज की बात है कि ऐसे लोगों में एक भी ऐसा नहीं पाया गया जो नेपाली घुसपैठिया हो।

खैर ,चोरी छिपे ऐसे घुसपैठियों की शिनाख्त न हो पाना बड़ी बात नहीं है। सरकारी कामकाज में ऐसा हो रहा है तो इसे सरकार की मंशा भी कहा जा सकता है। लेकिन जब दोहरी नागरिकता के सारे सबूत सरे आम हों उस पर भी सरकार यह कहे कि सबूत दीजिए तब कार्रवाई हो तो अजीब लगना स्वाभाविक है। यूपी के शौहरत गढ़ विधानसभा क्षेत्र के अपना दल एस के विधायक विनय वर्मा ने इसी सत्र में सदन में ऐसे नेपाली नागरिकों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया तो विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक वर्मा से सबूत पेश करने की बात कही।

याद है न पाकिस्तान की सीमा हैदर बिना बीजा पासपोर्ट के नेपाल के रास्ते भारत धमक पड़ी और नोएडा के आसपास अपने कथित प्रेमिका के साथ डंके की चोट पर रह रही है। सरकार अभी तक सीमा हैदर के भी घुसपैठिए होने की सबूत तलाश रही है। सरकार जब घुसपैठियों की बात करती है तो यह कह पाना मुश्किल होता है कि सरकार अपने मनमाफिक घुसपैठिए ढूंढ रही है या घुसपैठिए ढूंढ रही है? नेपाल यद्यपि हमारा पड़ोसी और मित्र देश है फिर भी कोई भारतीय न तो वहां घर जमीन ले सकता है और न ही किसी संस्था का सदस्य अथवा प्रवंधन संभाल सकता है। लेकिन नेपाल सीमा के यूपी में ऐसा संभव है जहां नेपाल का कोई शख्स भारत का भी नागरिक हो सकता है, भारतीय शिक्षण संस्थान का प्रवंधकीय व्यवस्था संभाल सकता है, भारतीय नंबर के वाहनों का इस्तेमाल कर सकता है,भारत में राजनीति भी कर सकता है, लखनऊ दिल्ली में रिहायशी मकान भी बना सकता है और असलहे इत्यादि भी रख सकता है। निश्चित ही भारत नेपाल संबंधों के तय शर्तों में ऐसी कोई शर्त नहीं है फिर भी यह सब सरेआम हो रहा है। किसी भारतीय को नेपाल में ऐसी सुविधाएं नहीं प्राप्त हैं।

फिलहाल यूपी के सिद्धार्थनगर के बढ़नी और महराजगंज जिले के ठूठीबारी कस्बे में स्थित विद्यालयों के प्रवंधक नेपाली नागरिक हैं। दोनों का ही भारत के उच्च प्रशासन और सरकार तक ऊंची पहुंच है। ठूठीबारी स्थिति विद्यालय के प्रवंधक देवेंद्र राज कंडेल नेपाल में गृहमंत्री भी रहे हैं जबकि बढ़नी स्थित विद्यालय के प्रवंधक कुणाल शाह का परिवार न केवल नेपाल की राजनीति में खासा दखल रखता है,इस परिवार के सदस्य नेपाल सरकार में सांसद, मंत्री तक रहे हैं। इस परिवार के सदस्य आज भी नेपाली राजनीति में अच्छी तरह सक्रिय हैं। इस परिवार का गोरक्ष पीठ, उसके महंतों से सीधा जुड़ाव रहा है। यह परिवार आज भी यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से जुड़ा हुआ है। कृष्णा नगर नेपाल का शाह परिवार पूर्व में गोरखपुर जिले के उनवल स्टेट का निवासी रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिजाब विवाद: क्रिया से खतरनाक प्रतिक्रिया



**निर्मल रानी**

देश में पिछले दिनों उस समय हिजाब को लेकर फिर एक बहस छिड़ गई जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गत 15 दिसंबर को पटना में एक सरकारी कार्यक्रम में नव नियुक्त आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित करते समय एक मुस्लिम महिला डॉक्टर नुसरत परवीन जोकि चेहरा ढंकने वाला हिजाब पहने हुई थीं, का हिजाब सार्वजनिक मंच से उसके चेहरे से खींच कर उतारने की कोशिश की। उस समय डॉक्टर नुसरत परवीन स्टेज पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों नियुक्ति पत्र ग्रहण करने हेतु आमंत्रित की गई थी। इस घटना ने वहां मौजूद सभी लोगों को स्तब्ध कर दिया। इस घटना से संबंधित वायरल वीडीओ में देखा जा सकता है कि घटना के समय जहां डॉक्टर नुसरत असहज दिखीं वहीं उसी मंच पर मौजूद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी न केवल घटना से हतप्रभ नजर आए बल्कि उन्होंने नीतीश की ओर हाथ बढ़ाते हुए उन्हें हिजाब खींचने से रोकने की कोशिश भी की। जबकि उसी मंच पर मौजूद कुछ लोग हंसते हुए भी दिखाई दिए।

इस घटना से एक बात तो साबित हो ही गई कि नितीश कुमार जैसे अनुभवी राजनेता लगभग 75 वर्ष की आयु तक पहुंचने के बाद अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इसी वजह से वे पहले भी महिलाओं को लेकर की गई एक अत्यंत अभद्र टिप्पणी के लिए आलोचना का पात्र बन चुके हैं। कभी कभी सार्वजनिक मंचों पर उनकी बेतुकी बातें व उनकी असामान्य हरकतें भी यही संकेत देती कि अब वे उम्र के उस पड़ाव पर पहुंच चुके हैं जहां उन्हें सार्वजनिक सक्रिय राजनैतिक जीवन से सन्यास ले लेना चाहिए परन्तु इस घटना के बाद जिस तरह से इसे परिभाषित करने की कोशिश की गई वह और भी हैरान करने वाली बात थी। हिजाब खीं. चने की बहस को नितीश कुमार की मनोदशा से जोड़कर देखने के बजाए हिजाब धारण करने न करने को लेकर ही बहस छिड़ गई। इस्लाम व मुस्लिम विरोध की राजनीति पर अपनी दुकानें चलाने वाले कुछ नेता तो बेशर्मी की सभी हदें पार करते हुए नितीश कुमार के बचाव में उतर आए। कांग्रेस,आर जे डी व अन्य कई विपक्षी दलों ने इसे महिलाओं और मुस्लिम समुदाय का अपमान बताया। किसी ने नितीश से मुआफी की मांग की तो किसी ने इस्तीफा मांगा। जबकि कुछ ने नीतीश की मानसिक स्थिति पर भी सवाल उठाए परन्तु इस विषय पर सबसे घटिया, ओछी अपमानजनक प्रतिक्रिया देने वाले दो नेता ऐसे भी हैं जो केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर बैठकर इस मुद्दे पर जहर उगल रहे हैं तथा अपनी अशिष्ट शब्दावली से देश की संवैधानिक मर्यादाओं का मजाक उड़ा रहे हैं। इनमें नितीश कुमार के हिजाब विवाद पर अपनी पहली प्रतिक्रिया संसद भवन में देने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार का खुलकर बचाव करते हुए कहा कि शनितीश ने कुछ भी गलत नहीं किया है। नियुक्ति पत्र लेने आए व्यक्ति को चेहरा दिखाना चाहिए। क्या भारत कोई इस्लामिक देश है? एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय चेहरा दिखाना पड़ता है, तो यहां क्यों नहीं? जब उनसे सवाल किया गया कि खबर है कि महिला डॉक्टर नुसरत परवीन के




नौकरी छोड़ने की खबर है इस पर गिर्रिज सिंह गुस्से में यह कहते सुनाई दिए कि नौकरी करे या जहन्नुम में जाए। उनका यह बयान सबसे ज्यादा विवादित रहा और इसे सांप्रदायिक व अपमानजनक बयान के रूप में देखा गया।

ऐसा ही निम्नस्तरीय बयान उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद द्वारा दिया गया। उन्होंने भी नीतीश कुमार का समर्थन करते हुए कहा कि अरे वो भी तो आदमी हैं न नकाब छू दिया तो इतना बवाल? कहीं और छू देते तो क्या हो जाता? संजय निषाद के इस बयान को भी महिला गरिमा को आहत करने की नजरों से देखा गया। जेडीयू के नेता व बिहार के अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान ने नितीश के प्रति अपनी वफादारी का सुबूत देते हुए यह कहा कि यह पिता जैसा स्नेह था। तो कुछ मुस्लिम व महिला संगठनों द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने व कई जगह नितीश के विरुद्ध प्रदर्शन करने व उनका पुतला जलाने की भी खबरें हैं। परन्तु सबसे बड़ी चिंता का विषय तो यही है कि इस घटना को लेकर नितीश के मानसिक स्वास्थ पर चर्चा होने के बजाए जिस तरह हिजाब पर ही बहस छेड़ दी गई और वह भी अपने कुतर्कों के द्वारा, इससे यह साबित होता है कि साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले मुस्लिम विरोध या इस्लामी प्रतीकों के विरोध का कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहते अन्यथा किसी केंद्रीय मंत्री के इस बेहुदे कुतर्क का क्या अर्थ कि एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय चेहरा दिखाना पड़ता है, तो यहां क्यों नहीं? संविधान की शपथ लेने वाले इस केंद्रीय मंत्री गिरिजि को पता नहीं कि एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय महिला सुरक्षा कर्मियों द्वारा किसी महिला की स्वेच्छा से उसके अपने हाथों से हिजाब या पर्दा हटाने को कहा जाता है न कि नितीश कुमार की तरह बदतमीजी से किसी के चेहरे से हिजाब खींचा जाता है?

ऊपर से पीड़िता को ही यह कहना कि वह नौकरी करे या जहन्नुम में जाए, इस तरह की शब्दावली देश का एक केंद्रीय मंत्री इस्तेमाल कर रहा है? बुर्का पर्दा या हिजाब को लेकर खुद विश्व मुस्लिम जगत में ही बड़ा घमासान है। दुनिया के कई अलग अलग इस्लामी देश अलग अलग तरह के परदे या हिजाब की पैरवी करते रहे हैं। जबकि विश्व का एक बड़ा उदारवादी व प्रगतिशील वर्ग ऐसा भी है जो इस तरह की बंदिशों को गैर जरूरी समझता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### विमान दुर्घटना में लीबियाई सेना प्रमुख अहमद अल-हदाद का निधन

**त्रिपोली।** लीबिया की सेना के प्रमुख, मोहम्मद अली अहमद अल-हदाद की एक हवाई दुर्घटना में मौत हो गई। वह अपने हवाई जहाज से तुर्की की राजधानी अंकारा की आधिकारिक यात्रा के बाद वापस आ रहे थे। लीबिया की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के प्रधानमंत्री ने अब्दुल हामिद दबीबा ने इसे 'दुखद दुर्घटना' बताते हुए कहा कि यह अपूरणीय क्षति राष्ट्र, सैन्य संस्थान और समस्त जनता के लिए एक बड़ी हानि है।

### ताइवान को लेकर ताकाइची के बयान के विरोध में जापान में प्रदर्शन

**टोक्यो।** जापान में ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के बयान और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने को लेकर विरोध तेज हो गया है। जापानी नागरिकों ने मंगलवार शाम को टोक्यो में प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने एक रैली निकाली और सुताक. इची से ताइवान पर अपनी गलत टिप्पणियों को वापस लेने की मांग की और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने वाली टिप्पणियों की आलोचना की। प्रदर्शनकारियों ने 'संविधान का पालन करो' और 'युद्ध को बढ़ावा मत दो' जैसे नारे लगाए।

### जापान ने क्योटो में 'बर्ड फ्लू' संक्रमण की पुष्टि की

**टोक्या।** जापान के कृषि मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि आनुवंशिक परीक्षण से क्योटो प्रांत के एक फार्म में अत्यधिक संक्रामक 'बर्ड फ्लू' की पुष्टि हुई है। यह इस मौसम में देश में बर्ड फ्लू का नौवा संक्रमण है। कृषि, वानिकी और मत्स्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह संक्रमण क्योटो प्रांत के कामेओका शहर में स्थित एक मुर्गी फार्म में हुआ, जहां लगभग 280000 मुर्गियां हैं।

# मोहम्मद यूनुस से नाराज हुआ अमेरिका

■ शेख हसीना की पार्टी को मिल सकती है प्रतिबंध से राहत

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

एक तरफ बांग्लादेश में कानून व्यवस्था खराब है और अराजकता का माहौल है। वहीं दूसरी तरफ अब अमेरिका भी मोहम्मद यूनुस से नाराज हो गया है। दरअसल अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति ने मोहम्मद यूनुस को पत्र लिखा है। इस पत्र में अमेरिकी सांसदों ने एक राजनीतिक पार्टी पर पूरी तरह से प्रतिबंध को गलत ठहराया है। गौरतलब है कि बांग्लादेश में अवामी लीग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अमेरिका के निचले सदन हाउस आफ रिप्रजेंटेटिव्स की विदेश मामलों की समिति ने मोहम्मद यूनुस को लिखे पत्र में बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं पर भी नाराजगी जाहिर की। पत्र में लिखा गया है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार देश की राजनीतिक पार्टियों के साथ मिलकर ऐसा माहौल बनाए, जिससे देश में निष्पक्ष, मुक्त और शांतिपूर्वक चुनाव हो सकें। लेकिन हमें आशंका है कि ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि अंतरिम सरकार ने राजनीतिक पार्टियों की गति. विधियों को बर्खास्त कर दिया है और साथ ही त्रुटिपूर्ण इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल को भी फिर से शुरू कर दिया है।

# ब्लूबर्ड सफलता में भारतीय मूल के दो लोगों का खास योगदान

## दिल्ली विश्वविद्यालय के शांति गुप्ता कंपनी में मुख्य परिचालन अधिकारी व आईआईटी मद्रास के छात्र रहे श्रीराम जयसिम्हा वाणिज्यिक अनुप्रयोग के मुख्य वैज्ञानिक

**चेन्नई।** इसरो ने भारतीय रॉकेट एलवीएम 3 की मदद से बुधवार को जिस उपग्रह ब्लूबर्ड 6 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया है उसकी निर्माता अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल में भारतीय मूल के दो लोग बड़े ओहदे पर काम कर रहे हैं।

ये हैं दिल्ली विश्वविद्यालय के शांति गुप्ता जो इस कंपनी में मुख्य परिचालन अधिकारी के पद पर हैं और दूसरे हैं आईआईटी मद्रास के छात्र रहे श्रीराम जयसिम्हा जो कंपनी के वाणिज्यिक अनुप्रयोगों के मुख्य वैज्ञानिक के पद पर हैं। गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स) के छात्र रहे थे और बाद में उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से चार्टर्ड अकाउंटेंट का कोर्स भी किया। वह अमेरिका में एक लाइसेंस प्राप्त 'सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट' भी हैं। एएसटी स्पेसमोबाइल के सीओओ के रूप में गुप्ता आपूर्ति श्रृंखला, योजना, लागत प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और मानव संसाधन संच.



ालन सहित कंपनी के वैश्विक कार्यों की देखरेख करते हैं। वे कंपनी के परिचालन को विस्तार देने के लिए रणनीतियों को विकसित और कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेदार हैं। एएसटी स्पेसमोबाइल के अनुसार गुप्ता के पास विकास रणनीतियों को लागू करने, संचालन के विस्तार, व्यावसायिक परिवर्तन, वित्त और लेखा, जोखिम प्रबंधन और उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों के निर्माण का 25 वर्षों का वैश्विक अनुभव है। वे सितम्बर 2021 में मुख्य लेखा अधिकारी के रूप में कंपनी में शामिल हुए थे। एएसटी स्पेसमोबाइल से जुड़ने से पहले गुप्ता 2014 से न्यूयॉर्क में अर्न्स्ट एंड यंग के साथ बतौर पार्टनर कार्यरत थे। दूसरी ओर, श्रीराम ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी-टेक और और रेंसलेयर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट, यूएसए से एम-एस- की डिग्री प्राप्त की है। उनके पास वैश्विक दूरसंचार बाजारों के लिए आईपी निर्माण और उत्पाद डिजाइन का 30 वर्षों का सफल ट्रैक रिकॉर्ड है।

## नजीर, चंद्रबाबू और जगनमोहन ने एलवीएम3 एम6 के सफल प्रक्षेपण पर दी बधाई

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो वैज्ञानिकों को बधाई दी है। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से बुधवार को इस प्रक्षेपण में ब्लू बर्ड-6 उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया गया।नजीर ने कहा कि अगली पीढ़ी के संचार उपग्रह ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 को ले जाने वाला एलवीएम3 मिशन देश के लिए एक नया मील का पत्थर है, क्योंकि यह भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह है।

# अमेरिका ने भारत सरकार को आगाह किया

## कहा: चीन दोहरी चाल चल रहा, एक तरफ दिल्ली से रिश्ते सुधारने की कोशिश, दूसरी तरफ पाक को हथियार दे रहा

**बीजिंग अरुणाचल के मुद्दे को पेंटागन ताइवान और साउथ चाइना सी के बराबर तवज्जो देता है**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत को चीन की दोहरी रणनीति को लेकर चेता. वनी दी है। पेंटागन की 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन एक तरफ भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ सैन्य सहयोग बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर 2024 में भारत और चीन ने एलएसी पर बचे हुए टकराव वाले इलाकों से पीछे हटने पर सहमति जताई थी। हालांकि, पेंटागन का आकलन है कि चीन का मकसद भारत के साथ रिश्तों को सामान्य करके उसे अमेरिका के और करीब जाने से रोकना है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत-चीन के बीच भरोसे की कमी अब भी बनी हुई है। दोनों के बीच अरुणाचल प्रदेश को लेकर विवाद बड़ा मुद्दा है। चीन अरुणाचल को अपना हिस्सा बताता रहा है, जो भारत की संप्रभुता को सीधी चुनौती है। बीजिंग अरुणाचल के मुद्दे को ताइवान और साउथ चाइना सी के बराबर तवज्जो देता है। पेंटागन ने पाकिस्तान में चीन की बढ़ती सैन्य भूमिका पर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन 2020 से अब तक पाकिस्तान को 36 जे-10सी लड़ाकू विमान दे चुका है। इसके अलावा दोनों देश मिलकर जेएफ-17 फाइटर जेट बना रहे हैं। पाकिस्तान को चीनी ड्रोन और नौसैनिक उपकरण भी मिल रहे हैं। दिसम्बर 2024 में चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त आतंकवाद-रोधी सैन्य अभ्यास भी किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भविष्य में पाकिस्तान में चीनी सैन्य ठिकाने बन सकते हैं, जिससे भारत की सीमाओं के पास चीन की मौजूदगी बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत से जुड़े मोर्चे को देखने वाली चीन की वेस्टर्न थिएटर कमांड ने 2024 में ऊंचाई वाले इलाकों में विशेष सैन्य अभ्यास किए। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत दुनिया के 21 देशों में नए मिलिट्री बेस बनाने की योजना पर काम कर रही है। इनका मकसद चीन की नेवी और एयरफोर्स को दूर देशों तक आपरेशन करने में मदद देना और वहां आर्मी तैनात करना है। यह जानकारी अमेरिकी डिफेंस डिपार्टमेंट 'पेंटागन' की रिपोर्ट में सामने आई है। पीएलए की सबसे ज्यादा दिलचस्पी उन इलाकों में है, जहां से दुनिया का अहम समुद्री व्यापार गुजरता है, जैसे मलक्का स्ट्रेट, होरमुज स्ट्रेट और अफ्रीका व मिडिल ईस्ट के कुछ स्ट्रैटेजिक पाइंट्स। एक्सपर्ट्स के मुता. बिक, चीन के ये विदेशी सैन्य ठिकाने सिर्फ सैन्य मदद के लिए नहीं, बल्कि खुफिया जानकारी जुटाने के लिए भी इस्तेमाल हो सकते हैं। ऐसा लाजिस्टिक नेटवर्क अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सेनाओं की एक्टिविटी पर नजर रखने में मदद कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये एक्टिविटीज ज्यादातर सीक्रेट और तकनीकी तरीके से होंगी, जिन्हें मेजबान देशों के लिए पकड़ना मुश्किल होगा। इससे चीन को अमेरिका और उसके साझेदार देशों की सैन्य गतिविधियों की बेहतर जानकारी मिल सकेगी। इसके साथ ही, चीन अपने विदेशी सैन्य ढांचे के लिए कमांड और कंट्रोल सिस्टम भी मजबूत कर रहा है, ताकि दूर-दराज के इलाकों में मौजूद अपने ठिकानों को बेहतर तरीके से आपरेट किया जा सके। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि चीन का यह कदम ग्लोबल लेवल पर उसकी सैन्य ताकत और प्रभाव बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी कोशिश है। पिछले 25 सालों से अमेरिकी संसद रक्षा विभाग (पेंटागन) से हर साल एक रिपोर्ट तैयार करवा रही है, जिसमें चीन की सैन्य ताकत और उसकी रणनीति पर नजर रखी जाती है। इन रिपोर्टों में बताया गया है कि कैसे चीन लगातार अपनी सेना को मजबूत कर रहा है और अपनी ग्लोबल रोल बढ़ा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय चीन की सेना का मुख्य फोकस श्फर्स्ट आइलैंड चेनश पर है।

## अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की बार्डर पेट्रोल पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोग अमेरिका में कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस लेकर ट्रक चला रहे थे।

बार्डर पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत इन लोगों को पकड़ा। यूएस कस्टम और बार्डर प्रोटेक्शन विभाग ने एक बयान जारी कर बताया कि बार्डर पेट्रोल एजेंट्स ने कैलिफोर्निया के अल सेंट्रो सेक्टर में 49 अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस मिले हैं। कस्टम एजेंसी ने बताया कि अप्रवासन चेक पाइंट पर जांच के दौरान ये लोग पकड़े गए। कस्टम विभाग ने बताया कि 23 नवम्बर से 12 दिसम्बर तक चले अभियान में कुल 42 अवैध अप्रवासी पकड़े गए हैं, जो कमर्शियल ड्राइविंग



लाइसेंस पर ट्रक चला रहे थे। पकड़े गए लोगों में से 30 भारतीय नागरिक हैं। वहीं दो लोग अल सल्वाडोर के और बाकी चीन, एरीट्रिया, हैती, होंडुरास, मैक्सिको, रूस, सोमालिया, तुर्किये और यूक्रेन के निवासी हैं। एजेंसी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में से 31 को कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस कैलिफोर्निया राज्य की सरकार ने जारी किए थे। आठ लाइसेंस फ्लोरिडा, इलिनोइस, इंडियाना, ओहायो, मैरीलैंड, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयार्क, पेंसिल्वेनिया और वाशिंगटन ने जारी किए थे।

# हादी के भाई का मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप

■ कहा: उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई

**ढाका।** बांग्लादेश के चर्चित छात्र नेता और इंकिलाब मंचो के संयोजक शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद देश की राजनी. ति में भूचाल आ गया है। मृतक के भाई ओमर हादी ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई। ओमर हादी का दावा है कि सत्ता में बैठे लोगों के एक गुट ने जानबूझकर इस हत्या को अंजाम दिया, ताकि चुनावी माहौल को अस्थिर किया जा सके और राजनीतिक फायदा उठाया जा सके।

ढाका के शाहबाग इलाके में राष्ट्रीय संग्रहालय के सामने आयोजित शहीदी शपथ कार्यक्रम में बोलते हुए ओमर हादी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार के अनुसार, उन्होंने कहा यह आप ही हैं जिन्होंने उस्मान हादी को मरवाया और अब उसी मुद्दे को लेकर चुनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर मौजूद एक खास गुट ने साजिश रचकर इस हत्या को अंजाम दिया। बता दें कि उस्मान हादी आगामी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार थे। ओमर हादी का यह भी आरोप है कि उनके भाई की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि उन्होंने किसी भी एजेंसी या विदेशी आकाओं के आगे झुकने से इन्कार कर दिया था। ओमर हादी ने अंतरिम सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके भाई के हत्यारों को जल्द सजा नहीं दी गई, तो यूनुस सरकार का अंजाम भी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जैसा हो सकता है। उन्होंने कहा हत्यारों पर जल्द मुकदमा चलाएं, ताकि चुनावी माहौल खराब न हो। सरकार अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं दिखा पाई है। अगर उस्मान हादी को न्याय नहीं मिला, तो आपको भी एक दिन बांग्लादेश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा। गौरतलब है कि 32 वर्षीय शरीफ उस्मान हादी पर ढाका में एक मस्जिद से बाहर निकलते समय गोली चलाई गई थी। गंभीर रूप से घायल हादी को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया, जहां 19 दिसम्बर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया।



प्रयागराज। कड़ाके की ठंड और धुंध भरी सुबह में मजदूर एक कार्यक्रम स्थल का स्टेअप हटते हुए।

## भारत के हमलों पर आपत्ति, तो अफगान पर हमला क्यों: पाक धर्मगुरु

**नई दिल्ली।** पाक के कई धर्मगुरुओं और अलग-अलग पंथों के प्रतिनिधियों ने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमला करने के लिए नहीं करना चाहिए और न ही पाकिस्तान को अफगानिस्तान में हमले करने चाहिए। धर्मगुरुओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि अफगानिस्तान को टीटीपी जैसे समूहों का सुरक्षित स्थान बनाना न सिर्फ दोनों देशों के की स्थिरता के लिए खतरा है, बल्कि दोनों देशों के रिश्तों को भी प्रभावित

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स में ट्रम्प पर रेप का आरोप

## सरकार बोली: सबूत नहीं, गोली लगने से महिला की संदिग्ध मौत हुई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर रेप के आरोप लगे हैं। इस पर जस्टिस डिपार्टमेंट का कहना है कि ये आरोप बिना सबूत के हैं, इन्हें सच नहीं माना जाना चाहिए। मंगलवार रात को इस मामले से जुड़े करीब 30 हजार पन्नों के नए दस्तावेज जारी किए हैं।

इनमें एक महिला का दावा शामिल है कि ट्रम्प और एपस्टीन दोनों ने उसके साथ गलत काम किया था। इसके अलावा एक ड्राइवर का बयान भी है, जिसने कहा कि उसने ट्रम्प और एपस्टीन को एक लड़की के साथ दुर्व्यवहार की बात करते सुना था। हालांकि, फाइलों में यह नहीं बताया गया कि एफबीआई ने इन बातों की जांच की या नहीं। बताया गया है कि आरोप लगाने वाली महिला की बाद में गोली लगने से संदिग्ध मौत हो गई थी।



■ ये आरोप झूठे और सनसनी फैलाने वाले हैं: जस्टिस डिपार्टमेंट

जस्टिस डिपार्टमेंट ने जोर देकर कहा है कि इन दस्तावेजों में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि ट्रम्प को किसी अपराध का आरोपी माना गया हो या उनके खिलाफ कोई आधिकारिक जांच चली हो। विभाग के मुताबिक, ट्रम्प और एपस्टीन की जान-पहचान जरूर थी और वे कुछ समय तक एक-दूसरे से मिलते रहे थे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ट्रम्प किसी अपराध में शामिल थे। जस्टिस डिपार्टमेंट ने कहा कि ये आरोप झूठे और सनसनी फैलाने वाले हैं। अगर इन दावों में थोड़ी भी सच्चाई होती, तो 2020 के चुनाव के समय इन्हें ट्रम्प के खिलाफ जरूर इस्तेमाल किया जाता। वहीं दूसरी ओर, विपक्षी डेमोक्रेट नेताओं का कहना है कि इन फाइलों से एपस्टीन और ट्रम्प के रिश्ते पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने जस्टिस डिपार्टमेंट पर सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया है। इन फाइलों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का सैकड़ों बार जिक्र है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, ट्रम्प का नाम ज्यादातर बार किसी खबर या रिकार्ड के तौर पर दर्ज है, लेकिन कुछ दस्तावेज सीधे तौर पर ट्रम्प से जुड़े हैं। इनमें जनवरी 2020 का एक ईमेल भी शामिल है। इस ईमेल में कहा गया है कि ट्रम्प ने 1993 से 1996 के बीच एपस्टीन के निजी विमान से आठ उड़ानें भरी थीं।




## संबंधों के लिहाज से बीता साल भारत के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा

# अमेरिका के साथ संबंधों में आई खटास

**नई दिल्ली।** विभिन्न देशों के साथ संबंधों के लिहाज से बीता साल भारत के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां ट्रंप की टैरिफ नीति ने अमेरिका के साथ दो दशक पुराने संबंधों की नींव हिला दी वहीं पुराने दोस्त रूस के साथ संबंधों को नई मजबूती मिली।

पड़ोसी देशों में चीन के साथ पिछले पांच वर्षों से संबंधों में चला आ रहा गतिरोध दूर हुआ और अफगानिस्तान के साथ भी रिश्तों में गरमाहट आई जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध और भी बदतर हो गए तथा बंगलादेश भी पाकिस्तान के साथ पींग बढ़ाते हुए भारत विरोध की राह पर चल पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने विश्व के विभिन्न हिस्सों तक भारत के संबंधों का दायरा बढाने और



■ पुराने दोस्त रूस के साथ दोस्ती हुई और मजबूत, चीन के साथ गतिरोध हुए दूर

लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को प्रगाढ बनाने के लिए अनेक देशों की द्विपक्षीय यात्रा की और सभी प्रमुख बहुपक्षीय मंचों, अंतर्राष्ट्रीय समूहों और सम्मेलनों में भागीदारी की। मोदी ने इस वर्ष फ्रांस, अमेरिका, जापान, चीन, ब्रिटेन, ब्राजील, कनाड़ा, मालदीव, दक्षिण अफ्रीका, जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान जैसे देशों की यात्रा की। दुनिया के कई प्रमुख नेताओं ने वर्ष के दौरान भारत की यात्रा की जिनमें रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, सिंगापुर, मॉरिशस, भूटान और फिजी के प्रधानमंत्री तथा इंडोनिशया, फिलिपींस, प्राग्वे, अंगोला और चिली के राष्ट्रपति शामिल हैं। सबसे बड़ी वैश्विक शक्ति अमेरिका के साथ पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से चले आ रहे मजबूत तथा सामरिक संबंधों में संबंधों में दरार आना इस वर्ष भारत के लिए सबसे बड़ा झटका रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति ने भारत के साथ संबंधों की चूलें हिला दी। ट्रंप के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराने के बार-बार के दावों से भी दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई। मोदी और ट्रंप भले ही टेलीफोन पर निरंतर संपर्क में हैं लेकिन पिछले दस महीने से संभावनाओं के बावजूद दोनों के बीच व्यक्तिगत मुलाक. ात नहीं हुई है और टैरिफ मुद्दे का भी समाधान नहीं हो सका है। अमेरिका ने एच 1 बी वीजा से संबंधित नियमों में जो बदलाव किए हैं उसका भी सबसे अधिक प्रभाव भारतीय नागरिकों पर पड़ने की संभावना है। दूसरी बड़ी शक्ति रूस के साथ संबंधों को लेकर यह साल कहीं बेहतर रहा और पिछले कुछ वर्षों से संबंधों में चली आ रही शिथलता को इस बार गरमाहट मिली और दोनों देशों ने समय की कसौटी पर परखी हुई दोस्ती को अनेक समझौतों से नई ताकत दी।

# कनाडा में भारतीय मूल की महिला की हत्या

**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो में पुलिस ने शनिवार को मिले एक महिला के शव की पहचान भारतीय मूल की 30 वर्षीय हिमांशी खुराना के रूप में की है। सीबीसी की ओर से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को संदेह है कि यह पति/पुरुष मित्र द्वारा हिंसा का मामला है। रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि शुक्रवार रात को उन्हें स्ट्रैचन एवेन्यू और वेलिंगटन स्ट्रीट डब्ल्यू इलाके में एक लापता व्यक्ति की रिपोर्ट मिली थी। पुलिस को शनिवार सुबह करीब 06:30 बजे एक लापता महिला का शव घर में मिला। इस बीच टोरंटो में भारतीय दूतावास ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर परिवार की हर संभव मदद कर रहा है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हम टोरंटो में एक युवा भारतीय नागरिक, सुहिमांशी खुराना की हत्या से बहुत दुखी और हैरान हैं। दुख की इस घड़ी में हम उनके शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों से दूतावास इस मामले पर लगातार नज़र रखे हुए है।

